



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 केंद्रीय गृह मंत्री से मिले शाहनवाज, विस चुनाव ...

साई किशोर यजुवेंद चहल का काउंटी... 11



वर्ष : 13 ■ अंक : 114 ■ पटना, शनिवार, 02 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,01,370 |
| चांदी | 1,10,000 |
| संसेक्स | 81,185 |
| निफ्टी | 24,768 |

### मुख्यमंत्री ने राजापुर डीपीएस का किया निरीक्षण



पटना। पटना की विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुडको कार्यालय राजापुर पुल स्थित ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। जलजमाव को लेकर बुडको एवं नगर निगम के कार्यों की समीक्षा कर विशेष एहतियात बरतने का भी निर्देश दिया। मौके पर अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ, भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव कुमार रवि, प्रमंडलीय आयुक्त चंद्रशेखर सिंह, बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पाराशर, पटना के जिलाअधिकारी त्याग राजन एम एस भी मौजूद रहे।

### उमर को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते देखना अच्छा लगा: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने जाते देखकर अच्छा लगा। उनकी यह यात्रा एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश देती है और हमारे साथी भारतीयों को भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करने के लिए प्रेरित करेगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, श्री उमर अब्दुल्ला जी को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने जाते देखकर अच्छा लगा। उनकी यह यात्रा एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश देती है और हमारे साथी भारतीयों को भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करने के लिए प्रेरित करेगी। इससे पूर्व उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में केवडिया यात्रा के फोटो साझा करते हुये कहा, एक पर्यटन कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद में रहते हुए, मैंने यहाँ होने का लाभ उठाते हुए प्रसिद्ध साबरमती रिवरफ्रंट सैरगाह पर अपनी सुबह की दौड़ लगाई।

**सीएम नीतीश ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट कर जानकारी को किया साझा**

# सरकार का बड़ा फैसला : सहायक कर्मियों के मानदेय में दोगुनी बढ़ोत्तरी

**रसोइयां, रात्रि प्रहरी एवं शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा**

- शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार कर रहे हैं काम : नीतीश
- रसोइयां का मानदेय 1650 रूपए से बढ़कर 3300
- रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5 हजार से बढ़कर 10 हजार
- शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8 हजार से बढ़कर 16 हजार



प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को एक और बड़ा ऐलान किया। दावा किया कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करते हुए 1650 रूपए से 3300 रूपए करने का निर्णय लिया गया है। सीएम नीतीश ने एक्स पोस्ट में कहा, नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4,366 करोड़ रुपए था जो अब बढ़कर 7,7690 करोड़ रुपए हो गया है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नए विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। एक्स पोस्ट में आगे कहा, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने इन कर्मियों की मानदेय राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है। सरकार की ओर से लिए गए निर्णयों के अनुसार मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों का मानदेय 1,650 रुपए से बढ़ाकर 3,300 रुपए प्रति माह कर दिया गया है। माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5,000 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है। शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8,000 रुपए से बढ़ाकर अब 16,000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है। इसके साथ ही इन अनुदेशकों की वार्षिक वेतन वृद्धि भी 200 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस निर्णय से इन कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक उत्साह एवं लगन से अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। इससे पहले 30 जुलाई को सीएम नीतीश ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकताओं के अहम योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का ऐलान किया था। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट के जरिए कहा था, ह्लआशा कार्यकताओं को अब 1 हजार रुपए की जगह 3 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही ममता कार्यकताओं को प्रति प्रसव 300 रुपए की जगह 600 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, इससे उनका मनोबल और बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

## ब्रिटेन व अमेरिका ने 5852 भारतीयों को किया निर्वासित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बीते पांच साल में अमेरिका एवं ब्रिटेन से 5852 भारतीयों को अवैध प्रवासन के मामले निर्वासित किया गया है जिसमें वर्ष 2025 में दोनों देशों से निर्वासित 1834 लोग शामिल हैं। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सदस्य कनिमोझी और तृणमूल कांग्रेस की सदस्य माल राय के सवाल के जवाब में विदेश राज्यमंत्री ने बताया कि बीते 5 साल (2020-2024) के दौरान ब्रिटेन ने 311 और अमेरिका ने 5541 भारतीयों को निर्वासित किया है। इसके अलावा वर्ष 2025 में ब्रिटेन ने अब तक 131 और अमेरिका ने 1703 भारतीयों को निर्वासित किया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका से इस वर्ष निर्वासित किए गए लोगों में 1562 पुरुष और 141 महिलाएं हैं। राज्यवार विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि निर्वासित भारतीयों में सर्वाधिक पंजाब-620, हरियाणा-604, गुजरात-245, उत्तर प्रदेश-38, गोवा-26, महाराष्ट्र-20, दिल्ली-20, तेलंगाना-19, तमिलनाडु-17, आंध्र प्रदेश-12, उत्तराखंड-12, हिमाचल प्रदेश-10, जम्मू एवं कश्मीर-10, केरल-8, चंडीगढ़-8, मध्य प्रदेश-8, राजस्थान-8, पश्चिम बंगाल-6, कर्नाटक-5, ओडिशा-1, बिहार-1, झारखंड-1 हैं। जबकि 6 लोगों के बारे में अभी कोई विवरण नहीं है।

**सीएम ने 'एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप-2025' के 'शुभंकर' एवं 'लोगो' का किया अनावरण**

# 'एशिया रग्बी' टूर्नामेंट बिहार की खेल संस्कृति को वैश्विक पटल पर ले जाएगा : नीतीश

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार के राजगीर में पहली बार आयोजित होनेवाली 'एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप-2025' के 'शुभंकर' एवं 'लोगो' का अनावरण किया। अनावरण के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार पहली बार 'एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप-2025' का आयोजन कर रहा है। आज प्रतियोगिता के 'प्रतीक' एवं 'शुभंकर' का अनावरण किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के खिलाड़ी रग्बी में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए बहुत तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। रग्बी खेल बिहार में काफी लोकप्रिय है तथा इस खेल के आयोजन से युवाओं में अच्छा संदेश जायेगा। यह टूनार्मेंट न केवल बिहार की खेल संस्कृति को वैश्विक पटल पर ले जाएगा, बल्कि एशिया के रग्बी जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। ज्ञातव्य है कि बिहार पहली बार 'एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप-2025' का आयोजन 09 एवं 10 अगस्त, 2025 को राज्य खेल अकादमी-सह-बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के परिसर में खेल विभाग, बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है। राजगीर के इस खेल परिसर में राज्य सरकार ने कई प्रकार के खेलों के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता आयोजन हेतु विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की हैं। हाल में ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत कई खेलों का आयोजन इस खेल परिसर में हुआ।

### कुल 9 टीमें ले रही भाग

प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ चीन, संयुक्त अरब अमीरात, हाँगकांग, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया एवं नेपाल की टीमें यानी कुल 9 टीमें भाग ले रही हैं। सभी टीमें राजगीर में ही ठहरेंगी। इस खेल के आयोजन के लिए राज्य मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2025 को 4.08 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है।

शुभंकर 'अशोक' का नाम सम्राट अशोक से प्रेरित है जो नेतृत्व, दूरदृष्टि और परिवर्तन का प्रतीक है। यह नाम केवल गौरवशाली इतिहास का स्मरण नहीं दिलाता बल्कि खेल की उन मूल भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है जो अनुशासन, साहस और संकल्प से जुड़ी हैं।

अशोक को एक खरगोश के रूप में तेज, सतर्क और फुतीर्ला रूपांकित किया गया है। रग्बी जैसे तेज गति के खेल में यही गुण सबसे अहम होते हैं। खिलाड़ियों की चुस्ती और गति, खेल की रफ्तार और रणनीति की सटीकता का प्रतीक है। अशोक का कवच, शिरस्त्राण और ढाल उसकी तैयारी, आत्मबल और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक हैं। हाथ में पकड़ा रग्बी बॉल यह बताता है कि अब उसका युद्ध का मैदान खेल है जहां हर कदम पर साहस, दृढ़ता और रणनीति की जरूरत है। अशोक सिर्फ एक शुभंकर नहीं है। वह एक संदेश है कि बिहार अब केवल इतिहास में नहीं, खेल के भविष्य में भी नेतृत्व करेगा। वह युवाओं की ऊर्जा, बिहार की महत्वाकांक्षा और इस टूनार्मेंट की भावना का प्रतिनिधि है।

बिहार के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। पहली बार प्राचीन नगरी राजगीर में 'एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप-2025' का भव्य आयोजन 9 और 10 अगस्त 2025 को होगा। इसमें 8 पुरुष और 8 महिला टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें भारत, हांगकांग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया (केवल पुरुष) और नेपाल (केवल महिला) जैसे शीर्ष एशियाई देश शामिल हैं। 7 अगस्त से सभी टीमें राजगीर पहुंचेंगी, जहां बिहार की आतिथ्य परंपरा का अनुभव करेंगी। 8 अगस्त को राजगीर खेल परिसर के कबड्डी हॉल में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह इस आयोजन की शान बढ़ाएगा। सभी टीमें राजगीर में ही ठहरेंगी, जिससे स्थानीय संस्कृति और रग्बी का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। एशिया के 32 रग्बी खेलने वाले देशों में से केवल शीर्ष 8 रैंकिंग वाली टीमें ही इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भाग लेती हैं, जो इसकी महत्ता को रेखांकित करता है।

### बिहार के लिए यह आयोजन गर्व का विषय

बिहार के लिए यह आयोजन गर्व का विषय है, क्योंकि रग्बी राज्य की 14 प्राथमिकता वाले खेलों में शामिल है। भारतीय रग्बी टीम में बिहार के खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। हाल ही में नेशनल गेम्स में बिहार की महिला टीम ने रजत पदक जीता, जबकि स्कूल गेम्स में बालक और बालिका टीमों ने जूनियर, सब जूनियर और सीनियर वर्गों में चौंपियनशिप हासिल कर रग्बी में बिहार का परचम लहराया। यह चैंपियनशिप बिहार के उभरते खिलाड़ियों को वैश्विक मंच प्रदान करेगी और रग्बी के प्रति युवाओं में उत्साह जगाएगी। राजगीर में होने वाला यह आयोजन बिहार की खेल यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जो विश्व भर में राज्य की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

राजगीर में आयोजित 'एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप-2025' का यह 'लोगो' बिहार राज्य की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक विविधता और खेल संस्कृति का जीवंत प्रतीक है।

इस 'लोगो' में प्रयुक्त रंग नीला, हरा और मिट्टी का रंग, बिहार की प्रकृति, संस्कृति और जीवन ऊर्जा को व्यक्त करता हैं। आधुनिक रेखांकन शैली इसे समकालीन बनाते हैं, जबकि प्रतीकात्मकता इसे गहरायी देती है। यह डिजाइन सिर्फ एक पहचान नहीं, बल्कि बिहार की आत्मा का रचनात्मक चित्रण है साथ ही परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने पुस्तक एवं प्रतीक चिह्न तथा रग्बी इंटरनेशनल एथलीट आरती सिन्हा एवं गौरव कुमार ने प्रतीक चिह्न भेंट किया।

कार्यक्रम के दौरान रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने हाल के दिनों में रग्बी खेल में बिहार के प्रदर्शन की काफी सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुये कहा कि आपके नेतृत्व में बिहार ने खेल के क्षेत्र में भी काफी प्रगति की है। यहां खेलों के विकास के लिए बेहतर आधारभूत संरचना निर्माण कराया गया है। बिहार सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है।

## चुनाव आयोग करवाता है वोट चोरी, हमारे पास हैं सबूत : राहुल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है और इसके उनके पास पर्याप्त सबूत हैं लेकिन जो यह चोरी करवा रहे हैं उनका यह काम देशद्रोह हैं और ऐसे लोगों को खोज निकालेंगे। श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत-प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव आयोग यह काम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल है कि आयोग किसके लिए करा रहा है यह वोट चोरी, इसका जवाब है कि भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा, में मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था। चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई। इस जांच में छह महीने लगे और जो हमें मिला है- वह एटम बम है। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे।

## शिकायत पर स्पर्श पोर्टल पर होती है त्वरित कार्रवाई : रक्षा राज्य मंत्री

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि सेनाओं में काम करने वाले सिविलियन पेंशनभोगियों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता है और उन्हें नियमानुसार दस्तावेजों के आधार पर पेंशन मुहैया करायी जाती है। रक्षा राज्य मंत्री अजय सेठ ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य जयप्रकाश द्वारा पूछे गये एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। जयप्रकाश ने सशस्त्र बल मुख्यालय के सिविलियन पेंशनभोगियों की शिकायतों को कम करने के लिए सरकार द्वारा की गई-कार्रवाई का ब्योरा मांगा था। सशस्त्र बल मुख्यालय के सिविलियन पेंशनभोगियोंसे संबंधी शिकायतों को लेकर पूछे गये इस सवाल पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि स्पर्श पोर्टल पर पेंशनभोगियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों अथवा विभाग के पास उपलब्ध संबद्ध दस्तावेजों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। सेठ ने कहा कि स्पर्शपोर्टल पर संराशिकृत मूल्य की अंतिम तिथि को अद्यतन किए जाने के संबंध में पेंशनभोगियों द्वारा किए गए अनुरोधों पर उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अथवा विभाग के पास उपलब्ध संबद्ध दस्तावेजों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि पीसीडीए (पी) प्रयागराज ने स्पर्श पोर्टल पर पेंशनभोगियों के डेटा को अद्यतन करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है। सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविलियन पेंशनभोगियों के संबंध में, पीसीडीए पेंशन कार्यालय ने संराशिकृत मूल्य की अंतिम तिथि अदद्यतित किया है और लगभग 240 मामलों में की गई अधिक वसूली को वापस भी कर दी है।

## बिहार: एसआईआर का पहला ड्राफ्ट जारी

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। चुनाव आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद पहला संशोधित वोटर लिस्ट ड्राफ्ट शुक्रवार को जारी कर दिया है। बिहार के 38 जिलाधिकारियों ने गुरुवार को 243 विधानसभा क्षेत्रों के 90,817 मतदान केंद्रों के लिए तैयार मतदाता सूची का प्रारूप मान्यता राजनीतिक दलों के साथ साझा करना शुरू कर दिया है। चुनाव विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारूप को शुक्रवार दोपहर 3 बजे आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया जाएगा, ताकि आम जनता इसे देख सके और सुझाव या आपत्तियां दर्ज करा सके। इस प्रक्रिया का मकसद चुनावों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और हर पात्र मतदाता को उसका अधिकार दिलाना है। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित करें और प्रारूप पर चर्चा करें।

प्रारूप प्रकाशित होने के बाद एक विस्तृत प्रेस नोट जारी किया जाएगा, जिसमें प्रक्रिया के अगले चरणों और समयसीमा की जानकारी होगी। चुनाव आयोग ने यह भी सुनिश्चित करने की बात कही है कि हर जिले में हेल्पलाइन नंबर और सहायता केंद्र सक्रिय रहें, ताकि मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

पिछले कुछ महीनों में, बिहार में मतदाता जागरूकता अभियान भी तेज किया गया, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों के जरिए लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, या सुधारने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इसकी जानकारी गुरुवार (31 जुलाई) को दी थी। उन्होंने कहा, 'बिहार के मतदाताओं, बिहार की मसौदा मतदाता सूची शुक्रवार यानी 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित की जाएगी।

इसे चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी जाकर चेक किया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और 243 निर्वाचक निबंधन अधिकारी उस विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदाता या बिहार के किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक किसी भी छूटे हुए पात्र मतदाता के नाम जोड़ने, किसी भी अपात्र मतदाता के नाम हटाने या मसौदा मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि में सुधार के लिए दावे और आपत्तियां देने के लिए आमंत्रित करेंगे।

**7 अगस्त को जारी होगी अधिसूचना, नामांकन की अंतिम तिथि 21 अगस्त तक**

# उप राष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को होगा चुनाव

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। इसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम की बात करें तो 1974 के नियम 40 के अनुपालन में निर्वाचन आयोग को इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अद्यतन सूची, उनके नवीनतम पते सहित, तैयार करने और बनाए रखने का अधिकार है। इससे पहले चुनाव आयोग ने बताया था कि उसने उप राष्ट्रपति चुनाव, 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इन सदस्यों को एक सतत क्रम में सूचीबद्ध किया गया है। सभी सदस्यों को वर्णमाला क्रम में उनके संबंधित सदनों के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के आधार पर व्यवस्थित किया गया है।

धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया थाः इससे पहले धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी दो साल से ज्यादा का समय बाकी था। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे में लिखा, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

नए उपराष्ट्रपति के पास पूरे पांच साल का कार्यकालः धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय।

ऐसा है दोनों सदनों का गणितः आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

राजनीतिक दलों का गणितः लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें। सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा तथा ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा। इस प्रणाली में मतदाता

## संक्षिप्त खबरें

### बीच हाईवे पर गिरा पेड़, आवागमन और विद्युत आपूर्ति बाधित



फतुहा। शुक्रवार को नदी थाना क्षेत्र में कच्ची दरगाह आलमपुर गांव के पास पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे 106 पर सुबह एक बड़ा पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे लगभग चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क पर करीब 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे गाड़ियां रेंग-रेंग कर चल रही थीं। सुबह 5 बजे से ही गांव में बिजली भी बाधित हो गई है। आलमपुर गांव के राजा कुमार ने बताया कि पेड़ सुबह करीब 5 बजे ही गिरा था। शुरूआती घंटों में एक लेन से गाड़ियां धीरे-धीरे निकल पा रही थीं, लेकिन सुबह 8 बजे के बाद जब दफ्तर और स्कूल जाने वाले लोगों की भीड़ बढ़ी, तो दोनों लेन पूरी तरह से जाम हो गए। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस मौके पर आई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही आरी और कुल्हाड़ी की मदद से पेड़ को काटकर रास्ता साफ करने का प्रयास शुरू कर दिया। वे धीरे-धीरे पेड़ के तने को काटकर अलग कर रहे हैं ताकि यातायात सुचारू हो सके। इस संबंध में, वन परिसर पदाधिकारी मुकेश रंजन ने बताया कि उन्हें पेड़ गिरने की जानकारी मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से पेड़ की छंटाई की है। वहीं, नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया।

### 24 राष्ट्रीय राइफल्स के 31 वां स्थापना दिवस वीर शहीदो को याद करते हुए मनाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत बिहार रेजीमेंट केंद्र के 24 राष्ट्रीय राइफल्स के 31 वां स्थापना दिवस वीर शहीदो को याद करते हुए मनाया गया। बिहार रेजीमेंट केन्द्र के शहीद स्मारक वीर स्मृति पर कार्यक्रम आयोजित कर वीर शहीदो को याद करते हुए सैन्य अधिकारियो व जवानो ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। राष्ट्र की सेवा में अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदो को 24 राष्ट्रीय रायफल के अधिकारी ले कर्नल अंकूर मिश्रा ने वीर स्मृति पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आज ही के दिन 1 अगस्त 1994 को दानापुर छावनी में कर्नल उमेद सिंह के कुशल नेतृत्व में की 24 राष्ट्रीय राइफल्स की स्थापना की गई थी। बटालियन को 2000 में प्रति विद्रोही आपरेशन में कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात किया गया था। जहां अपनी सुझबुझ से आतंकवादियो के मंसूबे को पुरा होने नही दिया। भारी मात्रा में गोला बारूद व हथियार बरामद किया था। बटालियन ने अबातक कई आतंकवादियो को मार गिडाया कई को पकड़े कई आतंकवादियो को आत्म समर्पण कराया। इसके लिए बटालियन थल सेनाध्यक्ष व उतरी कमान प्रमुख के प्रशंसा पात्र बने। आपरेशन रक्षक के दौरान बटालियन को युनिट प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ।

### भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने बड़ी खगौल मंदिर पहुंचे व माता से आशीर्वाद लिया



दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत बड़ी खगौल स्थित देवी मंदिर में श्रावणी पूजन का विशेष आयोजन किया गया। देवी के पारंपरिक गीतो के बीच माता की विधिवत श्रावणी पूजन अर्चना किया गया। श्रावणी पूजन में मुख्य रूप से शामिल होने भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने बड़ी खगौल मंदिर पहुंचे व माता से आशीर्वाद लिया। साथ ही मंदिर में आने वाले श्रद्धालु की समस्या को ध्यान में रखते हुए शेड बनाने को लेकर कार्य आरंभ कराया। उन्होने कहा कि मंदिर मे पूजा अर्चना करने आने वाले बरसात में खासकर महिला श्रद्धालुओ को परेशानी का सामना करना पडता है। जिसको लेकर शेड निर्माण कराने को निर्णय लेते हुए सामाग्री आदि मंगवाया गया है। जल्द ही शेड बन कर तैयार हो जायेगा। पूजा में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, प्रसून गुप्ता, मनोज केशरी, दीपक पासवान, अविनाश उर्फ पिंटू, संतोष यादव, नागेन्द्र कुमार समेत काफी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुए।

# निर्वाचकों की सहायता हेतु सम्पूर्ण निर्वाचन तंत्र तत्पर: डीएम

## प्रारूप मतदाता सूची पर 1 सितम्बर तक दावा एवं आपत्ति दाखिल की जा सकती है

प्रात: किरण, संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि निर्वाचकों की सहायता हेतु सम्पूर्ण निर्वाचन तंत्र सजग एवं तत्पर है। वे आज समाहरणालय स्थित सभागार में सभी मान्यता-प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए 01जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के तहत आज जिलान्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों/विनिर्दिष्ट स्थलों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसकी हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी आप सभी को उपलब्ध करायी गई है। प्रारूप सूची के अनुसार जिलान्तर्गत 14 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों की संख्या 46,51,694 है। 1 अगस्त, 2025 से 1 सितम्बर, 2025 तक दावा एवं आपत्ति दाखिल की जा सकती है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा गृहवार गणना अवधि के दौरान प्राप्त प्रगणन पत्रों पर निर्णय एवं दावों तथा आपत्तियों का साथ-साथ निष्पादन 25 सितम्बर, 2025 तक किया जाएगा। निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितम्बर, 2025 को किया जाएगा। सभी राजनैतिक दलों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में काफी सहयोग प्रदान किया गया है। हम आप सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। साथ ही आप सभी से अपील है कि आप आगे भी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण अभियान का एकमात्र उद्देश्य है कि कोई मतदाता छूटे नहीं। सभी पात्र नागरिक निर्वाचक नामावली में शामिल हों। साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता इसमें न आ पाएँ। इसी मूल सिद्धांत पर अभियान अंतर्गत सभी कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सबके लिए सभी 5,665 बीएलओ एवं 527 बीएलओ सुपरवायजर को विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही सभी 14 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को भी निर्वाचन विभाग की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 अगस्त से 1 सितम्बर तक प्रत्येक दिन सोमवार से रविवार तक लगातार 10 बजे पूर्वाहन से 5 बजे अपराह्न तक सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों (एईआरओ) तथा शहरी निकाय कार्यालयों में विशेष कैम्प लगाया जा रहा है ताकि दावों एवं आपत्तियों का मिशन मोड में गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह विशेष कैम्प पूर्व में संचालित व्यवस्था के अतिरिक्त रहेगी। विशेष कैम्प में ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम किसी कारणवश प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है या 01.07.2025 को अर्हता प्राप्त नागरिक स्वयं प्रारूप-6, घोषणा पत्र (एनेक्चर-डी) एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ समर्पित कर सकते हैं। निर्वाचक अपने नाम के स्थानांतरण/संशोधन हेतु स्वयं प्रारूप-8, घोषणा पत्र (एनेक्चर-डी) एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ समर्पित कर सकते हैं। प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल मतदाताओं के विरूद्ध आक्षेपकर्ता स्वयं प्रारूप-7 में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। दिव्यांग एवं वृद्धजन जिन्हें विशेष कैम्प में पहुँचने में कठिनाई है, उनसे बीएलओ उनके घर जाकर निहित आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे। प्रत्येक कैम्प में संबंधित जिले के कोई भी मतदाता अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। लोगों को कम-से-कम परेशानी हो इसके लिए सम्पूर्ण तंत्र सजग एवं सक्रिय है। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया तथा अपने-अपने सुझावों को रखा गया। सभी प्रतिनिधियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सफलतापूर्वक संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा जिला प्रशासन, पटना के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों के सुझाव पर तथा मतदाताओं की सुविधा हेतु इस रविवार दिनांक 3 अगस्त, 2025 को सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ 9 बजे पूर्वाहन से 5 बजे अपराह्न तक फॉर्म के साथ उपस्थित रहेंगे। साथ ही अगले सप्ताह से हर शनिवार एवं रविवार को 9 बजे पूर्वाहन से 5 बजे अपराह्न तक सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर रहेंगे एवं मतदाताओं की सहायता तथा निर्वाचन संबंधी कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित तौर पर समन्वय रखने एवं साप्ताहिक बैठक करने तथा पुनरीक्षण के क्रम में प्राप्त दावों एवं आपत्तियों से अवगत कराने का निदेश दिया।

### डीएम ने कई स्कूलों का किया औचक निरक्षण



पटना। जिलाधिकारी, पटना द्वारा श्री लाल बहादुर उच्चतर माध्यमिक प्लस टू विद्यालय, मखदुमपुर, पुनपुन, पटना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राचार्य से बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली गई। बच्चे काफी कम संख्या में उपस्थित पाए गए। प्रभारी प्राचार्य द्वारा 100 बच्चों को उपस्थित बताया गया था परन्तु वास्तविक उपस्थिति इससे कम पायी गई। उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पुनपुन से इस संबंध में जानकारी ली गई परन्तु उनके द्वारा अनभिज्ञता जाहिर की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न स्रोतों से पूछताछ में पता चला कि विद्यालय के अधिकांश बच्चे विद्यालय अवधि में कोचिंग चले गए हैं। यह अत्यंत आपत्तिजनक है। जिलाधिकारी ने इस पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को चेतावनी देते हुए उन्हें अपने मूल दायित्वों को रूचिपूर्वक निर्वहन करने का निदेश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पुनपुन के विरूद्ध कार्रवाई एवं स्थानांतरण का प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी को निदेश दिया गया कि अनुमंडल अंतर्गत सभी विद्यालयों के संचालन का नियमित अनुश्रवण करें। जिलाधिकारी द्वारा पुनपुन में ग्रामीणों, किसानों एवं आम लोगों से संवाद स्थापित किया गया। बारा गाँव के किसानों द्वारा ट्रांस्फॉर्मर की समस्या एवं अन्य समस्याओं के बारे में बताया गया। लोगों ने केवड़ा ओपी का निर्माण करने तथा पंचायत सरकार भवन, कल्याणपुर के सम्पर्क सड़क बनाने की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी को विद्युत अभियंता के माध्यम से ट्रांस्फॉर्मर संबंधी शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। साथ ही उन्हें अन्य माँगों पर विधिवत कार्रवाई करने तथा लोगों से नियमित संवाद एवं सम्पर्क स्थापित रखने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा इससे पूर्व परसा-सम्पतचक सड़क के एलाइनमेंट एवं मीठापुर-महुली से परसा-सम्पतचक सड़क के रैम्प के भू-अर्जन कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पुनपुन एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान कई घोषणाएँ की गई है।

# पटना जीपीओ में 2 दिन डाक सेवाएं रहेंगी बाधित



प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। पटना जीपीओ में आईटी 2.0 रोल आउट की प्रक्रिया के अंतर्गत 02 अगस्त 2025 एवं 03 अगस्त 2025 को पटना जी.पी.ओ. में डाक विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली समस्त सेवाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं रहेंगी। यह अस्थायी व्यवस्था सिस्टम अपग्रेडेशन और तकनीकी बदलाव हेतु की गई है ताकि उपभोक्ताओं को भविष्य में अधिक सुगम, पारदर्शी और सशक्त सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जीपीओ ने इस अवधि के दौरान ग्राहकों से अपील किया कि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अग्रिम योजना बनाएं और विभाग को सहयोग प्रदान करें।

## मत्स्य कृषकों के लिए स्वावलंबन का रास्ता: विविध प्रजातियों के पालन को प्रोत्साहन

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। बिहार सरकार द्वारा मत्स्य क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं की शुरूआत, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत मत्स्य प्रभाग के द्वारा की जा रही है। राज्य के मत्स्य कृषकों के लिए देशी मछली पालन का सुनहरा अवसर के तहत मत्स्य प्रजाति का विविधिकरण की योजना शुरू की गई हैं इस योजना का मुख्य उद्येश्य राज्य के जलसंपदाओं में मौजूद देशी प्रजाति के संभाव्य माइनर कार्प एवं कैट फिशह्व की विकसित हैचरी तकनीकी से बीज उत्पादन कर समुचित दर पर मत्स्य कृषकों को उपलब्ध कराना तथा इसके पालन को बढ़ावा देना है। इस योजना का उदेश्य माइनर कार्प एवं वायु-श्वासी मछली को बढ़ावा देना, संरक्षण एवं संवर्द्धन के साथ-साथ मत्स्य उत्पादकता तथा किसानों के वार्षिक आय में वृद्धि एवं सुदूर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस योजनानतर्गत सभी वर्गो के लाभूको एवं सभी अव्यवों के लिए निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है तथा शेष राशि लाभार्थी के द्वारा स्वयं अथवा बैंक ऋण से वहन किया जाएगा। मत्स्य प्रजाति का विविधिकरण की योजना के तहत जिन चार श्रेणियों में अनुदान दिया जाता है, उसमें पहली श्रेणी माइनर कार्पा हैचरी का अधिष्ठापन पर इकाई लागत इनपुट सहित रुपए 13.12 लाख प्रति इकाई है। वहीं दूसरी श्रेणी कैटफिश का अधिष्ठापन पर ईकाई लागत इनपुट सहित रुपए 15.37 लाख प्रति ईकाई, तीसरी श्रेणी माइनर कार्प पालन मात्स्यिकी की योजना है, इसमें ईकाई लागत इनपुट सहित रुपए 0.94 हजार प्रति इकाई है, तथा चौथी श्रेणी में कैट फिश एवं अन्य मछलियों की ह्रपालन मात्स्यिकीह्व की योजना है, जिसमें इकाई लागत रुपए 1.35 लाख प्रति इकाई है। यह योजना राज्य के सभी जिलों में क्रियान्वित है। इस योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन प्राप्त की जा रही है, तथा आवेदक के द्वारा हैचरी अथवा पालन मात्स्यिकी में से किसी एक अवयव का ही आवंटन सब्सिडी हेतु अनुमान्यता होगी साथ ही एक व्यक्ति प्रति परिवार को अधिकतम 01 एकड़ तथा न्यूनतम 0.25 एकड़ जलक्षेत्र की आवश्यकता होगी। सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक पर आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी बेबसाइट उस पर अथवा जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# सफलता का कोई शॉर्टकर्ट नहीं होता, छोटे - छोटे कार्यों को भी बेहतरीन ढंग से करें



- आईआईटी पटना में नवप्रवेशित यूजी छात्रों के लिए आयोजित तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उद्घाटन में बोले निदेशक प्रो. टी एन सिंह

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना: आईआईटी पटना में शुक्रवार को नवप्रवेशित अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन और इन्डक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आईआईटी पटना के शैक्षणिक परिवेश, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, परिसर संसाधनों और संस्थागत सहयोग प्रणालियों से नए छात्रों को परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित उक्त ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईओसीएल के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा, आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी.एन. सिंह, डीन एवं कुलसचिव प्रो. ए.के. ठाकुर; एसोसिएट डीन डॉ. सुब्रता हैत, डॉ. सुषांत कुमार, डॉ. पी.के. तिवारी, पंजीकरण प्रभारी डॉ. कुलदीप पटेल तथा शैक्षणिक प्रभारी विजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जानकारी के मुताबिक संस्थान में इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 783 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है, जिनमें 622 छात्र और 161 छात्राएँ शामिल हैं। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने और सफलता हेतु सक्रिय प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। वहीं निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें एक नई यात्रा शुरू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, छोटे-छोटे कामों को भी बेहतरीन तरीके से करें। जीवन में अल्पविराम और अर्धविराम तो हमेशा मौजूद रहते हैं, लेकिन पूर्ण विराम स्वीकार्य नहीं होगा। आपको निरंतर सीखते रहना चाहिए। जीवन तभी सार्थक होगा जब आपको खुद को तैयार करने और उद्देश्यपूर्ण ढंग से खुद को बदलने का अवसर मिलेगा।प्रो. ए. के. ठाकुर ने कहा कि बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान का केंद्र रही है। आईआईटी पटना एक आधुनिक संस्थान है जो तकनीक और नवाचार के साथ छात्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। एसोसिएट डीन (यूजी) डॉ. सुषांत कुमार ने छात्रों को आगामी शैक्षणिक योजना की जानकारी दी। अगले दो दिनों में छात्र संवादात्मक सत्रों और परिसर भ्रमण में भाग लेंगे, जिसमें उन्हें शैक्षणिक विभागों, प्रयोगशालाओं, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्र गतिविधि केंद्र, करियर विकास संसाधनों, खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्र और उनके परिवार संस्थान परिसर में उत्साह, गर्व और खुशी से ओत-प्रोत नजर आए।

## स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया

प्रात: किरण, संवाददाता



दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार का शुरू किया गया विशेष अभियान स्वतंत्रता दिवस तक चलाया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा जन जागरूकता को लेकर इस अवसर पर एक विशेष स्लोगन ह्रस्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता जारी किया गया। स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही रेल यात्रियों एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर दानापुर मंडल के मुख्य स्टेशनों पर भी स्वच्छता शपथ एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

# ज्ञान भारती एजुकेशनल काम्प्लेक्स में सावन महोत्सव, बच्चों ने बनाई राखियाँ व सजाई मेहंदी

प्रात: किरण, संवाददाता



नौबतपुर: स्थानीय गौरा जगदीशपुर स्थित ज्ञान भारती एजुकेशनल काम्प्लेक्स में शुक्रवार को सावन महोत्सव मनाया गया मौके पर स्कूली छात्राओं के बीच राखी और मेहंदी बनाने की प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियां बनाई व सहपाठियों तथा शिक्षकों के कलाई पर राखियां बांधी। वहीं शिक्षकों ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व का महत्व भी बताया छात्राओं ने अपने घर से लाए गए विभिन्न सामग्रियों से जबकि कुछ छात्राओं ने रेशम और कॉटन के धागों से सुंदर राखियां बनाई। वहीं स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन की इस प्रतियोगिता में मेंहदी भी सजाई। छात्राओं ने बड़े ही सलीके से अपने हाथों पर मेहंदी सजाई थीं दूसरी ओर संस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने खूब ठुमके लगाए।

# पटना की डॉ. राज सिन्हा कनाडा में ऑनलाइन शिक्षण सुरक्षा पर अभूतपूर्व शोध का नेतृत्व करेंगी

## एशियाई देश से एकमात्र पोस्ट डॉक्टरल फेलोशिप के लिए चयनित होने वाली महिला

प्रात: किरण, संवाददाता



पटना: पटना निवासी डॉ राज सिन्हा ने कनाडा में कंप्यूटर विज्ञान में प्रतिष्ठित पोस्ट-डॉक्टरल फेलोशिप के लिए चयनित होकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम के लिए चुनी गई एकमात्र एशियाई शोधार्थी के रूप में, डॉ. सिन्हा की यह उपलब्धि भारत और बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉ. सिन्हा का शोध ऑनलाइन शिक्षण के लिए फेडरेटेड लर्निंग सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण और सामयिक क्षेत्र पर केंद्रित होगा। यह कार्य डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती का सीधा समाधान करता है। शिक्षार्थियों को उनके निजी डेटा की सुरक्षा करते हुए सही कौशल की जानकारी देगी। उनका शोध एक अत्याधुनिक दृष्टिकोण की खोज करेगा जो फेडरेटेड लर्निंग-आधारित कौशल अनुशंसा प्रणाली का उपयोग करता है। यह मॉडल ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म को संवेदनशील, अपरिष्कृत डेटा साझा किए बिना शिक्षार्थियों की बातचीत के आधार पर व्यक्तिगत पाठ्यक्रम सुझाव प्रदान करने की अनुमति देता है। फेडरेटेड सहयोगी फिल्टरिंग और सुदृढीकरण शिक्षण का उपयोग करके, उनका कार्य अनुशंसाओं को अनुकूलित करने, अंततः शिक्षार्थियों की सहभागिता और संतुष्टि में सुधार करते हुए मजबूत डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है। इस अभूतपूर्व शोध में ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म के संचालन को नए सिरे से परिभाषित करने और व्यक्तिगत शिक्षा को और अधिक प्रभावी और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. सिन्हा का चयन उनकी असाधारण प्रतिभा को रेखांकित करता है और वैश्विक अनुसंधान एवं नवाचार में बिहार के विद्वानों के बढ़ते योगदान को उजागर करता है। डॉ राज पटना के प्रसिद्ध कैंसर रोग चिकित्सक स्व.डॉ रंगी प्रसाद सिंह की पौत्री है।डॉ. सिन्हा ज्योति विद्यापीठ से डॉक्टरेट है, जो वर्तमान में पारुल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, कनाडा में कंप्यूटर विज्ञान में पोस्ट-डॉक्टरल अध्ययन करने वाली बिहार की पहली महिला हैं।

# लोकमंच ने मनाई अमर सिंह की पुण्यतिथि

प्रात: किरण, संवाददाता



पटना: भारतीय लोकमंच पार्टी की ओर से समाजवादी विचारधारा के पुरोधा, पूर्व सांसद एवं लोकमंच के संस्थापक स्व: श्री अमर सिंह की पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह अभिनेता रक्तविर कुणाल सिकंद द्वारा अमर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदानों को याद किया। कुणाल सिकंद ने अपने संबोधन में कहा: अमर सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारों के क्रांतिकारी योद्धा थे। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित, पिछड़े, और शोषित वर्गों की आवाज बुलंद की। आज जब हम उनकी पुण्यतिथि मना रहे हैं, यह अवसर उनके सपनों को साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का है। उन्होंने आगे कहा कि अमर सिंह का राजनीतिक जीवन सत्ता की कुर्सी के लिए नहीं, बल्कि सिद्धांतों की सेवा के लिए था। चाहे संसद हो या सड़क, वे हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई में सबसे आगे रहे। लोकमंच पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जाति-धर्म उचित नीच की दीवारों को तोड़कर एक समरस और विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र कु० पासवान और वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखते हुए अमर सिंह जी के राजनीतिक जीवन, समाजवाद के प्रति उनके समर्पण और राष्ट्रीय राजनीति में उनकी प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में वैशाली जिला संयोजक अजय कु० रॉय, छात्र प्रदेश संगठन सचिव सह सारण प्रभारी प्रिन्स कुमार सिंह, छात्रा वैशाली जिला संयोजक नवीन कुमार सिंह पूर्व छात्रा वैशाली जिला संयोजक विकास शर्मा, रेखा प्रसाद, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राहुल सिन्हा के साथ सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अमर सिंह के आदर्शों को अपने जीवन और कार्यों में आत्मसात करेंगे तथा लोकमंच को जन-जन की आवाज बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।लोकमंच इस अवसर पर सभी नागरिकों से यह आह्वान करता है कि वे जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर अमर सिंह के विचारों को अपनाएं और एक समतामूलक, न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# कल होगी संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की आपातकालीन बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना।औरंगाबाद के पांडे कर्मा गांव में धान की सैकड़ों एकड़ लहलहाती फसलों को प्रशासन ने रौंदा। 3 अगस्त 2025 को 11 बजे दिन से स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार की आपातकालीन बैठक होगी। 4 अगस्त को एक प्रतिनिधिमण्डल पीड़ित किसानों से मिलने घटना स्थल पर जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार ने प्रशासन की क्रूर एवं निर्मम कार्यवाई की घोर निंदा करते हुए इसमें शामिल सभी अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के नेता दिनेश कुमार,अशोक प्रसाद सिंह,रामायण सिंह,प्रो आनंद किशोर, भूप नारायण सिंह,अनिल कुमार सिंह,आशीष रंजन,भोला यादव,अभिमन्यु सिंह,गोपाल कृष्ण,अशोक कुमार सिंह,हरी लाल सिंह, नरेश यादव,ऋषक राज ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि भारतमाला प्रोजेक्ट के वाराणसी कलकत्ता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे से औरंगाबाद,कैमूर और रोहतास के किसान खासे नाराज और हताश हैं।अधिकांश किसानों को मुआवजा की राशि नहीं मिली, परंतु अधिकारी पी एन सी कंपनी का एजेंट बनकर अक्सर किसी न किसी गांवों पर हमला कर किसानों पर जुल्म ढाती है और किसानों को भयभीत कर रही है।ताकि वे अपने जमीन का मुआवजा मांगना भूल जाए। इसका ताजा उदाहरण पांडे कर्मा और इगनु डीहवार गांव में जबरन बंदूक की नोक पर किसानों की धान की फसलों को ट्रैक्टर से रौद डाला।किसानों को बिना मुआवजा दिए खेतों में लहलहाती फसलों को जबरन बर्बाद करना हमें अंग्रेजी राज के जुल्मों की याद ताजा कर दी। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट कह रही है कि बिना मुआवजा दिए आप किसानों की जमीन नहीं ले सकते। किसान तो लगातार रो रो कर गुहार लगा रही है कि खेती नहीं करेंगे तो हम खाएंगे क्या? परन्तु किसान विरोधी मोदी नीतीश की सरकार और कंपनी के दलाल अधिकारी के द्वारा किसानों से किसानी छीनने की लगातार कोशिश जारी है। किसान विगत दो वर्षों से उचित मुआवजे की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रेय लेने की होड़ में लगे हुए हैं नेता प्रतिपक्ष : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनुप्रिया एवं मीडिया पैनलिस्ट पूजा पैट्रिक ने संयुक्त तौर पर संबोधित किया। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने आशा एवं ममता कार्यकताओं के प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने आशा एवं ममता कार्यकताओं के प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर उनका ख्याल रखने का काम किया जबकि तेजस्वी यादव ने 17 महीने के अपने कार्यकाल में केवल फाइलों में योजनाएं बनाई, न जमीनी अमल हुआ और न किसी प्रोत्साहन राशि का आदेश जारी हुआ। आज जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा और ममता कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी कर दी है, तो तेजस्वी यादव श्रेय लेने की होड़ में लग गए हैं। लेकिन जनता जानती है कि सिर्फ घोषणा करने और जमीनी सच्चाई से कोसों दूर रहने की आपकी पुरानी आदत है। बिहार के हर घर में अब बिजली की रोशनी है और लालटेन का युग खत्म हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अगस्त 2025 से 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। यह कोई चुनावी जुमला नहीं, बल्कि एक अमल में लाई गई नीतिगत क्रांति है जिससे राज्य के 1 करोड़ 67 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है।

### राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए सवालों का चुनाव आयोग ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया : गगन

पटना। चुनाव आयोग द्वारा आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में इंडिया गठबंधन द्वारा उठाए गए सवालों का चुनाव आयोग द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि चुनाव आयोग से यह पुछने पर कि जनवरी 2025 में प्रकाशित मतदाता सूची से जिन लोगों का नाम हटाया गया है उसका आधार क्या है। किस आधार पर यह पाया गया जिन लोगों का नाम हटाया गया वे मृत हैं, दूसरे जगह चले गए हैं, दो जगहों पर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल है या उनका कोई अता-पता नहीं है। श्री गगन ने बताया कि चुनाव प्रतिनिधित्व अधिनियम में यह स्पष्ट प्रावधान है कि मतदाता सूची से किसी का नाम हटाए जाने की स्थिति में प्रभावित मतदाता को नोटिस जारी किया जाए, पर जिन 65 लाख मतदाताओं का नाम सूची से हटाया गया है क्या इसका पालन किया गया। इसपर चुनाव आयोग द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।इंडिया गठबंधन द्वारा चुनाव आयोग से पुछा गया कि अबतक कितने विदेशी नागरिकों के नाम का पता मतदाता सूची में मिला है। इसका भी कोई जवाब नहीं दिया गया। इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों ने कहा कि जिन लोगों के नाम प्रकाशित प्रारुप मतदाता सूची में आ गया है और उनके द्वारा अधिसूचित ग्यारह दस्तावेजों में कोई जमा नहीं किया गया है। ऐसे मतदाताओं की संख्या लाखों-लाख में है जिनके पास उपरोक्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में वे अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित हो जाएंगे।इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों द्वारा चुनाव आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें दस बिन्दुओं पर जबाब देने की मांग की गई है। चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दलों की बैठक में राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, कार्यालय प्रभारी महासचिव मुकुंद सिंह, सीपीआई माले की ओर से कुमार परवेज, कौन्ग्रेस की ओर से मुनन जी एवं संजय भारती, जदयू की ओर से अनिल कुमार के साथ हीं भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिहार में पीएम किसान उत्सव दिवस : बापू सभागार में राज्यस्तरीय समारोह आज

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक किसान होंगे शामिल

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण को लेकर 02 अगस्त, 2025 को पटना स्थित बापू सभागार, गांधी मैदान में भव्य पी.एम. किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से इस किस्त का ऑनलाइन वितरण करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के माननीय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, माननीय पशु और मत्स्य संसाधन मंत्री श्रीमती रेणु देवी तथा माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग नीतीन नवीन शामिल होंगे।श्री सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 जिलों से 5000 से अधिक किसान, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, और कृषक मित्र भाग लेंगे। इस अवसर पर 74,000 किसानों के खातों में योजना की राशि अंतरित की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई है। अब तक राज्य के 73.88 लाख से अधिक किसानों को इसका लाभ मिला है। इस योजना के जरिए सीधे किसानों के बैंक खातों में धनराशि भेजे जाने की पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों की आर्थिक स्थिरता को सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर बिहार में प्रस्तावित मखाना बोर्ड का भी विशेष उल्लेख होगा। मखाना उत्पादन को वैश्विक पहचान देने हेतु भारत सरकार की यह पहल मिथिलांचल के किसानों को सशक्त बनाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में कृषि रोड मैप, फसल विविधीकरण, जल-जीवन-हरियाली, कृषि यांत्रीकरण, कृषि फीडर, और ग्रामीण पथों से जुड़े विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे बिहार की कृषि व्यवस्था अब एक आधुनिक एवं आत्मनिर्भर मॉडल बन रही है।

# विकास की ओर सरकार के बढ़ते कदम से विपक्ष में बेचौनी: मंगल

## सरकार की हर घोषणा से विपक्ष का हौसला हो रहा है पस्त

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता करने वाली भरोसे की सरकार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्कूल के पीटी टीचर, नाइड गार्ड और मिड डे मील के रसोईया के मानदेय को दोगुनी कर सराहनीय काम किया है। मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि अब रसोइयों को 1650 की जगह अब 3300 रुपए प्रति माह मिलेंगे। पीटी टीचर और अनुदेशकों के मानदेय में भी दोगुनी वृद्धि की गई है। श्री पांडेय ने कहा कि पिछले 1 महीने में सरकार की अनेक ऐसी घोषणाएं व पहल रही है जो समाज के सभी वर्गों को प्रभावित की है। ममता कार्यकताओं के मानदेय में दोगुना वृद्धि से समाज के सबसे कमजोर वर्ग रविदास समाज से आने वाली महिलाओं का हौसला बढ़ा है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकताओं के प्रोत्साहन राषि में बढ़ोतरी भी सरकार की सराहनीय पहल है। 1 करोड़ 11 लाख 22 हजार लोगों का सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 रुपए प्रतिमाह से बढ़कर 1100 रुपए करना, 94 लाख गरीब परिवारों को एकमुश्त 2-2 लाख देने की पहल, 52 लाख आंगनबाड़ी बच्चों को हर साल पोशाक, जीविका दीदियों को सालाना 200 करोड़ का ऑर्डर दिलाने की योजना,बिहार सरकार की 4 लाख महिला कर्मियों को उनके ऑफिस के निकट आवास की सुविधा देने से महिलाओं में सुरक्षा के साथ सम्मान की भावना बढ़ी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता में डेढ़ गुना बढ़ोत्तरी, जन प्रतिनिधियों के कार्यकाल के दौरान सामान्य मृत्यु होने पर भी उनके आश्रित को 5 लाख रुपए मुआवजा,जन प्रतिनिधियों की बीमारी का इलाज मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से कराने की घोषणा के साथ ही मुखिया को मनरेगा में 10 लाख तक की योजनाओं को मंजूरी देने की शक्ति प्रदान करना सरकार का स्वागतयोग्य निर्णय है। सरकार केवल घोषणाएं ही नहीं कर रही है, बल्कि उसे जमीन पर साकार भी कर रही है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की बढ़ी राशि 1.11 करोड़ लाभार्थियों को मिल चुकी है। 125 यूनिट फ्री बिजली से प्रदेश के 1.67 करोड़ परिवार पिछले महीने के बिल से ही लाभान्वित हो रहे हैं। इसीलिए बिहार की जनता नीतीश सरकार को भरोसे की सरकार कह रही है।

# सहायक कर्मियों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि, संवेदनशील पहल : उमेश

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शिक्षा व्यवस्था में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों एवं शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि के ऐतिहासिक निर्णय पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल मानदेय में वृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में अपनी निष्ठा, समर्पण और परिश्रम से योगदान देने वाले सहायक कर्मियों के आत्मसम्मान और गरिमा को सम्मानित करने वाली एक दूरदर्शी और संवेदनशील पहल है। अब रसोइयों को 1650 के स्थान पर 3300, रात्रि प्रहरियों को 5000 के बदले 10 हजार तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों को 8 हजार के स्थान पर 16 हजार मासिक मानदेय मिलेगा। साथ ही, वार्षिक वेतनवृद्धि को भी 200 से बढ़ाकर 400 कर दिया गया है, जो निश्चित रूप से उनके मनोबल को सुदृढ़ करेगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा केवल शिक्षक और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र प्रणाली है जिसमें पोषण, सुरक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन जैसे महत्वपूर्ण आयाम जुड़े होते हैं। इन सभी पहलुओं में रसोइयों, प्रहरियों और अनुदेशकों की भूमिका आधारस्तंभ के रूप में होती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया है कि उनकी शासन-शैली मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की प्रतिबद्ध मिसाल है। यह निर्णय न केवल लाखों परिवारों में आत्मगौरव, स्थायित्व और आशा का संचार करेगा, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

# एनडीए सरकार ने शिक्षा से जुड़े हर सहयोगी को सम्मान देने का किया काम : नितिन

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि बिहार में शिक्षा को लेकर आज जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह किसी एक दिन की कोशिश नहीं, बल्कि 2005 के बाद से निरंतर किए जा रहे उस सुधारात्मक कार्य का परिणाम है, जिसकी शुरूआत एनडीए सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में की थी। जब 2005 में एनडीए ने सत्ता संभाली, तब शिक्षा का बजट मात्र 4366 करोड़ रुपये था, जो आज बढ़कर 77,690 करोड़ रुपये हो गया है। यह सिर्फ आंकड़ों में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि यह दशार्ता है कि शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली सरकार कैसी होती है। श्री नितिन नवीन ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में शिक्षा को कभी प्राथमिकता नहीं मिली। आज एनडीए सरकार का काम सीधे बिहार के हर आम नागरिक से जुड़ गया है। एनडीए सरकार ने न केवल शिक्षकों की बड़ी संख्या में नियुक्तियाँ कीं, बल्कि हजारों नए विद्यालय भवनों का निर्माण, आधारभूत संरचनाओं का विकास, स्मार्ट क्लास और पुस्तकालय जैसी आधुनिक सुविधाओं को भी मजबूत किया।

यह सब उस सोच का हिस्सा है, जो मानती है कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किए बिना बिहार के भविष्य की कल्पना अधूरी है। इसके विपरीत, महागठबंधन के दौर में शिक्षा केवल एक चुनावी मुद्दा भर थी, जिस पर न तो इच्छाशक्ति थी और न ही योजना। मंत्री नितिन नवीन ने यह भी कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा से जुड़े हर सहयोगी को सम्मान देने का काम किया है। मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोइयों के मानदेय को 1650 रुपये से बढ़ाकर 3300 रुपये किया गया है। वहीं माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5000 रुपये से बढ़ाकर 10000 रुपये कर दिया गया है।

शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों को पहले 8000 रुपये मिलते थे, अब उन्हें 16000 रुपये मानदेय मिलेगा। इतना ही नहीं, इन सभी कर्मियों की वार्षिक वेतन वृद्धि को भी 200 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया गया है। यह निर्णय केवल राशि बढ़ाने का नहीं है, बल्कि यह उन लाखों परिवारों के सम्मान और जीवनस्तर में सुधार का कदम है, जिनके श्रम से शिक्षा व्यवस्था धरातल पर चलती है। यह वही वर्ग है, जिसे पूर्ववर्ती सरकारों ने योजनाओं तक सीमित कर उपेक्षित किया, लेकिन एनडीए सरकार ने इन्हें भागीदार बनाया है।

यही फर्क है एक वोट बैंक की राजनीति और विकास के प्रति प्रतिबद्ध सरकार में। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह सरकार हर वर्ग को साथ लेकर बिहार को आत्मनिर्भर, शिक्षित और समृद्ध बनाने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

# चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर कांग्रेस ने दिया सुझाव

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने राज्य चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर आवश्यक सुझाव दिया। बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन ने चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी के सुझावों को रखा। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि के तौर पर इस बैठक में शामिल वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन ने कांग्रेस पार्टी की ओर से दिए गए अपने सुझाव में कहा है कि हम विशेष गहन निरीक्षण में संलग्न सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद करते हैं जिनके प्रयास से मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित हुआ। सही मतदाताओं के व्यापक हित में निदेशार्नुसार हम आग्रह करते हैं कि : 1-1-2003 के मतदाता सूची के अनुसार कितने मतदाता इस प्रारूप सूची में चिन्हित हुये। कितने गणना पत्र बगैर किसी दस्तावेजी सबूत के संलग्न किये, निर्वाचन विभाग को प्राप्त हुये। कितने गणना पत्र मतदाता बिना फोटो के जमा हुये। कितने नये मतदाता जोड़े गये एवं जिन्होंने फार्म 6 एवं 8 का उपयोग नियमावली-16 के तहत नाम जोड़ने एवं सुधारने के लिये जमा किया। इछड के द्वारा कितने फार्म स्वीकृत किये गये एवं कितने अस्वीकृत किये गये। 24 जून 2025 के मतदाता सूची के अनुसार कितने मतदाता मृत, स्थायी रूप से राज्य के बाहर चले गये, कितने मतदाता से सम्पर्क नहीं हो सका एवं जो इछड द्वारा चिन्हित किये गये और वैसे सभी मतदाता के फार्म जमा नहीं हुये। सभी विधान सभा क्षेत्र के भाग संख्या के मतदाताओं की सूची इछड के द्वारा किस आधार पर तैयार की गई। नियमावली 5 (ब) के तहत सम्पूर्ण प्रदेश में कितने मतदाता अवैध निवासी (विदेशी) मतदाता के रूप में इछड द्वारा चिन्हित किये गये एवं उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची से काट दिया गया। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि उपर वर्णित तथ्यों को आज की बैठ की कारवाही में संलग्न करने की कृपा की जाय एवं सक्षम पदाधिकारी को निर्देश देने की कृपा करें कि उपर वर्णित तथ्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का काम करें।

# श्रम संसाधन विभाग के सचिव ने किया मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**प्रात : किरण संवाददाता**




पटना। श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन के सौजन्य से आज मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ पटना के मैनपुरा, राजापुर पुल स्थित पोखर भवन के नजदीक किया गया, जिसका विधिवत उदघाटन आज विभाग के सचिव श्री दीपक आनन्द के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने लवली क्रिएशन के प्रयास की सराहना की और कहा कि इस केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं विशेषकर महिलाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि राज्य की पारंपरिक लोककलाओं को प्रोत्साहित करने और स्थानीय युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र की स्थापना का यही उद्देश्य है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विशेषकर महिलाओं को मिथिला पेंटिंग जैसे पारंपरिक और समृद्ध लोककला में दक्ष बनाना है, ताकि वे न केवल अपनी कला को निखार सकें, बल्कि उसे आय के साधन में भी बदल सकें। यह पहल राज्य के सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षुओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, आवश्यक सामग्री और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें या सरकारी/निजी परियोजनाओं में रोजगार पा सकें। उन्होंने ये भी कहा कि भविष्य में विभाग द्वारा इस तरह के अन्य स्थानीय कलाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी, जिससे बिहार के स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा एवं राज्य के युवाओं को रोजगार/ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल बिहार की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के द्वार भी खुलेंगे।

# केंद्रीय गृह मंत्री से मिले शाहनवाज, विस चुनाव पर की चर्चा

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की । यह मुलाकात संसद भवन में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय कक्ष में हुई । सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह से उनकी मुलाकात में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत बात हुई । शाहनवाज ने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ठऊअ भारी जीत की सफलता हासिल करेगी और बिहार में फिर से एनडीए की मजबूत सरकार बनेगी ।शाहनवाज हुसैन ने कहा कि 8 अगस्त को अमित शाह के बिहार आगमन की तैयारी जोरशोर से चल रही है । पूरा बिहार उनके स्वागत के लिए बेताब है । 8 अगस्त को पुनौरा धाम में अयोध्या की तर्ज पर मां सीता के भव्य मंदिर का शिलान्यास होना है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री नीतीश भी मौजूद रहेंगे। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह गृह मंत्री अमित शाह भी बिहार की जनता से बहुत प्यार करते हैं और बिहार के विकास को लेकर फिक्रमंद एवं निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं । शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पूरा देश सुरक्षित है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार ने बिहार को विकास की असीम ऊँचाई पर ले जाने में सफलता हासिल की है और 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद भी एनडीए के नेतृत्व में बिहार का निर्बाध गति से विकास होगा ।

# नगर निगम का दावा : जलजमाव से प्रभावित इलाकों न्यूनतम समय में हो रही जलनिकासी, शिकायत के लिए 155304 पर करें संपर्क

- तेज बरसात के दौरान भी एक्टिव रही पटना नगर निगम एवं बुडको की टीम

**प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। पटना में गुरूवार रात से शुक्रवार सुबह तक लगातार हुई तेज बरसात में भी पटना नगर निगम एवं बुडको की टीम द्वारा युद्धस्तर पर जलनिकासी की गई। पटना के विभिन्न इलाकों में बरसात के बाद अधिकतम इलाकों में न्युनतम समय अंदर जल निकासी की जा रही है। तेज बरसात के बीच भी पटना नगर निगम की टीम अलर्ट मोड में शहर में एक्टिव है। इसके साथ ही पदाधिकारियों एवं क्यूआरटी ( क्विक रिस्पांस टीम) द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जलनिकासी सुनिश्चित किया जा रहा है। गौरतलब हैं कि पटना नगर निगम की त्वरित कार्यवाही एवं अलर्ट मोड में पदाधिकारियों के रहने के कारण इलाकों में जलजमाव की समस्या नहीं हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकांश इलाकों से न्यूनतम समय के अंदर निकला पानी पटना नगर निगम की टीम द्वारा विधानसभा, राजेंद्र नगर, मीठापुर, पटना सिटी, सब्जीबाग, बारी पथ , करबिगहिया, द्वारिकापुरी, बाईपास, दीघा, खेतान मार्केट, गाँधी मैदान, एयरपोर्ट, बोर्ड कॉलोनी सहित कई निचले इलाकों में कुछ घंटे में ही जल निकासी सुनिश्चित की गई। नगर आयुक्त एवं सभी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर प्रबधकों द्वारा शहर में निरीक्षण कर जांच भी की जा रही है। आमजनों की लगभग शिकायतों पर पहुंची टीमः पटना नगर निगम को पाटलिपुत्र कॉलोनी, पाटलिपुत्र स्टेशन, कंकड़बाग एवं राजेन्द्र नगर के इलाकों में जलनिकासी समस्या प्राप्त हुई।

आई जिसके टीम द्वारा दूर किया गया। इन इलाकों में इस बार जल निकासी अपेक्षाकृत धीमी हो रही थी नगर निगम द्वारा इन चुनौतियों का सामना कर आम जनों को सुविधा उपलब्ध करायी गई। बता दे की पटना नगर निगम द्वारा *वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में क्विक रिस्पांस टीम द्वारा पंप लगाकर कई इलाकों का पानी निकल गया है। रात्रि में एक्टिव रही क्विक रिस्पांस टीमें: पटना नगर निगम द्वारा बरसात के बाद से रात्रि एवं दिन में कुल 19 टीम में निकाली गई यह लगातार सभी वार्डों में जल निकासी सुनिश्चित कर रही है। यह टीम मुख्यालय एवं अंचल स्तर पर तैयार की गई है जिसमें नगर निगम एवं बुडको के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल है। पटना नगर निगम द्वारा निरंतर संप हाउस के वाटर लेवल की जांच की जा रही है एवं लगातार संप भी चालु है जिससे नालों से शीघ्र एवं न्यूनतम समय में जलनिकासी सुनिश्चित की जा रही है। गौरतलब हैं कि वर्तमान समय में रात्री से ही अलर्ट रही बुडको नगर निगम द्वारा चुनौती पूर्ण तरीके से कार्य कर समस्या का निराकरण किया जा रहा। रात्रि में बरसात के शुरू होते ही सभी संप हाउस के वाटर लेवल की मॉनिटरिंग की जा रही है। गौरतलब है कि *पटना नगर निगम द्वारा शहर के सभी संप हाउस पर तीनों पालियों में कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी एवं वॉकी-टॉकी के माध्यम से लगातार वाटर लेवल के इनलेट एवं आउटलेट की निगरानी की जा रही है। जलनिकासी के लिये है पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था, आम जन 155304 पर करें शिकायतः इसके साथ ही पटना नगर निगम के सभी अंचलों में मशीनों द्वारा जलनिकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध है। ऐसे में आम जनों से भी अपील की जा रही है कि अगर उनके इलाके में कोई भी समस्या है तो वह 155304 पर अपनी शिकायत दर्ज करें पटना नगर निगम द्वारा जलजमाव की समस्या को कुछ घंटों में ही दूर किया जाएगा। नगर निगम द्वारा 24७7 हेल्पलाइन एवं 19 क्यूआरटी रात दिन एक्टिव है। जलजमाव से निपटने के लिए पटना नगर निगम के पास पर्याप्त इंतजाम है। जिसका उपयोग सुचारू रूप से किया जा रहा है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

सं. ईसीआर/सीएओ/कॉन/डब्ल्यू टी/ई.पी.सी/उत्तर/14–25–26 दि. 28.07.2025

ई.निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–ईपीसी–14–25–26 भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्रम सं. : 1. कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के सीतामढ़ी–रक्सौल खंड के दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत, कुंडवा चौनपुर (excl.) से रक्सौल (excl.) तक (अर्थात Ch. 145.500 किमी से 186.540) (कुल 41.04 किमी) 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के अनुरूप मिट्टी कार्य, ब्लैंकटिंग कार्य, लघु पुलों का निर्माण, प्रमुख पुल का निर्माण, स्टेशन एवं अन्य भवनों का निर्माण, प्लेटफार्म कार्य, लेवल क्रोसिंग (एल.सी.) से संबंधित कार्य एवं अन्य मिश्रित कार्य सहीत दोहरीकरण कार्य। **2. कार्य का लगभग मूल्य :** रु. 426,08,21,864.12, **3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा :** रु.2,00,00,000.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 24.10.2025, चौदह तीस बजे। **5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0701/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25–26/44

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 15 वर्ष 2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 13.08..2025 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 14.08..2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.08..2025 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 01, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Different Chamber and Cell of 5th Floor (West Side) at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2025-26. (Part- 5) | 1.07 | 2,200=00 | 500=00 | 01 माह |
| 2. | Renovation of Room No.- 407 and Room No.- 408 at 4th Foor of Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2025-26. (Part- 3) | 1.08 | 2,200=00 | 500=00 | 01 माह |
| 3. | Proposed Lift Pit in Main Building of Bihar Vidhan Parishad, Patna for the year 2025-26. (Part- 1) | 14.85 | 29,700=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 4. | Proposed Lift Pit in Main Building of Bihar Vidhan Parishad, Patna for the year 2025-26. (Part- 2) | 13.67 | 27,400=00 | 2,500=00 | 01 माह |

1.विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 10293 ( B C D ) 2025-26

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार युवक की हुई मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पुसा मुख्य पथ के लदौरा चौक के समीप शुक्रवार की दोपहर अज्ञात ट्रक की ठोकर लगने से स्कूटी सवार एक युवक की मौत धटना स्थल पर ह हो गया।जबकि दुसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया ।जख्मी युवक की लदौरा गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह के पुत्र 15 सुधांशु कुमार के रूप में हुई है। मृतक युवक की पहचान गांव के ही सुरेंद्र कुमार सिंह के पुत्र 18 वर्षीय शिवम्कुमार के रूप में हुई है।लदौरा मुख पथ के आगे कल्याणपुर की ओर से एक तेज रफ्तार की अज्ञात ट्रक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया । स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। ठोकर मारने वाली ट्रक मधुरापुर टारा की ओर भाग रहा था जिसे वैनी थाना क्षेत्र के पुसा रोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। मोत की खबर सुनते ही आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम करीब चार घण्टे तक रहीं। सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, चकमहेसी थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव दलबल के साथ आक्रोशित लोगों को समझा बुझाने में लगे हुए थे । जाम कताओं का कहना था कि जगह-जगह ब्रेकर बन ठोकर मारने वाली बाहन के चालक को जल्दी गिरफ्तार किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मृतक के परिजन को मुख्यमंत्री सहायता राशि का 20,000 का चेक दिया।जाम रहने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा। वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रक को जप्त कर लिया है। मृतक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर पश्चिम में विदाई सह स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र सहनी एवं संचालन शिक्षक राजेश कुमार कर रहे थे। समारोह के माध्यम से विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाध्यापक रविन्द्र सहनी के द्वारा प्रधानाध्यापक पर प्रोन्नति शिक्षक पंकज कुमार,मंतोष कुमार, मुकेश कुमार राम को मिथिला परंपरा के अनुसार चादर, पाग, माला, डायरी आदि भेंट कर विदाई किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक पद पर नवचयनित प्रधान शिक्षक रेखा कुमारी, राजीव कुमार वर्मा एवं पुरुषोत्तम कुमार को विद्यालय में योगदान के अवसर पर चादर, पाग, माला, डायरी आदि भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं नव चयनित शिक्षा समिति के सचिव कविता कुमारी को भी सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक रमेश कुमार, मनोज कुमार साह, सुनैना कुमारी, ज्योति कुमारी,मिलन कुमारी, प्रमिला कुमारी, अशोक आदि मौजूद थे।

### असमाजिक तत्वों द्वारा घर पर फेंके जा रहे हैं ईंट पत्थर, पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के नरहन वार्ड 02 निवासी उग्रनाथ झा ने असमाजिक तत्वों द्वारा घर पर ईंट पत्थर फेंकने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि मैं ग्रामीण बैंक का अभिकर्ता हूं।घर लेट से आता हूं।घर में मेरी मां, चाचा-चाची एवं एक छोटा बच्चा है ।विगत एक माह से असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी समय मेरे एवं मेरे चाचा के घर पर ईंट पत्थर फेंका जा रहा है। जिससे मेरे घर का खिड़की में लगा शीशा भी टूट गया है। घटना की सूचना डायल 112 को देने के बावजूद भी कोई फायदा नहीं हुआ। मुझे भविष्य अनहोनी का भय लग रहा है।

### गंगटा पुलिस ने 6 मिनी गन फैक्ट्री पकडा

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर अनुमंडल के गंगटाथाना अंतर्गत गंगटा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार निर्माण की 6 मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन किया है। पुलिस के अनुसार छापामारी के दौरान तीन अपराधी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधीयो में गंगाटा थाना के चौकड़ी गांव निवासी बबलू प्रसाद सिंह उर्फ बबलू मंडल तथा राजेंद्र प्रसाद सिंह शामिल है। पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री बेस मशीन तीन देसी कट्टा तीन अर्द्ध निर्मित देसी कट्टा तीन अर्द्ध निर्मित राइफल तीन मैगजीन 7 कारतूस दो खोखा तीन मोबाइल एक ड्रिल मशीन 4 वायरस दो वेल्डिंग मशीन 18 निर्मित टीगर सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है ।इस छापेमारी में खड़गपुर डीएसपी अनिल कुमार गंगटा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार के अलावा पुलिस बल शामिल थे।

# मतदाता सूची प्रकाशन के अवसर पर सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन के अवसर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 24 जून को जिला के सभी दसों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक सूची में दर्ज निर्वाचकों का बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया गया है ।सत्यापन के क्रम में दिनांक-25 जून से दिनांक-26 जुलाई तक निर्वाचकों के बीच गणना प्रपत्र का वितरण, भरे हुए गणना प्रपत्र का संग्रहण एवं बीएलओ एप्प के माध्यम से गणना प्रपत्र अपलोड करने का कार्य किया गया है। 24 जून को निर्वाचक सूचि में निर्वाचको की कुल संख्या 30 लाख 03 हजार 167, बीएलओ के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्र की संख्या 27 लाख 70 हजार 886,निर्वाचकों द्वारा स्वयं ऑनलाइन माध्यम से समर्पित गणना प्रपत्रों की संख्या 28 हजार 966 तथा कुल निर्वाचको की संख्या जिनका गणना प्रपत्र प्राप्त हुए 27 लाख 99 हजार 852 है ।साथ ही ऐसे निर्वाचको की संख्या जिनसे विभिन्न कारणों से गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए 2 लाख 03 हजार 315 है ।विशेष गहन पुनरीक्षण में निर्वाचको,मतदाताओं के भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु आयोग द्वारा बिहार से बाहर रहने वाले निर्वाचको से गणना प्रपत्र प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्हें अपना फॉर्म पर ऑनलाइन माध्यम से या मोबाइल एप्प के माध्यम से भरने का विकल्प उपलब्ध कराया गया ।जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए,आयोग द्वारा उन्हें अपने आवेदनों को ट्रैक करने की सुविधा के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रथम चरण के दौरान,गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण, ऑनलाइन माध्यम से अपलोड करने, आवश्यक दस्तावेज के सम्बन्ध में मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने के लिए जिला, प्रखंड एवं मतदान केंद्र स्तर पर कई अभियान चलाए ।प्रारूप निर्वाचक सूची के प्रकाशन,दावा आपति प्राप्त करने, दावा आपति का निष्पादन एवं अंतिम निर्वाचक सूची के प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दावे एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि 01 अगस्त से 01 सितंबर तक तिथि निर्धारित किया गया है ।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा। प्रत्येक बूथ की मतदाता सूची को मुद्रित और डिजिटल प्रतिया सभी राजनीतिक दलों को आज बैठक में हीउपलब्ध कराई गयी है ।मतदाता सूची की संख्या विधानसभा बार प्रत्येक मतदान केंद्रों का दिया गया जो काफी संख्या में था, जिसे विशेष गाड़ी के माध्यम से उनके कार्यालय तक पहुंचाया गया। बैठक में सहायक समाहर्ता के परीक्षित,नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच राकेश कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार आदि पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।वहीं राजनीतिक दलों की ओर से राहुल कुमार कर्ण, दयानंद पासवान, देवेंद्र कुमार झा, गोपाल ठाकुर, सत्यनारायण पासवान, मुकुंद चौधरी ,प्रो आदित्य नारायण, ईश्वर मंडल,गगन कुमार झा, उदय शंकर यादव आदि उपस्थित थे।

## प्रेमचंद और शिक्षा विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।प्रेमचंद जयंती समारोह समिति की ओर से मोतीझील स्थित कार्यालय में गुरुवार को प्रेमचंद जयंती समारोह सह शिक्षा और प्रेमचंद विषयक एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पण से हुई ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए समिति के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि प्रेमचंद की दृष्टि में शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो वैज्ञानिक सोच विकसित करे, सत्य की खोज करे तथा अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना सिखाए। किंतु वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से इस वैज्ञानिक सोच को कमजोर किया जा रहा है। डार्विन का सिद्धांत, पीरियॉडिक टेबल जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक विषयों को पाठ्यक्रम से हटाया जा रहा है। यहां तक कि वर्षों से चली आ रही साइंस कांग्रेस को भी बंद कर दिया गया है, जो चिंताजनक है। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि प्रेमचंद के अनुसार, शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि इंसानियत और चरित्र निर्माण है। प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की नजर में शिक्षा केवल व्यक्तिगत प्रगति का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की चेतना का माध्यम भी है। आज के समय में यही सामाजिक चेतना दुर्बल हो रही है और व्यक्ति अधिकाधिक आत्मकेंद्रित होता जा रहा है, जिसके विरुद्ध प्रेमचंद की कलम लगातार सक्रिय रही। समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज कुमार ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि प्रेमचंद की दृष्टि में शिक्षा वह है जो संपूर्ण विकास करे – मन, बुद्धि, चरित्र और शरीर सभी का। ऐसी शिक्षा जो केवल बौद्धिक विकास तक सीमित रह जाए, अधूरी है। उन्होंने प्रेमचंद के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा,ह्लउन संस्थानों की शिक्षा, जहाँ युवक समाज से कटकर केवल व्यक्तिगत स्वार्थों में डूबे रहें, अमीर-गरीब के भेद को बनाए रखें, संघर्षों से बचने की प्रवृत्ति सिखाएं, और कला व संयम में सामंजस्य न हो – ऐसी शिक्षा का मैं पक्षधर नहीं। समिति के संरक्षक एवं पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र कुमार रवि के लिखित संदेश को पढ़कर कार्यक्रम में सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव अमन कुमार झा ने किया ।इस अवसर पर विजय शंकर शाही, हरेराम महतो, वीरेन नंदा, श्रवण कुमार, डॉ. सोनू सरकार, अनिल कुमार अनल, प्रदीप कुमार पांडेय, अवधेश महतो, महेश्वर प्रसाद सिंह, रामप्रीत राय, अर्जुन कुमार, अजीत गौर, रामविलास राम, डॉ. ललन भगत, डॉ. अनिल धवन, मोहम्मद इदरीश, काशीनाथ सहनी, उमेश महतो, प्रेम कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ट्रेड यूनियन से जुड़े कर्मियों को मानदेय वृद्धि करने की नीतीश सरकार की घोषणा का किया स्वागत




प्रात : किरण संवाददाता

अलौली। ऑल इंडिया मिशन ट्रेड यूनियन, ऐम्टू के अध्यक्ष सह रसोईया कर्मी संघ के प्रदेश संरक्षक किरण देव यादव ने रसोईया कर्मी को 1650 रुपए से बढ़ाकर 3300 रुपए मासिक करने, शारीरिक शिक्षक को 8000 से बढ़ाकर 16000 रुपए करने, रात्रि प्रहरी को 5000 से बढ़ाकर 10000 रुपए करने तथा शिक्षा बजट को बढ़ाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं साधुवाद दिया है तथा फैसले घोषणा का हार्दिक स्वागत किया है। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के प्रदेश संरक्षक किरण देव यादव ने सेविका सहायिका का मानदेय दुगुनी वृद्धि करने की मांग किया है। चुंकी विभागीय कार्य के आलावे भी सरकारी कई कार्य तत्परता से कर्मी करते हैं। श्री यादव ने सभी संविदा अनुबंध ठेका आधारित कर्मी को दोगुनी मानदेय वृद्धि करने की मांग किया है। श्री यादव ने कहा कि हालांकि रसोईया कर्मी का वृद्धित राशि 3300 रुपए आसमान छूती महंगाई में कमतर नाकाफी है, बावजूद इसके समथिंग इज बेटर देन नथिंग, कुछ नहीं से कुछ बेहतर है, वाली कहावत चरितार्थ होती है। उन्होंने कहा कि आशा ममता फैसिलेटर ने अनवरत संघर्ष किया, जिन्हें मानदेय वृद्धि की गई है वह नाकाफी है। कहा कि सेविका सहायिका एवं रसोईया कर्मियों ने निरंतर आंदोलन तेज किया, अंततः ट्रेड यूनियन के आंदोलन का जीत हुआ।

## एसएसपी ने विशेष लोक अभियोजक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला के अनुसूचित जाति, जनजाति मामले के विशेष लोक अभियोजक संजीव कुमार कुंवर को वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने मामले के विचारण में अच्छा परिणाम देने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। एस सी,एस टी के एक मात्र विशेष न्यायाधीश की अदालत में अनुसूचित जाति,जनजाति अधिनियम से संबंधित मामलों में त्वरित विचारण में पूरी ईमानदारी से कार्य करने न्याय निर्णय का शिल-शिला जारी है ।एससी,एसटी के विशेष लोक अभियोजक संजीव कुमार कुंवर ने बताया कि जनवरी 25 से 30 जून 25 तक छः माह के अन्दर कूल 127 मामलों में न्याय निर्णय कराई गई है ।वहीं न्यायालय से पांच मामलों में कूल 12 जूर्मियों को सजा कराई गई है ।जिनमें से तीन जूर्मियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड चुकाने की सजा दी गई है ।इसके अतिरिक्त न्यायालय में लंबित विभिन्न मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से तकरीबन 590 साक्षियों को प्रस्तुत कर साक्षियों का परीक्षण और प्रतिपरीक्षण पश्चात उन्मुक्त किया गया है ।स्पेशल पीपी श्री कुंवर के कार्यों से संतुष्ट जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेडी ने त्वरित निष्पादन और जूर्मियों का जूर्म न्यायालय में सिद्ध कर सजा दिलाने को लेकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है ।वहीं पूरे मनोयोग, लगन और निष्ठापूर्वक अपना दायित्व निर्वहन करने के लिए बधाई दिया है।

## गृह रक्षक नामांकन में दावा-आपत्ति के लिए दो टीमों का हुआ गठन

### 06 अगस्त तक जिला समादेष्टा कार्यालय में किया जा सकता है आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी, 01 अगस्त। गृह रक्षक नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से मधुबनी जिला प्रशासन द्वारा बड़ा कदम उठाया गया है। विज्ञापन संख्या 01/2025 के अंतर्गत जिले में गृह रक्षकों के चयन हेतु 20 जून से 14 जुलाई 2025 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित कर दी गई है। मेधा सूची के प्रकाशन के उपरांत यदि किसी अभ्यर्थी को कोई दावा या आपत्ति है, तो वह दिनांक 06 अगस्त 2025 तक कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से निपटाने हेतु गृह रक्षक चयन समिति के निदेर्शानुसार दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन कार्यालय में प्राप्त हो रहे सभी आवेदन-पत्रों की गहन जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। इन टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे सभी दावा-आपत्तियों को विधिवत रूप से एक रजिस्टर में संधारित करें, जिसमें आवेदक का नाम, पिता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, परीक्षा की तिथि, रोल नंबर, मेधा क्रमांक, दावा/आपत्ति का संक्षिप्त विवरण और प्रस्तुत साक्ष्य दर्ज किए जाएं। साथ ही, आवेदक के हस्ताक्षर लेना भी अनिवार्य होगा। यह भी तय किया गया है कि सभी प्राप्त आवेदनों का कंप्यूटरीकृत विवरण प्रतिदिन तैयार किया जाएगा, ताकि नियमानुसार समय पर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी आपत्ति या दावा से संबंधित आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें, ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

## जयनगर में रेल कर्मियों का विरोध प्रदर्शन पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की उठी मांग




- पूर्व मध्य रेल कर्मचारी संघ के बैनर तले नई पेंशन योजना और निजीकरण के विरोध में दर्जनों कर्मचारी सड़कों पर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर। पूर्व मध्य रेल कर्मचारी संघ, दरभंगा शाखा के तत्वावधान में गुरुवार को जयनगर में रेल कर्मचारियों द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नई पेंशन योजना (एनपीएस), एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) तथा रेलवे के निजीकरण के खिलाफ किया गया। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत प्रदर्शन का नेतृत्व दरभंगा शाखा के संयुक्त सचिव मोहम्मद इम्तियाज और स्थानीय यूनियन प्रतिनिधि कृष्ण कुमार कामत ने किया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को दोबारा लागू करने की रही। यूनियन के संरक्षक भूषण सिंह ने कहा कि भारतीय रेल देश का सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है, लेकिन सरकार ने जबरन नई पेंशन, एकीकृत पेंशन और निजीकरण लागू कर कर्मचारियों के अधिकारों का हनन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी सरकारी संस्थानों में फिर से पुरानी पेंशन योजना लागू की जानी चाहिए ।प्रदर्शन में मुख्य रूप से संरक्षक भूषण सिंह, संयुक्त सचिव मोहम्मद इम्तियाज, कृष्ण कुमार कामत, राकेश कुमार, अमित कुमार, माल गोदाम कर्मचारी, वाणिज्य लिपिक राकेश कुमार सिंह, जयप्रकाश चौधरी, गोविंद पांडेय, यांत्रिक विभाग के कार्यालय सहायक प्रमोद कुमार यादव, गार्ड गोपाल मिश्रा, संजय कुमार, प्रशिक्षण निरीक्षक पंचू दास, जाकिर, बिल्टू (हमाल) समेत अनेक रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा और यूनियन नेताओं ने चेताया कि जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## अंतिम सोमवारी को देखते हुए डीआईजी ने स्थानीय प्रशासन को दिये आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान (दरभंगा)। डीआईजी स्वप्ना ने अधिकारियों के साथ शुक्रवार को सावन के अंतिम सोमवारी के लिए किए गए तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने कुशेश्वरस्थान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिवगंगा मंदिर परिसर, गजेन्द्र नारायण सिंह धर्मशाला में बने घुमावदार रास्ते तथा शिव गंगा पोखर में बने बेरिकेडिंग का जायजा लेते हुए अंतिम सोमवारी को श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को कई आवश्यक निर्देश दिए। सुरक्षा को लेकर बैरिकेटिंग को बढ़ाने के साथ साथ गजेन्द्र नारायण सिंह धर्मशाला में बने घुमावदार रास्ते,शिवगंगा सहित चिन्हित स्थानों पर और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। डीआईजी श्रीमती स्वप्ना ने शिवगंगा घाट में जहां श्रद्धालु स्नान करते है वहां अच्छी तरह से बैरिकेटिंग करने, शिवगंगा घाट में गोताखोर,आपदा मित्र को तीन चरण में तैनात करने के अलावा एनडीआरएफ की टीम को रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा आधे दर्जन चिन्हित स्थानों पर भीड़ नियंत्रण कक्ष बनाने और स्वास्थ्य शिविर की संख्या बढ़ाने व शुद्ध पे जल की समुचित व्यवस्था करने को कहा। इससे पहले डीआईजी ने बाबा कुशेश्वर नाथ महादेव को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि पूर्वक पूजन कराया। मौके पर एसएसपी जग्गुनाथ जलाल रेड्डी,ग्रामीण एसपी आलोक, एसडीओ शशांक राज, एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी,बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु, सीओ गोपाल पासवान,थाना अध्यक्ष अंकित चौधरी, पुअनि मानव शंकर,न्यास समिति के सदस्य मणिकांत झा,नगर पंचायत के मुख्य पार्षद शत्रुघ्न पासवान सहित दर्जनों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आकांक्षा हाट-मेला में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला प्रशासन की ओर से आकांक्षा हाट आयोजित है। 28 जुलाई से आयोजित यह छः दिवसीय हाट आज समाप्त हो रहा है। प्रयत्न द्वारा आयोजित एवं सिडबी द्वारा संपोषित उद्यम प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत मधुबनी कला, लाह आभूषण, मसाला एवं मखाना प्रसंस्करण का प्रशिक्षण कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात महिलाएं व्यवसाय के साथ जुड़ेंगी और समृद्धि की ओर अग्रसर होंगी। इसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में महिलाएं इस मेला में भाग ले रहीं हैं। महिला की समृद्ध होने से न केवल परिवार बल्कि समाज का भी विकास संभव हो पाएगा। मेला में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित सामग्री का प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल लगाया गया है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रयत्न के कार्यक्रम प्रबंधक शालिनी रंजन कर रही हैं जबकि कार्यक्रम का समन्वय सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अमित चंद्र चौधरी कर रहे हैं। स्टॉल प्रभारी के रूप में प्रशिक्षिकाओं अंजना लाभ, पूजा कुमारी, राहुल कौटिल्य, और रोहित कुमार, पूजा कुमारी, आकृति राज साह, अंजना गुप्ता, आरती कुमारी, रौशनी कुमारी, शोभा देवी, कामिनी कुमारी, कोमल शर्मा की भूमिका सराहनीय है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, मनोज कुमार, प्रधान जिला प्रबंधक, एवं नवीन कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, ने मुआयना किया ।उक्त जानकारी प्रयत्न के संस्थापक प्रभात कुमार ने दी है।

## अगले दो दिनों में बारिश के साथ बज्रपात की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । उत्तर बिहार के जिलौं में अगले 48 घंटे के अंदर कहीं-कहीं मध्यम बारिश और बज्रपात की सम्भावना है। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 2 से 5 अगस्त तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान में दी गई है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.3 एवं 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 96 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 80 प्रतिशत रहा। इस अवधि में 48.8 मि०मी० वर्षा हुई। बताया गया है कि पूर्वानुमानित अवधि उत्तर बिहार के जिलो में अगले 48 घंटो में मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही कही कही गरज के साथ बिजली गिरने की सम्भावना है ।इस अवधि में अधिकतम तापमान 33-35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। इस अवधि में औसतन 8 से 15 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने का अनुमान है। बर्षा की संभावना को देखते हुए धान की रोपाई यथाशीघ्र समाप्त करने की सलाह दी गई है ।जिनके पास बिचड़ा उपलब्ध हो वे 10 अगस्त तक ही धन की रोपाई करे। खरीफ मक्का की फसल में कीट-व्याधियों एवं फफूंदी धब्बों की निगरानी करतें रहें। कीट अथवा रोग की उपस्थिती में उपचार हेतु अनुशंसित दवा का छिड़काव करे। मक्का की 30-35 दिनों वाली फसल में बछनी कर 40 किलोग्राम नेत्रजन का व्यवहार करें। खड़ी फसलों एवं नर्सरी में कीट-व्याधि का निरीक्षण करते रहें। बैगन की फसल में तना एवं फल छेदक कीट की शुरूवाती रोक-थाम के लिए बैगन की रोपाई के 10 दिनों बाद 1 ग्राम फ्युराडान 3 जी० दानेदार दवा प्रति पौधा की दर से जड़ के पास मिट्टी में मिला दें ।हल्दी, अदरक, ओल और बिगत माह बोयी गई बरसाती सब्जियों में आवश्यकतानुसार निकाई-गुड़ाई करें। इन फसलों में कीट-व्याधि का निरीक्षण करते रहें इस मौसम में लत्तर वाली सब्जियों जैसे नेनुआ, करैला, लौकी, और खीरा में फल मक्खीयों से होने वाले नुकसान में बढ़ोत्तरी हो जाती है। सर्वप्रथम फल मक्खी से क्षतिग्रस्त सब्जियो की तुराई कर गड्ढे में दवा दे। इससे बचाव हेतु मिथाइल यूजीनोल ट्रेप का प्रयोग करने की सलाह किसानों को दी गई है।

## जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में लोगों का सुना फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जनता के दरबार में जिला पदाधिकारी, कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर द्वारा आमजन के जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं । इस दौरान डीएम ने आमजन की जन शिकायतों से रूबरू हुए और तत्क्षण ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आमजनों से कहा कि आप सभी को यदि कोई भी समस्याएं हो तो आप सीधे प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले जनता दरबार में अपनी जन शिकायत रख सकते हैं अथवा सीधे मेरे मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर अपनी समस्या अथवा कोई भी जानकारी दें सकते हैं, तत्काल ही उस पर जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। जानकी नगर निवासी अशोकिया देवी ने बताया कि कुछ दबंगों द्वारा गलत ढंग से उनकी जमीन का रसीद काटकर जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित थाना एवं अंचलाधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। धरहरा औड़ाबगीचा निवासी सामो उर्फ समुद्री देवी द्वारा जमालपुर अंचलाधिकारी पर उनके जमीन से संबंधित डीसीएलआर सदर के पारित आदेश का पालन नहीं करने कि शिकायत की गई। महदेवा बरियारपुर निवासी रामचंद्र यादव द्वारा अंचलाधिकारी बरियारपुर पर उनके वाद संख्या 1139एम/2022 के तहत पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने की शिकायत की गई। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। चुआबाग निवासी सुनीता सिन्हा द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अपनी जन शिकायत रखी गयी, जिसमें उन्होंने कहा कि उनके पति जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से उच्च वर्गीय लीपिक के पद से 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत हुए थे। सेवानिवृति के पश्चात अब तक उनके सेवान्त लाभ के बकाये राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल स्थापना उप समाहर्ता से बात कर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी को इस ओर शीघ्र कार्रवाई करते हुए भुगतान के निर्देश दिए गए। रामनगर छोटी लगमा निवासी गीता देवी ने कहा कि उनके बेटे की मौत 23/11/2024 को करंट लगने से हो गई। मृत्यु के दस माह के बाद भी आपदा राहत कोष के तहत मिलने वाली मुआवजे की राशि उन्हें अब तक नहीं मिली है। जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही इस मामले कि जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। पचरूखी धरहरा निवासी रामप्रवेश यादव द्वारा उनके जमीन पर जबरन कब्जा करने कि शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने सभी आमजनों की शिकायतों को सुनकर तत्काल सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन की जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से कहा कि आप अपनी कोई भी शिकायत सीधे मुझसे भी कर सकते हैं अथवा जनता दरबार में भी आ कर मुझसे मिल कर अपनी बातों को रख सकते हैं।

## एनडीए सरकार में समाज के हर तबके का हो रहा उत्थान : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में हर तबके का सर्वांगीण विकास हो रहा है ।खासकर कमजोर तथा वंचितों के लिए बिहार की एनडीए सरकार ने जितने विकासात्मक पहल किए हैं उसी का परिणाम है कि आज हर वर्ग के लोग विकास की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं ।दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार की एनडीए सरकार द्वारा आशा, ममता, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, रसोइए, नाइट गार्ड जैसे कार्यरत लोगों के लिए उनके मानदेय में किए गए वृद्धि तथा अन्य सुविधाओं में की गई वृद्धि को सरकार का प्रशंसनीय पहल बताते हुए कहा कि 125 यूनिट तक बिजली बिल माफ किए जाने संबंधी निर्णय लेकर अपनी मजबूत इच्छा शक्ति का परिचय दिया है। पत्रकारों के पेंशन राशि में की गई बढ़ोतरी शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों के वेतन में इजाफा किया जाना नए बस की खरीद पर बीस लाख रुपए की सहायता इंटर्नशिप युवाओं को छह हजार की मासिक सहायता पांच साल में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी का लक्ष्य सरकारी नौकरी में डोमिसाइल नीति के साथ 35 प्रतिशत का आरक्षण जैसे पहल के लिए नीतीश सरकार की नीति एवं नीतियों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने साबित कर दिया है कि यहां का विकास दूसरे प्रदेशो के लिए भी उदाहरण साबित हुआ है ।सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार के लोकप्रिय सीएम नीतीश के प्रति आभार प्रकट प्रकट करते हुए कहा है कि शिक्षा, ज्ञान, संस्कार तथा नीतिगत मुद्दों पर बिहार की महत्ता देश स्तर पर जगजाहिर हुई है।

# सामाजिक विकास, कुरीतियों के उन्मूलन समेत जन-जागरूकता अभियान में जीविका दीदियों ने अपना परचम लहराया

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय -राज्य के विकास में जीविका दीदियां विभिन्न रूपों में अपना अहम योगदान दे रही हैं। राज्य की सरकार ने इन पर विश्वास जताया है और इनके माध्यम से कई चुनौतीपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। जीविका दीदियां गरीबी उन्मूलन के साथ ही महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक विकास, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन समेत जन-जागरूकता अभियान में जीविका दीदियों ने अपना परचम लहराया है। राज्य के अस्पतालों, बैंकों एवं विभिन्न विभागों में जीविका दीदी की रसोई के सफल क्रियान्वयन के बाद अब सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की जिम्मेवारी अब जीविका दीदियों ने संभाल लिया है। ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार राज्य के प्रखंड सह अंचल कार्यालयों एवं परिसर की साफ- सफाई जीविका द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठनो द्वारा कराया जाना है। राज्य के प्रत्येक प्रखंड में जीविका द्वारा उनके नोडल संकुल स्तरीय संघ द्वारा प्रतिदिन साफ- सफाई क्रियान्वित किया जाएगा ' इसके लिए स्थानीय स्तर पर जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के बीच समझौता ज्ञापन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है यह समझौता तीन वर्ष के लिए किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रखंड कार्यालय परिसर एक महत्वपूर्ण स्थान है। लिहाजा परिसर को स्वच्छ रखना प्रखंड प्रशासन के लिए चुनौती रही थी। इसे देखते हुए जीविका दीदियों को स्वच्छता की कमान सौंपी गई है। जीविका दीदियां। इसी कड़ी में लखीसराय जिला के चानन प्रखंड में प्रखंड सह अंचल कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु हेतु शुक्रवार को सुश्री प्रिया कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी झ चानन एवं श्रीमती राधा देवी, अध्यक्ष झनारी कल्याण जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। एकरारनामा के बाद जीविका दीदियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर, में साफ- सफाई का कार्य शुरू कर दिया। अब प्रतिदिन जीविका दीदियां परिसर में साफ- सफाई का कार्य निर्धारित मापदंड और समझौते के अंतर्गत करेंगी। श्री निशिकांत पटेल, प्रबंधक, गैर कृषि ने बताया कि चानन से पूर्व लखीसराय जिला के बड़हिया, लखीसराय सदर, रामगढ़ चौक एवं हलसी प्रखंड सह अंचल कार्यालय की साफ सफाई का इकरारनामा पिछले माह ही हो गया था और वहां साफ -सफाई कर कार्य जीविका दीदियां द्वारा शुरू कर दिया गया था। अब कुल 5 प्रखंडों में जीविका दीदियों ने साफ -सफाई शुरू कर दिया है। सूर्यगढ़ा और पिपरिया में अगले सप्ताह समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद स्वच्छता की कमान जीविका दीदियां संभाल लेंगी। साफ -सफाई के लिए पांच जीविका दीदियों को अधिकृत किया गया है। ' इनमे से एक जीविका दीदी सुपरवाइजर के तौर पर कार्य करेंगी ' सफाई कार्यों की समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका द्वारा समय -समय पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर श्री इंदु भूषण सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, चानन, जीविका, श्रीमती राधा देवी, अध्यक्ष, नारी कल्याण जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं धर्मेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक- जीविका समेत संकुल स्तरीय संघ की सदस्य एवं प्रखंड कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

# बच्चों की जिद से परेशान 32 वर्षीय मां ने की आत्महत्या, चार मासूमों को छोड़ दुनिया से हुई विदा

प्रात : किरण संवाददाता





सहरसा जिले के चिरैया थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 32 वर्षीय महिला ब्यूटी कुमारी, ने घरेलू तनाव और बच्चों की जिद से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार दोपहर करीब दो बजे की बताई जा रही है। मृतका के पति रविन्द्र शर्मा, जो रोज की तरह खेतों में घास काटने गए थे, ने बताया कि वह जब घर लौटे तो देखा कि चारों बच्चे रो रहे थे। पहले उन्होंने पत्नी पर बाहर से ही गुस्सा जाहिर किया, लेकिन जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो घर में दाखिल हुए। वहां उन्होंने देखा कि ब्यूटी कुमारी ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रविन्द्र ने बताया कि ब्यूटी, गोपाल शर्मा की पुत्री थी, जिनसे उसकी शादी लगभग 7-8 साल पहले हुई थी। उसके चार बच्चे हैं जिनमें तीन की उम्र क्रमशः 8, 7 और 6 वर्ष है, जबकि सबसे छोटा सिर्फ 9 महीने का दूधमुंहा शिशु है। पड़ोसियों के अनुसार, दोपहर में जब स्कूल से लौटे बच्चों के साथ ब्यूटी की कुछ बहस हो रही थी, उसके बाद अचानक सब कुछ शांत हो गया। थोड़ी देर बाद जब रविन्द्र घर लौटे तो यह हृदय विदारक दृश्य सामने आया। घटना की जानकारी मिलते ही चिरैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को शुक्रवार को सहरसा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से महिला की मौत के पीछे के कारणों की गहराई से जांच की मांग की है।

# कोशी की विभीषिका ने ली एक और जान बाढ़ के पानी में डूबकर युवक की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोतथी गांव में बाढ़ की त्रासदी ने एक और परिवार को उजाड़ दिया। बुधवार को गांव के ही 22 वर्षीय युवक सचिन कुमार, पिता सिकंदर चौधरी, की मौत बाढ़ के गहरे पानी में डूबने से हो गई। परिजनों के अनुसार, सचिन अपने पिता के साथ गांव से दूर मवेशियों की देखभाल के लिए रोज खाना लेकर जाया करता था। उसका परिवार इन्हीं मवेशियों के दूध की आमदनी से अपना जीवन यापन करता था। बुधवार को भी सचिन खाना लेकर निकला, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, और गुरुवार को ग्रामीणों ने गांव के समीप गहरे बाढ़ के पानी से सचिन का शव बरामद किया। घटना की सूचना सलखुआ थाना को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सहरसा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर शोक की लहर है, वहीं प्रशासन से बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और सतर्कता बढ़ाने की मांग भी उठ रहा है।

# जदयू पार्टी के झंडे के दुरुपयोग करने वाले लोग जदयू का सदस्य नहीं है: नचिकेता मंडल

मुंगेर। जनता दल यूनाइटेड मुगेर के गार्डन बाजार स्तिथ जिला कार्यालय में प्रवक्ता विमलेन्दु राय ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा की बिभिन्न समाचार पत्रों से जानकारी मिल रहा हैं कि जदयू पार्टी के झंडे के दुरूपयोग की खबर प्रकाशित हुई है। जिसमें शराब तस्कर द्वारा पार्टी के झंडे का दुरूपयोग किया गया है, जनता दल यूनाइटेड पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता है की जिन शराब तस्कर को पुलिस द्वारा पकड़ा गया एवं पार्टी का झंडा लगाने वाले गाड़ी चालक,मालिक या जिसकी गाड़ी पकड़ी गयी है, उनमें से किसी का भी जनता दल यूनाइटेड में कोई भूमिका नहीं है, मुंगेर के जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल, खगड़िया के जिला अध्यक्ष बबलू मंडल एवं बेगुसराय के जिला अध्यक्ष रुदल राय द्वारा यह पुष्टि गई है की पकड़े गए तस्कर का पार्टी से कोई संपर्क नहीं है और ना ही वो पार्टी के सदस्य है. उन्होंने कहा कि ज्ञात है की मुख्यमंत्री नितीश कुमार के शराब बंदी के निर्णय पर विपक्ष खासकर राजद एवं कांग्रेस लगातार सरकार की छवि को खराब करना चाहता है, अपराधी, तस्कर, माफिया राजनीती पार्टी को एक टूल के रूप में उपयोग करना चाहते है एवं जनता में पार्टी की गरिमा को नुकसान करने के लिए पूरे बिहार में भ्रम एवं झूठ फैलाना चाहते है लेकिन मुख्यमंत्री नितीश कुमार के नेत्रित्व में बिहार पुलिस पूरी संवेदनशीलता तत्परता एवं कड़ाई के साथ अपराधियों पर शिकंजा कस रही है एवं जेल भेज रही है. हमारा मूल मंत्र ह्लना हम किसी को बचाते है,

# प्राचीन प्रतिमाओं को असामाजिक तत्वों ने किया खंडित

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा के रसलपुर गांव में असामाजिक तत्वों ने कई साल पुरानी प्राचीन बजरंगबली की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया है। पुलिस ने जांच शुरू की और गांव में पुलिस बल तैनात किया है। ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। घटना जिले के बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव का है। मामला गुरुवार की देर रात्रि का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी मुताबिक रसलपुर, कचहरी चौक स्थित कई वर्ष पहले स्थापित बजरंगबली की किमती प्रतिमा को असमाजिक तत्वों ने तोड़कर कर खंडित कर दिया। जिससे हिन्दू धर्मावलंबियों को काफी आहत पहुंची है और आक्रोश व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि असमाजिक तत्वों ने एक बजरंगबली की कीमती प्रतिमा को उल्टा कर तोड़ दिया तो दूसरे प्रतिमा की गदा और पूंछ को काट कर क्षतिग्रस्त कर दिया। तीसरे भगवती स्थान मंदिर प्रागंण में स्थापित ध्वजा को उखाड़कर फेंक दिया और चौथा महावीर स्थान मंदिर का ध्वजा उखाड़कर फेंक दिया है। ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मॉर्निंग वॉक के दौरान लगी है। जिसके बाद धीरे-धीरे ग्रामीणों की मंदिर परिसर में भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय पंचायत के मुखिया अशोक यादव, पूर्व मुखिया अनिल यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने इस पूरे घटना की जानकारी थाने को दिया। जिसके तुरंत बाद सूचना पर सिमरीबख्तियारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार ठाकुर, सर्किल इंस्पेक्टर मो. सूजाउद्दिन, सिमरी बख्तियारपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, बनमा थानाध्यक्ष ज्ञानानंद अमरेंद्र ने दल बल के साथ मंदिर स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। पुलिस उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए दोषियों को चिह्नित कर उनपर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। वहीं इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो हमलोग आंदोलन को बाध्य होंगें, जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी। मंदिर के पुजारियों ने कहा कि क्षतिग्रस्त मूर्ति को विधिपूर्वक विसर्जित करने के बाद फिर से नयी मूर्ति स्थापित करने की दिशा में पहल की जायेगी। घटना को किसने और किस नियत से अंजाम दिया है, यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है और पुलिस के अनुसंधान पर सबकी नजर टिकी हुई है। वहीं घटना के बाद गांव में भाड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

# गाँधीपथ वार्ड नम्बर - 39 में जलजमाव के कारण हाल है बेहाल



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बारिश के बाद सहरसा नगर निगम क्षेत्र के गाँधीपथ वार्ड नम्बर - 39 का हाल बेहाल है, आलम यह है कि गन्दे नाले और जलजमाव की वजह से लोग अपने ही घर मे जल कैदी बनकर रह रहे हैं। जलजमाव की वजह से लोगों को सांप बिच्छुओं के साथ साथ संक्रमण का भी डर सता रहा है। लोग अपने घर से निकलने के लिए बांस की सीढ़ी का सहारा ले रहे हैं। गाँधीपथ वार्ड नम्बर - 39 के सैकड़ों घर जलजमाव की चपेट में है और इनलोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगो का कहना है कि यूँ तो पिछले कई वर्षों से इस इलाके में गन्दे नाले का पानी लगा रहता है लेकिन बारिश के बाद यहाँ की स्थिति और भी नारकीय हो गई है जिसे देखने वाला कोई नही है। हालांकि जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा जलनिकासी की कवायद की जा रही है।

# जनसुराज की बिहार बदलाव सभा में पार्टी नेताओं ने भरी हुंकार

- इस बार वोट शिक्षा और रोजगार के नाम : सोहन झा

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा बिहार बदलाव सभा में भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाने की गुंज में एकजुट हुए लोग कहरा प्रखंड के बसौना गाँव में आयोजित बिहार बदलाव सभा पार्टी के क्रांतिकारी नेता सोहन झा के नेतृत्व में बदलाव की हुंकार भरी गयी। इस दौरान सोहन झा ने आमलोगों की मांग से जुड़ी आवाज को बुलंद करते हुए बताया कि यह महज सभा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और लूटतंत्र के खिलाफ जनविद्रोह का आरंभ है। सहरसा की धरती आज गूंज उठी अब नहीं चाहिए 20 साल का कुशासन की सरकार वहीं आमलोगों को संबोधित करते हुए सोहन झा ने कहा कि बिहार के लोग 20 साल से धोखा खा रहे हैं। अब समय आ गया है कि इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका जाए उन्होंने कहा की पिछले 35 वर्षों से महागठबंधन एवं एनडीए की सरकार द्वारा सहरसा वासियों को ठगा जा रहा है चाहे वो जाम की समस्या हो या स्वास्थ्य, शिक्षा से जुड़ी समस्या हो। सोहन झा ने कहा की बिहार में अफसरशाही चरम पर है। सभी सरकारी पदाधिकारी भ्रष्ट हो चुका है। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह पार्टी संस्थापक प्रशांत किशोर के सोच एवं बिहार बदलाव के लिए बनाई गई कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी देते कहा कि शिक्षा, रोजगार समेत जरूरतमंदों को योजना का सही तरीके से लाभ देकर उनके जीवन में बेहतर बदलाव लाकर बिहार के गौरवशाली इतिहास को देश के पटल पर मिशाल बनान ही पार्टी का एक मात्र उद्देश्य है।सभा में उपस्थित पार्टी के अभियान समिति के जिला संयोजक प्रभात कुमार स्थान पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, विधानसभा प्रभारी कुमार अमृतराज, जिला संगरक्षक सदस्य अरविंद खाँ, प्रखंड उपाध्यक्ष बीरबल झा, मुन्नीनाथ झा, युवा नेता नीरज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# सिंघेश्वर विधानसभा से डॉ. कुंदन सुमन ने ठोकी दावेदारी, बोले- लालू यादव की पार्टी से लड़ेंगे चुनाव

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बीच डॉ. कुंदन सुमन ने एक बड़ा राजनीतिक एलान कर चर्चा का केंद्र बिंदु बन गए हैं। शुक्रवार को मधेपुरा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने ऐलान किया कि वे सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं। डॉ. सुमन ने कहा, मैं हमेशा से सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी जैसे जमीनी मुद्दों के लिए काम करता रहा हूं। राजद की विचारधारा से मेल खाता हूं और लालू जी के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहता हूं। उनकी इस घोषणा के बाद राजनीतिक गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म है। डॉ. सुमन लंबे समय से सामाजिक सेवा से जुड़े रहे हैं और युवाओं में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है। हाल के दिनों में उन्होंने कई जनसंपर्क कार्यक्रम चलाए और युवाओं, किसानों, शिक्षित बेरोजगारों से संवाद साधा है। सिंघेश्वर सीट पर राजद का परंपरागत दबदबा रहा है। 2020 में यह सीट चंद्रहास चौपाल ने राजद के टिकट पर जीती थी। ऐसे में डॉ. सुमन की दावेदारी पार्टी के भीतर टिकट को लेकर मुकाबले को दिलचस्प बना सकती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद डॉ. सुमन ने दर्जनों युवाओं के साथ बैठक कर समर्थन जुटाने की मुहिम तेज कर दी है। उनकी सक्रियता और साफ-सुथरी छवि को देखते हुए समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अब सबकी निगाहें राजद के शीर्ष नेतृत्व की ओर टिकी हैं कि क्या वे एक नए और ऊर्जावान चेहरे को मौका देंगे। यदि डॉ. कुंदन सुमन को टिकट मिलता है तो यह मुकाबला बेहद रोचक हो सकता है और सिंघेश्वर विधानसभा फिर से प्रदेश की हाई-प्रोफाइल सीटों में शामिल हो सकती है।

# फुलवरिया के राजपूत टोला में चोरों ने दो घरों में की चोरी



- लाखों के जेवरात लेकर हुए फरार ,जांच में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहटः-प्रखंड के मलयपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के राजपूत टोला में गुरुवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। एक घर में खिड़की तोड़कर और दूसरे में दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इससे गांव में दहशत का माहौल है। चोरी की पहली घटना गांव निवासी संजय सिंह पिता स्व श्याम नारायण सिंह के घर में हुई। संजय सिंह ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ भोपाल में रहते हैं और हाल ही में गांव से लौटे थे। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने फोन कर बताया कि उनके घर की खिड़की टूटी हुई है और घर में चोरी हो गई है। जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है।

पीड़ित संजय सिंह ने बताया कि उनके घर के दो बक्से खेत में लगभग 500 मीटर दूर पड़े मिले। उन्होंने बताया कि चोरों ने सोने-चांदी के कीमती जेवरात जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है और 10,000 रुपये नकद चोरी कर लिए। 100 मीटर दूर दूसरे घर को भी बनाया निशाना इसके बाद चोरों ने पास में ही लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित राम प्रवेश सिंह पिता चंद्रिका सिंह के घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित नीलम देवी ने बताया कि रात में वे भोजन के बाद अपने बच्चे के साथ पास के ही घर में सोने चली गई थीं। सुबह जब वापस लौटीं तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और बक्से से सोने-चांदी के गहने और एक लाख रुपये नकद गायब थे।

मौके पर पहुंचे पुलिस और मुखिया घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने मलयपुर थाना पुलिस और पंचायत मुखिया को सूचना दी। सूचना मिलने पर एसआई महेश सिंह, एएसआई प्रेमरंजन राय और पंचायत के मुखिया कपिलदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से घटना की जानकारी ली। गांव में दहशत का माहौल लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से फुलवरिया गांव के लोग डरे और सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि चोरों को गिरफ्तार किया जा सके और क्षेत्र में शांति का माहौल वापस लौटे। क्या कहते हैं थानाध्यक्ष ? मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें मिली है, लेकिन अब तक पीड़ितों की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। भागलपुर से डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया जा रहा है

# कन्या मध्य विद्यालय चौसा में छात्राओं को दिया गया एचपीवी वैक्सीन का पहला डोज

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के कन्या मध्य विद्यालय चौसा में शुक्रवार को छात्राओं को एक पी वी वैक्सीन का पहला डोज दिया गया। यह टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किया गया। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को लगा टीका का पहला डोज प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र झा और प्रधानाध्यापक विजय पासवान की देखरेख में यह टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पल्लवी भारती ने छात्राओं को एच पी वी वैक्सीन के लाभ और सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एच पी वी वैक्सीन का टीकाकरण एएनएम उषा कुमारी तन्नू कुमारी प्रतिमा कुमारी द्वारा किया गया। छात्राओं के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और वैक्सीन सुनिश्चित कराने में प्रखंड स्वास्थ्य प्रशिक्षक गोपाल सिंह, फार्मासिस्ट मुकेश कुमार, सूरज राज, विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार सुमन, प्रिया नंदी, प्रीति कुमारी, अमीम आलम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस टीकाकरण अभियान से विद्यालय की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में मदद मिलेगी। विद्यालय में 124 छात्राओं को एच पी वी वैक्सीन टीकाकरण दिया गया। बीईओ श्रीझा ने छात्राओं के अभिभावकों से आगे आकर स्वास्थ्य विभाग को सहयोग देने की अपील की।उन्होंने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) एक सामान्य वायरस है, जो गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।यह महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे अधिक प्रचलित कैंसर है।इसे रोकने के लिए 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीका देना अत्यंत जरूरी माना गया है।बिहार सरकार ने इसे मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना में शामिल करते हुए बिहार में निःशुल्क टीकाकरण शुरू किया है। आयु व शारीरिक स्थिति के अनुसार वैक्सीन की एक या दो खुराक लगेगी। बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने कहा कि इन दिनों कैंसर महिलाओं में बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। इसके प्रति समय रहते जागरूकता और वैक्सीनेशन ही सर्वोत्तम सुरक्षा उपाय है। इसलिए यह टीकाकरण बहुत जरूरी है।

# जनता दरबार में कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिलाधिकारी श्री नवीन के निदेशानुसार शुक्रवार 01 अगस्त को विशेष कार्य पदाधिकारी नागमणि वर्मा तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया । जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों एवं नगर परिषदों से आये नागरिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड और राजस्व संबंधी के साथ साथ अन्य समस्याएं रखीं। उन्होंने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिये। कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर आवेदकों को राहत प्रदान की गयी।

# संतो बाबा के सहरसा आगमन पर निगम पार्षद नें किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा कलयुग में भक्त की भक्ति आस्था श्रद्धा विश्वास समर्पण भाव सें भगवान की कृपा अवश्य फलीभूत होती है।जिसके कारण असाध्य रोग, काला जादू, तंत्र, मंत्र, टोना, टोटका तथा भूत प्रेत बाधा का निवारण संतो बाबा के दरबार में क्षण मात्र में दूर होता है। जहां राज्य के सभी जिलों एवं अन्य राज्य सहित नेपाल के लोग भी उनके दरबार में अर्जी लगाकर ठीक हो रहे है। ऐसे दिव्य संत सुरेश कुमार उर्फ संतो बाबा के शुक्रवार को सहरसा आगमन पर पूरब बाजार स्थित निगम पार्षद आशीष सिंह के कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद आशीष रंजन सिंह ने संतो बाबा का पाग चादर एवं फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत कर वहां पहुंचे अन्य भक्तों का बाबा से आशीर्वाद एवं दर्शन कराया। वही संतो बाबा ने कहा कि यहां आकर अतीव प्रसन्नता हो रही है। और मै काफी खुश हू कि शहर में भी मिथिला की रीति रिवाज व सम्मान करने की परंपरा कायम है। यह देखकर मुझे अति प्रसन्नता हो रही है। एक और जहां लोग पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आज भी लोग भारतीय सभ्यता संस्कृति रीति रिवाज परंपरा का पालन कर रहे हैं। उन्होंने विदेशी सभ्यता की नकल करने वाले लोगों को सनातन धर्म अंतर्गत 33 कोटि (प्रकार) देवी देवताओं का भक्ति पूर्वक पूजा अर्चना तथा अनुश्रवण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारत सदैव साधु संतों का देश रहा है। धर्म परायण देश रहने के कारण धर्म एवं साधु संतों के प्रति लोगों में बहुत आस्था है। उन्होंने कहा कि इस आस्था एवं भक्ति के कारण ही संतो बाबा के आशीर्वाद से विगत 8 वर्षों से पीड़ित लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरबार में आने वाले एवं अर्जी लगाने वाले की पुकार सुनकर संतो बाबा के आशीर्वाद से पीड़ित व्यक्ति ठीक हो रहे हैं। इस मौके पर निगम पार्षद प्रतिनिधि सिंकु सिंहा, दीपक सिंह, बादल सिंह, राजेश गुप्ता, सुमन सिंह, लक्की यादव, गणेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे। ज्ञात हो कि संतो बाबा का दरबार सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड स्थित महेशपुर जिबछपुर में स्थापित है। उन्होंने कहा कि इस दरबार में आने वाले लोगों को कोई शुल्क नहीं लगता है ऐसे में बाबा ने बिचौलिए लोगों से सावधान रहने की बात कही।

# बिहार विधान सभा चुनाव 2025 के चुनाव में हो सकता है बड़ा उलटफेर

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



बिहार की राजनीति वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव की ओर तेजी से बढ़ रही है। नीतीश कुमार की सरकार पर लगातार हमले हो रहे हैं, एक ओर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के तेजस्वी यादव हैं तो दूसरी ओर हैं रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर, जो अब जन सुराज के साथ बिहार की राजनीति में निर्णायक मोड़ लाने का दावा कर रहे हैं। प्रशांत किशोर का चुनावी हस्तक्षेप न सिर्फ भाजपा और जदयू की रणनीति को चुनौती दे रहा है, बल्कि यह विपक्ष के लिए भी एक अप्रत्याशित सियासी समीकरण बनता जा रहा है। प्रशांत किशोर ने राजनीति के गलियारों में अपनी पहचान बतौर एक चुनावी रणनीतिकार बनाई थी। नरेंद्र मोदी से लेकर ममता बनर्जी तक और कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी तक, प्रशांत किशोर ने लगभग हर प्रमुख दल के लिए कभी न कभी चुनावी गणित बैठाया है। लेकिन अब प्रशांत किशोर एक नई भूमिका में हैं, एक नेता के रूप में। प्रशांत किशोर ने बिहार की यात्रा कर, जन संवाद को मुख्य हथियार बनाया है। उनका दावा है कि उन्होंने राज्य के हर जिला, हर प्रखंड और गांव में जाकर जनता की समस्याएं सुना है। इस यात्रा के बाद उन्होंने जन सुराज को एक राजनीतिक संगठन का रूप दिया है। प्रशांत किशोर का दावा है कि ह्लजन सुराज बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बिना किसी गठबंधन के, अपने दम पर सरकार बनाएगी। प्रशांत किशोर ने बिहार के सामने जो समस्याएं चिन्हित किया हैं, वह नई नहीं हैं बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार, शिक्षा की बदहाली और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। लेकिन प्रशांत किशोर का दावा है कि उनके पास इन समस्याओं का ठोस और व्यावहारिक समाधान है। बिहार में केवल 23 लाख सरकारी नौकरियां हैं, जो आबादी का सिर्फ 2% है। 98% लोगों के लिए निजी क्षेत्र, स्वरोजगार और उद्योग ही एकमात्र विकल्प हैं। प्रशांत किशोर का कहना है कि ह्लसरकारी नौकरी देकर पलायन नहीं रोका जा सकता है। इसके लिए बिहार को शिक्षा और पूंजी का केंद्र बनाना होगा।ह्व बिहार से मजदूर, छात्र, बुद्धिजीवी और पूंजी, सभी पलायन कर रहे हैं। जन सुराज का दावा है कि यदि सरकार ईमानदारी से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए पूंजी सुलभ करे, तो एक साल में पलायन की रफ्तार थम सकता है। प्रशांत किशोर ने कहा है कि उनके साथ 10 प्रसिद्ध अर्थशास्त्री काम कर रहे हैं, जिन्होंने बिहार के लिए एक विशेष आर्थिक मॉडल तैयार किया है। प्रशांत किशोर अपने भाषणों और जनसभाओं में भाजपा, जदयू और तेजस्वी यादव, सभी को एक साथ लपेट लेते हैं। वे तथ्यों और आंकड़ों के साथ बात करते हैं, जिससे उनका संवाद जनता में प्रभाव छोड़ता है। मुख्यमंत्री ने गरीबों को दो लाख रुपये देने का वादा किया था, एक भी परिवार को अब तक पैसा नहीं मिला।नीतीश कुमार की सरकार में सिर्फ जातीय आंकड़े बदलने की राजनीति हुई है। भाजपा पर सीधा वार करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा है कि अब बीजेपी भी पीली टोपी पहन रही है क्योंकि उन्हें पता है जनता अब हमारे साथ है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी ने 15 लाख की बात कही थी, नीतीश कुमार ने दो लाख की – दोनों झूठे वादे निकले। सम्राट चौधरी और मंगल पांडे पर निशाना साधते हुए कहा है कि सम्राट चौधरी मेरे भाई हैं, लेकिन भाई-भतीजावाद नहीं चलेगा। गलती की है तो सामने आएंगे। मंगल पांडे पर किस्तों में खुलासे होंगे। प्रशांत किशोर ने भू-सर्वे और भ्रष्टाचार पर कहा है कि बिहार में 2013 से भू-सर्वे शुरू हुआ, लेकिन अब तक सिर्फ 20% जमीन की मापी हो सकी है। उड और उऌछफकी पोस्टिंग में 25-50 लाख की रिश्वत ली जा रही है। सर्वे का काम धन उगाही का उद्योग बन गया है। उन्होंने कहा है कि 2006 में वादा किया गया था कि महादलितों को 3 डिसमिल जमीन दी जाएगी।आज तक सिर्फ 2.34 लाख परिवारों को जमीन दी गई है, जिनमें से 1.2 लाख को आज तक कब्जा नहीं मिला है। नीतीश कुमार की सरकार ने जातीय जनगणना करवाई और उसके आधार पर आरक्षण बढ़ाने का दावा किया। लेकिन केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव नहीं भेजा गया। तांती-तंतवा समुदाय को एससी का दर्जा देने की घोषणा तो हुई, लेकिन कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। जातियों का वर्गीकरण सिर्फ चुनावी लाभ के लिए किया गया। तेजस्वी यादव अपने बयानों से नीतीश सरकार को घेरने में लगे हैं। वे बेरोजगारी, अपराध और शिक्षा की दुर्दशा को मुद्दा बना रहे हैं। लेकिन उनका खुद का पारिवारिक विवाद आरजेडी के लिए चुनौती बनता जा रहा है। तेज प्रताप ने ह्लटीम तेज प्रतापह्व बनाकर महुआ सीट से निर्दलीय लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार और पार्टी को अनफॉलो कर दिया है। वे पीले रंग को अपनी पहचान बता रहे हैं, जो प्रशांत किशोर की जन सुराज का भी रंग है। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद ने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने राबड़ी देवी, जगदानंद सिंह, महबूब अली कैसर, उदय नारायण चौधरी, इन चारों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है।

# भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं चाहिए

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प आज कल टैरीफ को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही राष्ट्रपति ट्रम्प के सीजफायर पर संसद में उनका गुणगान नहीं किया गया और बदले की भावना से रूस से भारत के तेल व्यापार का बहाना बनाकर भारत पर 25परसेंट टैरीफ लगाने का ऐलान कर दिया इससे भारत को चिंता करने की बात नहीं है अटलजी जब प्रधानमंत्री थे तो 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण पर भी आर्थिक प्रतिबंध इससे कहीं अधिक था लेकिन बाद में आर्थिक प्रतिबन्ध को हटाना पड़ा क्योंकि उससे अमेरिका का ही बाजार बन्द हुआ और नुकसान हुआ अब 25 परसेंट लगावो या 100 परसेंट भारत 140 करोड़ जनता का देश है और लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अतः हम क्यों डरे भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे मजदूर वर्ग कोई चोरी से नहीं मेहनत से रोटी के लिए खून पसीना एक कर देता है चाहे गर्मी हो या बरसात और एक आकड़ा के मुताबिक भारत के गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बीजेपी को सबसे ज्यादा वोट देते हैं हमारा देश भगवान राम के आदर्शो पर चलने वाला देश है किसी भी देश की अपनी आतंरिक मामलों पर दखल देना हरगिज पसन्द नहीं करेगा भारत माता में हमारी पुरी आस्था है और हमारे जवान जुझारू हैं हमारी टेक्नोलॉजी को पुरी दुनिया लोहा मानती हैं अतः कभी भी भारत को किसी भी क्षेत्र में कम आंकना गलत होगा टैलेंटेड लोगो की खान है भारत, तभी अमेरिका के लाख मना करने और उसके सेटेलाईट को मात देकर परमाणु परीक्षण किया और देश में कलाम और चिदंबरम जैसे वैज्ञानिक हुए देश उस समय गर्व से एकता का प्रदर्शन किया और अभी भी भारत को इन सब से चिंता नहीं चैलेन्ज की तरह लेना चाहिए। इसी पर एक कहानी याद आती है एक बार गिद्धों का एक बड़ा झुंड उड़ता-उड़ता एक टापू पर जा पहुँचा। वह टापू समुद्र के बीचों-बीच था, जहाँ शांति ही शांति थी। मछलियाँ, मेंढक और छोटे समुद्री जीवों की भरमार थी। वहाँ गिद्धों को भोजन की कोई कमी नहीं थी। और सबसे बड़ी बात—टापू पर कोई शिकारी जानवर नहीं था। गिद्धों को जैसे स्वर्ग मिल गया हो। आरामदायक जीवन, बिना किसी खतरे के। हर दिन मौज-मस्ती, भरपेट भोजन और चैन की नींद। गिद्धों में अधिकतर युवा थे। उन्होंने वहीं बस जाने का मन बना लिया। वे बोले, ह्लअब जंगल का क्या काम? वहाँ खतरे हैं, मुश्किलें हैं। हम यहीं रहेंगे, यही हमारा भविष्य है।ह्व लेकिन उसी झुंड में एक बूढ़ा गिद्ध भी था। उसने वह जंगल देखा था जहाँ जीवन कठिन था, लेकिन सच्चा था। उसने शिकारी जानवरों से जूझना सीखा था, भूख में उड़ना सीखा था, और गिरकर उठना सीखा था। एक दिन बूढ़े गिद्ध ने सभा बुलाई। उसने कहा, ह्लबेटों, यह टापू तुम्हें मजबूत नहीं बना रहा, यह तुम्हें कमजोर कर रहा है। तुम उड़ना भूल चुके हो, पंजे कुंद हो गए हैं, और आँखें आलस की धुंध में धँस चुकी हैं।

# एआई का विस्तार या नौकरी का संकुचन: बड़ी चुनौती

**टीसीएस की छंटनी ने बेरोजगारी के दौर में बड़ी हलचल मचाई है, हालांकि आईटी और तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले बढ़े हैं, लेकिन उनमें व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख कौशल की कमी है। यह असंगति ही भविष्य में अधिक छंटनियों का कारण बन सकती है। एआई हर भूमिका को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उसे पुनर्परिभाषित करेगा। जहां दोहराव और विश्लेषण की आवश्यकता है, वहां एआई प्रभावी होगा, लेकिन रचनात्मकता, सहानुभूति और निर्णय क्षमता जैसे गुणों में मानव की भूमिका बनी रहेगी। डॉक्टर, शिक्षक, वकील, पत्रकार जैसे पेशों में एआईएक सहयोगी के रूप में कार्य करेगा, प्रतिस्थापन के रूप में नहीं। मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकुन के अनुसार, एआई अधिकतर कार्यों का केवल एक हिस्सा ही कर सकता है, वह भी पूरी तरह परिपूर्ण नहीं।**







**ललित गर्ग**

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

भारत जैसे युवाओं वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में तकनीकी विकास के प्रति उत्साह हमेशा गहरा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकें समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था में तीव्र बदलाव की सारथि बनी हैं। हर वर्ग और क्षेत्र ने इस परिवर्तन को आशा एवं सकारात्मकता के साथ अपनाया है, इस उम्मीद में कि तकनीकी तरक्की के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लेकिन हाल ही में आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12, 000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया और इसे बड़ा झटका दिया है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दशार्ता है। छंटनी बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। यह संख्या कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 2 प्रतिशत है, और मुख्यतः मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी।

एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उदाहरण के तौर पर, एमेजोन ने 30, 000 सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों को एआई की मदद से मात्र छह महीनों में अपग्रेड किया, जो कार्य सामान्यतः डेवलपर्स को एक वर्ष लगता। इससे कंपनी को लगभग 250 मिलियन डॉलर की बचत हुई। इसी प्रकार, माइक्रोसोफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों में कोडिंग का 20 से 50 प्रतिशत कार्य एआई से कराया जा रहा है। भारत में एआई का प्रसार अभी अमेरिका या यूरोप की तुलना में सीमित है, लेकिन इसकी गति तीव्र है। देश के स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र में छंटनियों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल वर्ष 2025 के शुरूआती पांच महीनों में भारत में 3600 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया, जिसमें एआई आधारित लागत नियंत्रण एक प्रमुख कारण रहा। यह स्पष्ट करता है कि एआई के कारण दोहराव वाले कार्यों की उपयोगिता घट रही है और उनकी जगह स्मार्ट तकनीक ले रही है। मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, अनेक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाले बनकर उभर रहे हैं कि क्या यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए? एआई युग में नौकरी की अनिश्चितता क्या तकनीक विकास के नाम पर विस्थापन नहीं है? छंटनी की चपेट में युवाओं का भविष्य क्या तकनीकी प्रगति के नाम पर मानव श्रम पर आघात नहीं है? क्या स्मार्ट मशीनें के दौर में भारत में रोजगार को नई चुनौती और इंसानों को हताशा में धकेलना नहीं है? एआई का विस्तार यानी नौकरी का संकुचन क्या भारत के लिए बड़ी चेतावनी की घड़ी बन रहा है? इन प्रश्नों के परिप्रेक्ष्य में देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लेकिन टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में हरियाणा में हुई एक परीक्षा में लाखों युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि रोजगार की मांग कितनी व्यापक और अवसर कितने सीमित हैं। देश ही नहीं, दुनिया में रोजगार का संकुचन एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। गोल्डमैंन सोच्स की रिपोर्ट के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के चलते दुनिया भर में लगभग 300 मिलियन नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। विश्व आर्थिक मंच का आकलन है कि 2030 तक 92 मिलियन नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन उसी अवधि में 170 मिलियन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। यह एक दोधारी तलवार है, जो बदलेगा, बचेगा; जो रुकेगा, वो हाशिए पर जाएगा। टीसीएस का दावा है कि छंटनी का निर्णय भविष्य की जरूरतों के अनुसार संगठन को ढालने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का ध्यान एआई में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहक अनुभव सुधार और कार्यबल मॉडल के पुनर्गठन पर केंद्रित है। हालांकि, यह तर्क उन हजारों कर्मचारियों की व्यथा को शांत नहीं कर सकता जिनकी आजीविका पर इसका सीधा प्रहार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कंपनी के भीतर बल्कि समूचे आईटी क्षेत्र में आशंका, आक्रोश एवं अनिश्चितता का माहौल बन गया है। खासकर युवाओं और आईटी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों के लिए यह एक मानसिक झटका है। तकनीकी शिक्षा में दाखिले बढ़ रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। यह असंतुलन देश की सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण जोखिम में हैं। भारत में अनुमान है कि 2025 तक 12-18 मिलियन नौकरियां एआई आधारित ऑटोमेशन के चलते प्रभावित हो सकती हैं, विशेषकर आईटी और बीपीओ क्षेत्रों में।

# एक बार विधायक, उम्रभर ऐश! 5 साल की कुर्सी बनाम 60 साल की नौकरी: पेंशन का पक्षपात

**लोकतंत्र की मखौल उड़ाती पेंशन व्यवस्था इस देश में अगर कोई प्रणाली सबसे ज्यादा असमान और तानाशाही के पास है, तो वो नेताओं की पेंशन है। खुद को जनसेवक कहने वाले ये लोग, सेवा कम और सत्ता ज्यादा भोगते हैं। और जब सेवा खत्म होती है, तब भी सत्ता की सुविधाएं जारी रहती हैं-पेंशन के रूप में। जनता से जुड़े मुद्दों पर चुप रहने वाले कई नेता सिर्फ इस पेंशन के भरोसे राजनीति में बने रहते हैं। विचारधारा कोई भी हो-पेंशन सबकी एक जैसी चलती है। यहाँ कोई आरक्षण नहीं, कोई कटौती नहीं, कोई ग्रेड पे नहीं। सब एक समान-क्योंकि वो नेता हैं! क्या यही समानता का राज है? नेताओं की पेंशन समाप्त करो-नहीं तो कर्मचारियों को भी बराबरी दो! अगर एक नेता 5 साल की सेवा के बाद पेंशन का अधिकारी हो सकता है, तो क्यों न एक अध्यापक को भी 5 साल की सेवा पर वही सुविधा दी जाए?**



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**लेखक**



एक आदमी 60 साल काम करके भी पेंशन के लिए भटकता है, और एक नेता 5 साल की कुर्सी पकड़कर उम्रभर ऐश करता है! क्या यह वही लोकतंत्र है, जिसे हमने जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा माना था? क्या संविधान ने यही समानता का वादा किया था? सरदार सिंह जोहल जैसे नागरिकों की याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट तक इसलिए पहुंचती हैं क्योंकि अब सब्र की हदें पार हो चुकी हैं। जो कर्मचारी ताउम्र फाइलें उठाता रहा, खेत में पसीना बहाता रहा, स्कूल में बच्चों को गढ़ता रहा, अस्पताल में जिंदगी बचाता रहा-उसके लिए पेंशन आज भी एक सुविधा नहीं, संग्राम है। वहीं एक जनप्रतिनिधि, जिसे जनता ने 5 साल के लिए चुनकर भेजा, भले ही वो एक दिन भी सदन में न गया हो, उसे आजीवन पेंशन मिलती है-और सिर्फ एक बार विधायक या सांसद बनने के आधार पर! काम नहीं, कुर्सी ही काफी है! भारत में कई राजनेता ऐसे हैं जो एक बार विधायक या सांसद बने, और फिर कोई चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन उनकी जेब में अब जीवन भर के लिए सरकारी खजाने से पैसा जाता रहेगा-क्योंकि ह्ववो कभी विधायक थेह्ल! सोचिए, अगर किसी क्लर्क को सिर्फ एक साल नौकरी करके पेंशन मिलने लगे तो वित्त मंत्रालय थर-थर कांप उठेगा! लेकिन जब बात नेताओं की हो, तो तर्क, नैतिकता और समानता सब किनारे हो जाते हैं। 2018 सुधार अधिनियम का खोखलापन 2018 में एक सुधार अधिनियम लाया गया था, जिसमें कोशिश की गई कि जनप्रतिनिधियों की पेंशन व्यवस्था को तर्कसंगत बनाया जाए। लेकिन जमीनी स्तर पर न तो इसके नियम लागू हुए, न ही नेताओं की कोई जवाबदेही तय हुई। नेताओं की पेंशन न नौकरी पर आधारित है, न योगदान पर। कोई रिव्यू नहीं, कोई मूल्यांकन नहीं। बस एक बार शपथ ले लो, उम्र भर सुख। सवाल यह नहीं कि उन्हें क्यों मिलती है, सवाल यह है कि हमें क्यों नहीं? सवाल यह नहीं कि नेताओं को पेंशन क्यों मिलती है। सवाल यह है कि आम नागरिक जो जीवन भर सेवा करता है, उसे यह क्यों नहीं मिलती? हजारों संविदा कर्मचारी, गेस्ट टीचर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अनुबंध पर काम करने वाले डॉक्टर-नर्स, सफाईकर्मी-क्या इनकी मेहनत नेता से कम है? आज भी लाखों सरकारी कर्मचारी रिटायर होने के बाद न्यू पेशन स्कीम (एनपीएस) के तहत अपने ही पैसों की ईएमआई काटकर पेंशन पाने की आस लगाए बैठे हैं। और उधर नेताजी, जिनके पास पहले से ही तमाम भत्ते, गाड़ियाँ, बंगले और सुरक्षा है, वो पेंशन का लड्डू भी चबा रहे हैं। लोकतंत्र की मखौल उड़ाती पेंशन व्यवस्था इस देश में अगर कोई प्रणाली सबसे ज्यादा असमान और तानाशाही के पास है, तो वो नेताओं की पेंशन है। खुद को जनसेवक कहने वाले ये लोग, सेवा कम और सत्ता ज्यादा भोगते हैं। और जब सेवा खत्म होती है, तब भी सत्ता की सुविधाएं जारी रहती हैं-पेंशन के रूप में। जनता से जुड़े मुद्दों पर चुप रहने वाले कई नेता सिर्फ इस पेंशन के भरोसे राजनीति में बने रहते हैं। विचारधारा कोई भी हो-पेंशन सबकी एक जैसी चलती है। यहाँ कोई आरक्षण नहीं, कोई कटौती नहीं, कोई ग्रेड पे नहीं। सब एक समान-क्योंकि वो नेता हैं! क्या यही समानता का राज है? नेताओं की पेंशन समाप्त करो-नहीं तो कर्मचारियों को भी बराबरी दो! अगर एक नेता 5 साल की सेवा के बाद पेंशन का अधिकारी हो सकता है, तो क्यों न एक अध्यापक को भी 5 साल की सेवा पर वही सुविधा दी जाए? क्यों नहीं एक किसान को, जिसने हर साल अन्न उगाया, उम्र भर के लिए न्यूनतम पेंशन मिले? या फिर एक सख्त और निष्पक्ष निर्णय लिया जाए-कि जब तक आम कर्मचारी को स्थायी नौकरी और पेंशन की गारंटी नहीं दी जाती, तब तक किसी नेता को भी यह सुविधा नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेपः उम्मीद की किरण सरदार सिंह जोहल की याचिका में यह मांग की गई है कि नेताओं की पेंशन को समाप्त किया जाए या कम से कम उसमें भी कर्मचारी की तरह ही नियम लागू किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट को इस पर त्वरित और ऐतिहासिक फैसला देना चाहिए। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, यह सामाजिक न्याय का सवाल है। यह भारत के संविधान में लिखी गई समानता की भावना का अपमान है कि एक वर्ग विशेष को सिर्फ पद के नाम पर लाभ दिया जाए, और बाकी लोगों को जीवन भर संघर्ष करना पड़े। जनता की भूमिकाः अब चुप मत रहो यदि हम चुप रहेंगे तो ये असमानता कभी नहीं खत्म होगी। इस संदेश को, इस भावना को और इस आवाज को हमें हर गली, मोहल्ले, पंचायत, और विश्वविद्यालय तक पहुँचाना होगा। आज जो कर्मचारी है, कल वो ही मतदाता है-और जब तक वोट की ताकत से बदलाव नहीं होगा, तब तक पेंशन जैसी सुविधा सिर्फ नेता की जेब में ही रहेगी। हर कर्मचारी संगठन, हर युवा मंच, हर शिक्षक संघ, हर डॉक्टर संगठन को यह मांग अब जोर से उठानी चाहिए-ह्वया तो सबको पेंशन, या किसी को नहीं!

# पीएम-किसान: किसानों के सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के रूपांतरण के भारत का वैश्विक खाका

डॉ. प्रमोद मेहरदा

समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई, इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है। प्रत्यक्ष समर्थन के जरिए किसानों का सशक्तिकरण मूल रूप से, पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। यह सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपये की तीन बराबर किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवं तकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइश खत्म होती है और एक-एक पाई इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है। इस योजना की शुरूआत से लेकर अब-तक, कुल 3.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम-किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधी एक बदलाव का प्रतीक है। बात चाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतर इस्तेमाल कैसे करें। भारत के छोटे किसानों के हित में एक परिवर्तनकारी कदम दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85 प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी लाते हैं और संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है। डिजिटल शासन की श्रेष्ठता पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी - जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी - ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है। राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है और इससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केन्द्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है। पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके। वैश्विक मानकों की स्थापना दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं – इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है। आईएफपीआरआई, फएओ, आईसीएआर और आईसीआरआईएसएटी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित व बिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवं सम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है। ग्रामीण विकास को गति देना पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है।

# जिलास्तरीय मशाल प्रतिभा खेल प्रतियोगिता 18 अगस्त से होगा प्रारंभ

## 21 अगस्त तक महाराजा स्टेडियम बेतिया में आयोजित होगा जिला स्तरीय मशाल प्रतिभा खेल प्रतियोगिता

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। शिक्षा विभाग, खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना तथा जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मशाल प्रतिभा खेल प्रतियोगिता 2024 दिनांक 18 से 21 अगस्त 2025 तक महाराजा स्टेडियम बेतिया में आयोजित की जाएगी। इसकी सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने समीक्षात्मक बैठक की तथा जिला खेल पदाधिकारी को प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां समय पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बहुत साफ लहजे में कहा कि किसी के प्रभाव में आकर पक्षपात नहीं होनी चाहिए। डीएम ने सिविल सर्जन को आयोजन स्थल पर प्राथमिक उपचार करने के लिए, मेडिकल टीम एंबुलेंस सहित व्यवस्था, नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया को साफ सफाई व पानी टैंकर की व्यवस्था, अनुमंडल पदाधिकारी सदर को दंडाधिकारी सहित पर्याप्त



संख्या में महिला -पुरुष पुलिस बल व्यवस्था, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गार्गी कुमारी को उद्घाटन, समापन व सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, डीपीआरओ को उक्त प्रतियोगिता संबंधित जानकारी स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराना, विकेश कुमार सर्व शिक्षा अभियान को आवासन व भोजन समिति का नोडल ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था हो सके, जिला शिक्षा पदाधिकारी को जूरी ऑफ समिति का नोडल ताकि ससमय परिवाद की सुनवाई हो सके, जिला खेल पदाधिकारी को निबंधन ,पुरस्कार, प्रमाण पत्र लेखन व मार्च पास्ट समिति का नोडल बनाया गया है इसके अलावा कुल पांच खेल विधाएं यथा एथलेटिक्स में श्याम कुमार शारीरिक शिक्षक, कबड्डी व साइकिलिंग में रवि रंजन यादव शारीरिक शिक्षक, फुटबॉल में अजय कुमार मिश्रा शारीरिक शिक्षक तथा वॉलीबॉल मे सोहराब अंसारी शारीरिक शिक्षक को अपने-अपने विधा का कोर्डिनेटर बनाया गया है।

जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग यथा अंडर 14 व अंडर 16 कक्षा पांचवी से दसवीं तक के छात्र -छात्रा भाग लेंगे। दोनों आयु वर्गों के लिए उम्र की गणना 31 दिसंबर 2024 के आधार पर की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि एथलेटिक्स में अंडर 14 हेतु क्रिकेट थ्रो बॉल, 60 मी दौड़, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद जबकि अंडर 16 में क्रिकेट थ्रो बॉल, 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद की इवेंटस वही खेल विधा साइकिलिंग में अंडर 14 व 16 बालक के लिए 5 किलोमीटर जबकि बालिका के लिए 3 किलोमीटर रोड रेस के साथ ही खिलाड़ियों की संख्या बालक-बालिका के लिए एक होगी।

उन्होंने बताया कि खेल विधा कबड्डी अंडर 14 बालक-बालिका का भार वर्ग 51 किलोग्राम तथा अंडर 16 में 55 किलोग्राम से अधिक नहीं व खिलाड़ियों की संख्या नौ होनी चाहिए। फुटबॉल में खिलाड़ियों की संख्या सात व मैदान की माप 4020 मीटर केवल बालक वर्ग एवं वॉलीबॉल में खिलाड़ियों की संख्या 7 केवल अंडर 16 बालक की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दिनांक 18 अगस्त से 21 अगस्त तक महाराजा स्टेडियम बेतिया में खेल विधा यथा एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल कबड्डी की प्रतियोगिता 10:00 बजे से तथा साइकिलिंग स्पर्धा दिनांक 19 अगस्त 2025 समय 6:00 बजे सुबह से दोनों आयु वर्गों के बालक-बालिका की प्रतियोगिता मनुवापुल थाना से योगापट्टी रोड में जीउत ढाबा तक आयोजित की जाएगी। साइकिलिंग रोड रेस प्रतियोगिता का फिनिशिंग प्वाइंट मनुवापुल थाना ही होगा। उन्होंने बताया कि साइकिलिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी को अपना साइकिल व सुरक्षा हेतु हेलमेट लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, पुरस्कार के साथ ओवरऑल चैंपियन्स हेतु रनर-विनर ट्रॉफी दिए जाने का प्रावधान है। जिला स्तर पर नगद राशि प्रथम को 2500 हजार, द्वितीय को 1500 तथा तृतीय को 1000 दिए जाएंगे।

# मांझी के मध्य विद्यालय चकिया के जर्जर भवन के दो कमरों में कक्षा आठ तक होती है पढ़ाई

प्रातः किरण, संवाददाता



मांझी। वर्ष 2019 में शिक्षा विभाग द्वारा परित्यक्त घोषित किये जा चुके मांझी प्रखंड के मध्य विद्यालय चकिया के जर्जर भवन के महज दो कमरों में पहली कक्षा से लेकर आठवीं तक के 151 नामांकित छात्र व छात्रा अपनी जान जोखिम में डालकर पठन पाठन करने को मजबूर हैं। विद्यालय का परित्यक्त घोषित जर्जर भवन कभी भी ध्वस्त होकर किसी भयावह हादसे का गवाह बन सकता है। इतना ही नहीं वर्ष 2003 व 2004 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत निर्मित विद्यालय भवन के दो जर्जर कमरों में से एक को कार्यालय कक्ष तथा दूसरे को किचेन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। विद्यालय में कुल सात शिक्षक पदस्थापित हैं। पूछे जाने पर विद्यालय की प्रधान शिक्षिका हमीदा खातून ने बताया कि नए व पुराने दोनों भवनों के कुल चार कमरों की हालत इस कदर खराब हो चुकी है कि उन सभी कमरों की छतों से प्लास्टर चट्टाने व प्लास्टर टूटकर गिरते रहता है। बरसात होने पर छत से पानी जबरदस्त तरीके से रिसकर कमरों में पूरी तरह फैल जाता है अथवा बहने लगता है। विद्यालय भवन की दीवारों में दर्जनों दरारें स्पष्ट रूप से दिखती हैं। बरसात होने पर चारों कमरों की छतों के धराशायी होने का डर हमेशा खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि कमरों के ध्वस्त होने की आशंका की वजह से डुमरी पँचायत के पूर्व मुखिया संजीत प्रसाद के सौजन्य से निर्मित टीन के शेड के नीचे अथवा बगल के बगीचे में छात्रों का पठन पाठन किसी तरह कराया जाता है। वह शेड भी आँधी पानी की वजह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर लगभग उजड़ सा गया है। शिक्षकों ने बताया कि बरसात शुरू होते ही बच्चों को जोखिम के भय से छुट्टी दे दी जाती हैं ताकि वे अपने घर जाकर बरसात के पानी में भींगकर बीमार होने से बच सकें। उधर शिक्षक उन्ही जर्जर कमरों में किसी तरह आठ घण्टे तक अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी बजाते हैं। इस सबके अलावा विद्यालय भवन के पीछे उगे झाड़ झंखाड़ में छुपे जहरीले जंतु अक्सर विद्यालय परिसर में आ धमकते हैं,जिससे शिक्षकों व छात्रों में पूरे दिन भय का वातावरण बना रहता है। प्रधान शिक्षिका ने बताया कि वर्ष 2023 में अपना प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभाग के वरीय पदाधिकारियों को भवन के जर्जर हालात व जोखिम भरी ड्यूटी से अवगत कराने हेतु पत्राचार किया। परन्तु विभाग द्वारा इस दिशा में अबतक कोई ठोस निर्णय नही लिया जा सका है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर मांझी की बीईओ विभा रानी ने बताया कि यह कटु सत्य है कि चकिया मध्य विद्यालय का दोनों भवन जर्जर हालत में हैं तथा कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि पत्र भेजकर उन्होंने जिले के वरीय पदाधिकारियों को हालात से आगाह कर दिया है परन्तु नए भवन के निर्माण की अनुमति जिला प्रशासन ने नही दी है।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवक गिरफ्तार

## नयागांव पुलिस गश्ती टीम को मिली कामयाबी

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के नयागांव थाना क्षेत्र के डुमरी टोला गांव के समीप चोरी की बाइक के साथ शिवशंकर सहनी एवं नीरज कुमार नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि नयागांव थाना गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के डुमरी टोला के समीप दिघवारा के तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार को रूकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देख मोटरसाइकिल को और तेज रफ्तार से चलाकर भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस बल के सहयोग से कुछ दूरी पीछा कर पकड़ लिया गया। जब पुलिस ने दोनों युवकों से भागने का कारण एवं मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ की गयी तो उसके युवकों द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल चोरी की है, मोटरसाकिल डोरीगंज से चोरी कर के ले जा रहे हैं। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जप्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया।

जिसके बाद नयागांव थाना में दोनों युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसका नयागांव कांड संख्या 132/25 धारा 317 (2)/317 (5)/3(5) बी.एन.एस. दर्ज किया गया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान वैशाली जिले के भगवानपुर थाना के इमादपुर चौक निवासी कैलाश सहनी का पुत्र शिवशंकर सहनी एवं सारण जिले के डोरीगंज थाना के काजीटोला गांव निवासी वीरेंद्र गुप्ता का पुत्र नीरज कुमार के रूप में हुई है।

# मलंग बाबा के पावन स्थल में आयोजित महावीरी अखाड़ा का हुआ उद्घाटन

## बिहार की पशु एवं मत्स्य पालन मंत्री रेणु देवी ने किया फीता काटकर उद्घाटन

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया।मझौलिया में पिछले 12 वर्षों से लगातार प्रखंड के सतभिडवा 55 पुल के समीप मलंग बाबा के पावन स्थल प्रांगण में सावन के सप्तमी तिथि को आयोजित सार्वजनिक महावीरी अखाड़ामेला का उद्घाटन वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच फीता काटकर बिहार की पशु एवं मत्स्य पालन मंत्री रेणु देवी मंत्री प्रतिनिधि अधिवक्ता संदीप कुमार श्रीवास्तव मेला के आयोजक सह मुखिया सत्य प्रकाश थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,अजय पांडे उर्फ मोहन पांडे भूतपूर्व सैनिक ध्रुव प्रसाद कुशवाहा आदि ने संयुक्त रुप से किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि पर्व त्यौहार हमारे सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत है। हम लोगों को अपनी विरासत को पूरे धूमधाम से मनाना चाहिए



तथा देश की अखंडता सांप्रदायिक सौहार्द समृद्धि के लिए कामना करनी चाहिए। उन्होंने आगामी 8 अगस्त को अयोध्या के तर्ज पर सीतामढ़ी में बना भव्य मंदिर कार्यक्रम में चलने का लोगों को निमंत्रण दी जिसके लिए वहां भोजन सभी मुफ्त रहेगा।वहीं मझौलिया पंचायत के मुखिया सह मेला के आयोजक सत्य प्रकाश द्वारा मेला समिति के सदस्यों के साथ मंत्री और आगत अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर तथा प्रतीक चिन्ह के साथ तलवार देकर सम्मानित किया।

### निकल गया भव्य आकर्षक जुलूस

मेला स्थल से हाथी घोड़ा गाजा बाजा के साथ आराधना मंडल के व्यास सोनेलाल बाबा के नेतृत्व में उनके टीम के कलाकारों ने शिव पार्वती की झांकी प्रस्तुत करते हुए बाजार चौक पर महाकाल का करतब दिखाएं यह विशाल जुलूस विभिन्न चौक चौराहा होते हुए मेला स्थल पर पहुंची।जहां देर रात तक लाठियां भाजी गई एवं खेलकूद दिखाया गया

### दंगल का हुआ आयोजन

अयोध्या और कोलकाता से पधारे पहलवानों द्वारा दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया जहां लोगों की काफी भीड़ रही सभी पहलवानों को मेला समिति के द्वारा सम्मानित किया गया( इस अवसर पर मेला समिति का अध्यक्ष भोला पासवान अधिवक्ता आशिक अंसारी अधिवक्ता नागेंद्र पासवान पूर्व पार्षद लालमति देवी नगर निकाय प्रकोष्ठ बेतिया के प्रभारी राहुल कुमार संदीप कुमार श्रीवास्तव,कमल मुखिया, अलीराज हुसैन, दिनेश कुमार मुखिया, सांझ देवी, सुनील कुमार, रूपेश कुमार पांडे अध्यक्ष मुन्ना सिंह ,धीरज चौरसिया पूर्व फौजी ध्रुव बैठा अनवर आलम ,वजीर आलम कृष्ण मोहन चौरसिया सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

# लायंस क्लब महाराजगंज रघु शांति ने धर्मनाथ मंदिर में वाटर कूलर लगाया गया

छपरा कार्यालय सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे लायंस क्लब महाराजगंज रघु शांति के सौजन्य से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छपरा शहर स्थित धर्मनाथ मंदिर परिसर में वाटर कूलर लगाया गया है। इस सराहनीय सेवा प्रकल्प से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को अब शुद्ध और ठंडे जल की सुविधा प्राप्त होगी। क्लब के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत, पूर्व जिलापाल लायन डॉ एस के पाण्डेय के द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया । इस जनहितकारी कार्य के माध्यम से क्लब ने हम सेवा के लिए साथ हैं की भावना को साकार किया। मंदिर प्रबंधन व श्रद्धालुओं ने लायंस क्लब महाराज रघु शांति के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की है।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन अर्चना श्रीवास्तव, सचिव लायन संदीप कांत, लायन सीमा पाण्डेय, लायन सोनी गुप्ता, लायन दीप शिखा, लायन नीलम शरण, लायन कुमकुम श्रीवास्तव, लायन रीता मिश्रा, लायन, लायन ऋषिन्द्र पप्पु और अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर इस सेवा कार्य को सफल बनाया।

# मांझी थाना में पदस्थापित एसआई नसीम अहमद की दी गई भावभीनी विदाई

मांझी। मांझी थाना परिसर मे गुरुवार की देर शाम एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत एसआई नसीम अहमद की भावभीनी विदाई दी गयी। इस समारोह मे उन्हें माला शॉल और अन्य उपहार दिए गए। एसडीपीओ राजकुमार ने थाना तथा थाना क्षेत्र मे की गई कार्य की सराहना किए। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने कहा की नसीम अहमद मिलनसार और ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। सेवानिवृत एसआई ने भी अपने सेवाओं के दौरान मिले सहयोग और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पूर्व थानाध्यक्ष अमित कुमार पुअनी महेश कुमार अनिल कुमार योगेन्द्र भगत एसआई रामजी यादव रामाधार सिंह चौकीदार पुत्र पिन्टू मांझी भरत मांझी ललन मांझी रामकेश्वर यादव तथा उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान सहित पुलिस कार्मियो ने फूल माला पहना कर विदाई दी।

# इसुआपुर में अखंड अष्टयाम सह रुद्राभिषेक को लेकर हुई जलभरी

इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित महावीर मंदिर परिसर में शुक्रवार को सामूहिक अखंड अष्टयाम सह रुद्राभिषेक यज्ञ की शुरूआत जलभरी के साथ हुई। जलभरी बाबा लाल दास के मठिया परिसर स्थित कुआं से की गई। जल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, कन्याएं तथा पुरुष श्रद्धालु हाथ में कलश लेकर जय बजरंगबली, जय श्री राम, हर हर महादेव का जय घोष करते हुए महावीरी पताका लेकर चल रहे थे। घोड़े तथा गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु यज्ञ मंडप से चलकर पूरे बाजार की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जहां पंडित धीरज कुमार चतुवेर्दी, अशोक तिवारी, लकी कुमार चतुवेर्दी, अभिजीत कुमार चतुवेर्दी, सुदामा तिवारी, किरण कुमार चतुवेर्दी तथा मंदिर के पुजारी मोहन पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चारण से अखंड अष्टयाम सह रुद्राभिषेक की शुरूआत हुई। मुख्य यजमान के रूप में मुन्ना कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी मीरा कुमारी थे। अष्टयाम समाप्ति के उपरांत शनिवार को दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राम विवाह का आयोजन किया गया है। जलभरी जुलूस का नेतृत्व विधायक जनक सिंह, उपप्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, कमेटी के अध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद, सचिव दिलीप चौरसिया, महादेव साह, वैद उपेंद्र भक्त, शारदानंद सोनी, राजेश सिंह कुशवाहा, नागेश्वर सिंह, ढ़ोलन सिंह, बलिराम सिंह, अर्जुन सिंह, सत्यदेव प्रसाद व अन्य कर रहे थे।

# जिला प्रशासन उद्यमियों के साथ खड़ा है और उनकी तरक्की के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे : डीएम

- जिला पदाधिकारी ने किया चनपटिया स्टार्टअप जोन का निरीक्षण
- विभिन्न यूनिट्स का किया अवलोकन
- जिला पदाधिकारी की इस पहल से स्थानीय उद्यमियों में नया उत्साह देखने को मिला

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण ने शुक्रवार को नवप्रवर्तन स्टार्टअप जोन, चनपटिया का निरीक्षण कर उद्यमिता विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की। यह निरीक्षण न केवल एक प्रशासनिक चुस्ती थी, बल्कि एक दूरदर्शी पहल थी, जिसका उद्देश्य जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देना और स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टार्टअप जोन में संचालित विभिन्न यूनिट्स का अवलोकन किया और उद्यमियों से उनके कार्यों, चुनौतियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां कार्यरत विभिन्न उद्यमियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने प्रत्येक उद्यम के कार्यपद्धति, उत्पादन प्रक्रिया, विपणन तंत्र एवं भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी ली।इस अवसर पर उद्यमियों ने जिला पदाधिकारी के समक्ष अपने



कार्यों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव रखे। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें आ रही व्यावहारिक चुनौतियों से भी अवगत कराया।

उद्यमियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को जिला पदाधिकारी ने अत्यंत गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं के समाधान हेतु उच्चस्तरीय स्तर पर वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्यमियों के साथ खड़ा है और उनकी सफलता को सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।जिला पदाधिकारी ने उद्यमियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। चनपटिया मॉडल को देशभर में एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में यह पहल एक और मजबूत कदम साबित होगा।

ज्ञात हो कि चनपटिया स्टार्टअप जोन बिहार सरकार की एक सराहनीय पहल रही है, जहां कोविड महामारी के दौरान वापस लौटे मजदूरों ने राज्य सरकार से प्राप्त सहायता के आधार पर विभिन्न उद्योगों की शुरूआत की है। यह मॉडल अब राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा में है। जिला पदाधिकारी की इस पहल से स्थानीय उद्यमियों में एक नई ऊर्जा स्फूर्त हुई है। कई उद्यमियों ने इस मौके को प्रशासन से सीधे संवाद के एक सुनहरे अवसर के रूप में देखा और विश्वास जताया कि प्रशासनिक सहयोग से उनके उद्योग एक नई ऊँचाई को छू सकेंगे।

इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र रोहित राज सहित अन्य पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

# मुख्य डाकघर की सेवाएं आज से 5 अगस्त तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी

एकमा । अब एकमा मुख्य डाक घर द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सेवाएं आम जनता के लिए एक अगस्त से लेकर 5 अगस्त तक स्थगित रहेगी। मुख्य डाकघर के पोस्ट ऑफिस में पुराने सॉफ्टवेयर आईटी 1-0 की जगह 2-0 से अपग्रेड किया जा रहा है। जिससे एकमा सहित ग्रामीण क्षेत्रों का पोस्ट ऑफिस भी पूर्ण रूप से सभी सेवाएं स्थापित रहेगी। मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर लाल बाबू साह ने सभी ग्राहकों और अभिकताओं को सूचित किया गया है ।कि अब 1 अगस्त 2025 से रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा। इसके और इसे स्पीड पोस्ट सेवा में मिला दिया जाएगा। यह फैसला डाक सेवा में आधुनिकता और संचालन के उद्देश्य से लिया गया है ।अब रजिस्टर्ड पोस्ट स्पीड पोस्ट में मिलाने का फैसला परिचालन को सुगम बनाने बेहतर ट्रैकिंग सुविधा उपलब्ध कराने और तकनीकी उन्नयन के तहत लिया गया है ।स्पीड पोस्ट पहले से ही एक तेज और तकनीकी रूप से सक्षम सेवा है ।जो आप रजिस्टर्ड पोस्ट की जगह लेंगी। हाल की इसका असर आम आदमी के जेब पर सीधा असर पड़ सकता है ।क्योंकि रजिस्टर्ड पोस्ट अपेक्षाकृत सस्ती सेवा थी। जबकि स्पीड पोस्ट की थोड़ा अधिक है। जहां शुक्रवार के दिन एकमा सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं को निराश होकर लौटना पड़ा। मुख्य डाकघर घर का दरवाजा बंद देख भौंचक हो गए। जब दरवाजे चिपकाई गई बंद सुचना पढ़ कर अपने अपने घर लौट गए।

# भाजपा के दो पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पंद्रह व्यक्तियों को मिली जमानत

छपरा कोर्ट। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओ द्वारा वर्ष 2001 में छपरा के थाना चौक को जाम करने और सड़क पर धरना प्रदर्शन मारपीट करने को लेकर छपरा नगर थाना में नगर थाना कांड संख्या 223/2001तत्कालीन थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राणा प्रताप सिंह द्वारा दाखिल किया गया था। जिसकी सुनवाई विशेष न्यायिक दंडाधिकारी एम पी एम एल ए हिना मुस्तफा के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने स्पेशल विचारण संख्या 8/22 जिसमे महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित 79 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इसी थाना कांड में सोनपुर विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह गड़खा विधान सभा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी एवं सारण जिला के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय सहित 15 लोग न्यायालय में उपस्थित हुए और अपना अपना जमानत कराया ।न्यायालय द्वारा जमानत देने के पश्चात सभी व्यक्तियों पर आरोप गठन भी कर दिया गया।

# प्रदेश जदयू अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के परिजनों से मिले

प्रातः किरण, संवाददाता

मशरक । मशरक बड़हिया टोला अवस्थित पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह आवास पर शुक्रवार को पहुँचे बिहार जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा । पहुँचते ही पूर्व सांसद के दिवंगत छोटे भाई दीनानाथ सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़ा श्रद्धाजंली दी । उसके बाद कार्यकर्ताओ के साथ बैठे जहां बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह एवम प्रभुनाथ सिंह के पुत्र पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने प्रदेश जदयू अध्यक्ष सहित प्रदेश एवम जिला जदयू नेताओ को शॉल देकर स्वागत किया। उन्होंने पार्टी के स्थानीय नेताओ एवम कार्यकत्ताओं से पार्टी के कार्यक्रम क्रियान्वयन का फीडबैक लिया । मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह जदयू के संस्थापक टीम के सदस्य है । यह परिवार जदयू के सुख दुख का साथी है। उनके छोटे भाई दीनानाथ के श्राद्ध कर्म में पार्टी के व्यस्त कार्यक्रम की वजह से शामिल नही हो सका इसलिए आज पहुँचे है । हालांकि जदयू के कई नेता एवम मंत्री उस दिन शामिल हुए। इस दौरान प्रभुनाथ सिंह के रिहाई को लेकर जनमानस की उठ रहे आवाज को लेकर पत्रकारों के सवाल पर जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह एक न्यायिक प्रक्रिया है । प्रभुनाथ सिंह जदयू परिवार के सदस्य है । आज पूरा जनमानस उनकी रिहाई को लेकर विभिन्न माध्यम से आवाज उठा रही है। हम भी न्यायिक प्रक्रिया में आस्था रखते हुए जनमानस के साथ है। मौके पर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह , जदयू के प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी रणविजय कु सिंह , सारण जिला जदयू अध्यक्ष अल्ताफ राजू, पूर्व विधायक रणधीर सिंह , असरफ अंसारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष , प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी बासुदेव कुशवाहा , प्रदेश अध्यक्ष के ओसडी श्यामा राय , पूर्व जिला अध्यक्ष विशाल सिंह राठौर, संगठन प्रभारी छपरा विधानसभा संदेश महतो , प्रदेश तकनीकी प्रकोष्ठ महासचिव रवि प्रकाश जी , मशरक अध्यक्ष मशरक रामाधार सिंह , बनियापुर के शिवनारायण पटेल , पानापुर के अशोक कुशवाहा , नगरा के अनिल सिंह ,जिला तकनीकी प्रकोष्ठ आदि थे

# कॉलेज में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।जय प्रकाश विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित जय प्रकाश महिला कॉलेज छपरा के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग द्वारा

शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर स्तनपानःपोषण,स्वास्थ्य एवं सतत विकास की आधारशिला विषय पर एक दिवसीय विशिष्ठ व्याख्यान का आयोजन प्राचार्या डॉ किरण कुमारी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आँचल सिंह तथा आयोजक डॉ सुप्रिया पाठक रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डॉ किरण कुमारी के अध्यक्षीय भाषण



से हुआ, जिसमें उन्होंने स्तनपान के महत्व का वर्णन करते हुए माँ के दूध की पौष्टिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को आगे दिशा देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ आँचल सिंह ने कहा कि माँ का दूध नवजात शिशु के लिए संपूर्ण पोषण का स्रोत है, यह ना केवल शारीरिक विकास में सहायक है बल्कि बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि सहायक आचार्या डॉ सुप्रिया पाठक ने बताया कि किस तरह स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए पूरे समाज को जागरूक होना चाहिए तथा किस तरह कार्यरत महिलाएँ भी सही व्यवस्था और प्रयास से अपने बच्चों को एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग करा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की शोधार्थी शिखा श्रीवास्तव ने किया।अंत में शोधार्थी कीर्ति सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में विभाग की छात्राओं दीपा , विवेका, सुजाता आदि ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने-अपने विचारों को बिहार के संदर्भ में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण विभाग का सहयोग रहा।

# पुलिस केंद्र में नवनियुक्त सिपाहियों की पीटी व परेड का हुआ आयोजन

- परेड, टर्न आउट, वर्दी एवं सजावट की गहनता से किया गया जांच

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। ग्रामीण एसएसपी डॉ कुमार आशीष सारण के निर्देशन में पुलिस केंद्र छपरा में फिटनेस और अनुशासन के लिए पी.टी. एवं परेड का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच शारीरिक फिटनेस, बेहतर प्रशिक्षण एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए किया गया। परेड के दौरान पुलिस कर्मियों के टर्न आउट वर्दी एवं सजावट की गहनता से जांच की गई और उन्हें अनुशासन के महत्व के बारे में बताया गया। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने सभी प्रतिभागी पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के नियमित प्रशिक्षण से पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की बात कही। यह पहल पुलिस बल को और अधिक सक्षम, अनुशासित एवं फिट बनाए रखने की दिशा में सार्थक कदम के रूप में देखा जा रहा है। जिसमें पुलिस कर्मियों के परेड एवं टर्न आउट का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र, सारण में चल रहे नवनियुक्त सिपाहियों के प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित, परि० पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

# हिंदी के प्रसार में देवकीनंदन खत्री का अमूल्य योगदान : डॉ संतोष सिंह

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।स्थानीय गंगा सिंह महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा शुक्रवार को महान उपन्यासकार देवकीनंदन खत्री की पुण्यतिथि पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी के प्रथम तिलस्मी लेखक देवकीनंदन खत्री का बिहार से गहरा लगाव था। हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके उपन्यास चंद्रकांता का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने चंद्रकांता, चंद्रकांता संतति, काजर की कोठरी, नरेंद्र-मोहिनी, कुसुम कुमारी, वीरेंद्र वीर, गुप्त गोंडा, कटोरा भर खून और भूतनाथ जैसी कालजयी रचनाएं लिखीं। चंद्रकांता का रसास्वादन करने के लिए तो कई गैर-हिंदीभाषियों ने हिंदी भाषा सीखी।

भारतेंदु के उपरांत वह प्रथम और सर्वाधिक प्रकाशमान तारे के रूप में हिंदी साहित्य में आए थे।

इस अवसर पर हिंदी के प्राध्यापक डॉ कमाल अहमद ने कहा कि देवकीनंदन खत्री ने तिलिस्म, ऐय्यार और ऐय्यारी जैसे शब्दों को हिंदी भाषियों के बीच लोकप्रिय बना दिया। अपनी लेखनी से जितने हिंदी पाठक उन्होंने उत्पन्न किए, उतने किसी और रचनाकार ने नहीं किया। उन्होंने वाराणसी में लहरी प्रेस की स्थापना की और हिंदी मासिक पत्र सुदर्शन को प्रारंभ किया था।परिचर्चा में भाग लेते हुए प्राध्यापक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाबू देवकीनंदन का जन्म बिहार में ही हुआ था। उनका ननिहाल मुजफ्फरपुर में था और गया में उनका व्यवसाय रहा।

# सरकारी अनुदान में अनियमितता का आरोप, शंकर दयाल सिंह कॉलेज के शिक्षकों ने डीएम से की हस्तक्षेप की मांग

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। शंकर दयाल सिंह महाविद्यालय, जलालपुर से जुड़े चार वरिष्ठ शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने जिलाधिकारी सारण को एक गंभीर शिकायत पत्र सौंपते हुए कॉलेज में तीन करोड़ रुपये के स-रकारी अनुदान की संभावित वित्तीय अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की है।पूर्व प्राचार्य प्रो. कमल किशोर सिंह, समाजशास्त्र विभाग के प्रो. शिवानंद उपाध्याय, मनोविज्ञान विभाग के प्रो. सुनील कुमार सिंह तथा वरीयतम प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार सिंह ने अपने संयुक्त आवेदन में आरोप लगाया है कि महाविद्यालय में संयोजक अजीत अमर हरिजन द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से प्राप्त अनुदान की राशि का वितरण नियम विरुद्ध तरीके से किया जा रहा है।शिकायत के अनुसार, पूर्व में भी 50 लाख रुपये का अनुदान उन लोगों में वितरित कर दिया गया जो महाविद्यालय में कार्यरत ही नहीं थे। जांच में यह अनियमितता सिद्ध भी हुई थी। इसके बावजूद हाल ही में 37 लाख रुपये की राशि पुनः उन्हीं अपात्रों में वितरित कर दी गई, जबकि जिलाधिकारी द्वारा 26 जुलाई 2024 को इस मामले में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश भी जारी किया गया था।

आवेदकों ने आरोप लगाया है कि अनुदान वितरण की प्रक्रिया में खानापूर्ति करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पूर्व में आरोपित अधिकारी को ही पुनः जिम्मेदारी सौंप दी गई अ१८ आंतरिक स्रोत के पैसे भी गलत व्यक्तियों में बांटे गए। इतना ही नहीं, अब जब छह वर्षों के अंतराल के बाद तीन करोड़ रुपये की भारी-भरकम अनुदान राशि कॉलेज के खाते में आई है।

# बिहार के बुनकर कमलेश कुमार राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चयनित

**प्रातः किरण संवाददाता**

भागलपुर।बिहार के नालंदा ज़िले के सिलाव, नेपुरा के पारंपरिक हथकरघा बुनकर कमलेश कुमार को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा स्थापित यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट शिल्प कौशल और जटिल बावन बूटी साड़ी बुनाई परंपरा के गहन ज्ञान को मान्यता प्रदान करता है।

बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर द्वारा अनुशंसित, कुमार का चयन बिहार की समृद्ध हथकरघा विरासत, विशेष रूप से दुर्लभ और उत्कृष्ट बावन बूटी बुनाई को उजागर करता है, जो राज्य के बाहर काफी हद तक अज्ञात है। एक कुशल कारीगर कमलेश कुमार ने इस अनूठी वस्त्र कला के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है।बिहार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में श्री कुमार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के दौरान आगामी 7 अगस्त को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्हें मिलने वाला यह सम्मान हथकरघा बुनकर समुदाय और बिहार के लोगों के लिए गौरव का एक महत्वपूर्ण क्षण होगा ।यह पुरस्कार न केवल श्री कुमार के असाधारण कौशल का सम्मान है, बल्कि बिहार की पारंपरिक हथकरघा विरासत की ओर राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करता है तथा स्वदेशी शिल्प के संरक्षण और विकास को प्रोत्साहित करता है। बातचीत में कमलेश कुमार ने बताया कि यह कल उन्हें विरासत में मिली है तथा लंबे समय से वह इससे जुड़े हुए हैं । राजगीर के शांति स्तूप को तसर साड़ी मे उकेरने के कार्य के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है । वह निफ़्ट पटना सहित अनेक संस्थानों में बावन बूटी कला के प्रशिक्षण कार्य से भी जुड़े हुए हैं । बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर के उपनिदेशक राजेश चटर्जी ने बताया कि पहली बार बिहार के किसी बुनकर को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है । इसके माध्यम से बुनकर समाज की काला को प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा उन्हें एक नयी पहचान भी मिल रही है । बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर के तकनीकी पर्यवेक्षक प्रभात कुमार सिंह द्वारा हथकरघा को बढ़ावा देने के उपायों के बारे में बताया गया ।

बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर के वस्त्र डिजाइनर अनिरुद्ध रंजन ने बावन बूटी बुनाई के तकनीकी पक्षों के बारे मे जानकारी हुए इसे एक उत्कृष्ट कला बताया ।

राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित कमलेश कुमार ने इस उपलब्धि के लिए भारत सरकार तथा बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर को विशेष धन्यवाद दिया है ।

# डीएम व एसपी ने विधि व्यवस्था को लेकर जिले में 5 चेक पोस्ट का किया उद्घाटन

## सीटीवी कैमरे लगाये गये, 247 कार्यरत होगा

**प्रातः किरण संवाददाता**



अरवल। मुख्य सचिव बिहार के निदेशानुसार विधि व्यवस्था संधारण को लेकर चेक पोस्ट लगाने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव एवं पुलिस अधीक्षक अरवल, डॉ० इनामुल हक मेंगनू के द्वारा संयुक्त रूप से अरवल-पटना बोर्डर कोरियम चौक एवं अरवल जहानाबाद-पटना बोर्डर नगला किंजर चेक पोस्ट का उद्घाटन फिता काटकर किया गया। जिसका उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था और अत्यधिक बनाना है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 05 स्थाई चेक पोस्ट 247 कार्यरत होगा एवं विभिन्न चौक चौराहों पर अस्थाई चेक पोस्ट अगामी विधानसभा चुनाव तक कार्यरत होगा। इन चेक पोस्टों पर निम्नलिखित महत्वपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गये है। ताकि निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ और तकनीकी रूप से संक्षम हो सके। चेक पोस्ट पर पुलिस बल, परिवहन कार्यालय के कर्मी, मद्य निषेध एवं उत्पाद कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। चेक पोस्ट पर वाहन का कागजात जांच किया जाएगा एवं चार चक्का वाहन का डिक्की एवं सीट बेल्ट एवं दो पहिया वाहन के हेलमेट जांच किया जाएगा। किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम और कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु यह चेक पोस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उद्घाटन समारोह में उपस्थित उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल, डीएसपी मुख्यालय हरीश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी श्री अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री देव ज्योति कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी माला कुमारी, खनन इंस्पेक्टर दीपक कुमार सदर थाना अध्यक्ष मोहम्मद अली साबरी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जगदीशपुर अनुमंडल पदाधिकारी ने गंगा कटाव को लेकर किया समीक्षा बैठक

आरा । आरा ,जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुलतानिया के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी,जगदीशपुर द्वारा शाहपुर अंचल अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांव जबईनिया में गंगा नदी से हो रहे कटाव, बाढ़ पीड़ितों की स्थिति, सामुदायिक रसोई,राहत कार्यों की प्रगति तथा अन्य संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कटाव पीड़ितों की गृह क्षति की अद्यतन सूची, भूमि की उपलब्धता, चिकित्सा व्यवस्था, संपूर्ति पोर्टल पर डेटा अद्यतन, पशुओं के चारे की उपलब्धता आदि विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए राहत और पुनर्वास कार्यों को तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर अंचलाधिकारी शाहपुर, सभी राजस्व कर्मचारी तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## दिगम्बर मंडल ने बांका जिले के मंदार पर्वत के विकास को ले मंत्री से की मुलाकात



पटना। बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार से दिगम्बर मंडल आदर्श मुखिया ऑफ बिहार सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा बिहार ने की मुलाकात। इस दौरान बांका जिला स्थित पौराणिक एवं धार्मिक महत्व से परिपूर्ण मंदार पर्वत के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।मंत्री ने मंदार पर्वत की ऐतिहासिक, धार्मिक व प्राकृतिक महत्ता को गंभीरता से स्वीकारते हुए आश्वासन दिया कि आने वाले 10 दिनों के भीतर मंदार क्षेत्र के लिए एक विशेष परियोजना या योजना के तहत बड़ी सौगात दी जाएगी, जिससे स्थानीय पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।यह पहल ना सिर्फ मंदार क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को पुनः स्थापित करेगी, बल्कि बांका जिले के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगी।मंत्री को मंदार से जुड़े विभिन्न जनभावनाओं से अवगत कराते हुए उनसे अपेक्षा की गई कि इस क्षेत्र के संरक्षण और संवर्धन हेतु सरकार शीघ्र ठोस कदम उठाए।

## दो लाभुकों को मिला कबीर अंत्योष्टि अनुदान योजना का चेक



पीरो ( आरा )।पीरो अनुमंडल के चरपोखरी बाजार स्थित सियाडीह पंचायत कार्यालय में सियाडीह पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान द्वारा कबीर अंत्योष्टि योजना का चेक वितरण किया गया।मुखिया लालमुक्ति पासवान ने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर उन्हें दाह संस्कार के लिए सरकार ओर से कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। सियाडीह पंचायत के दो आश्रितों के बीच 3000 रुपये का चेक प्रति परिवार को दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए जा रहे सभी लाभ गरीब और वंचितों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।मौके पर मुखिया लालमुक्ति पासवान,पंचायत सचिव रितेश कुमार,वार्ड सदस्य जयप्रकाश सिंह,पंकज कुमार,अजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग

# वर्तमान समय में हो रही शारीरिक बीमारियों में फिजियोथेरेपी की भूमिका अहम . डॉ प्रशांत गुप्ता

**प्रातः किरण संवाददाता**



आरा । (भोजपुर)आज के दौर में जैसे-जैसे जीवन शैली में बदलाव हुआ है वैसे-वैसे शारीरिक समस्याओं का बढ़ना भी व्यापक रूप से तेज हो गया है गलत बैठने की मुद्रा लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना व्यायाम की कमी और मानसिक तनाव यह सभी कारण बीमारियों को जन्म दे रही हैं उनमें प्रमुख है पेट दर्द गर्दन में अकड़न घुटनों का दर्द (अर्थराइटिस)लकवा हड्डियों का मांसपेशियों की छोटे और स्पॉन्डिलाइटिस इत्यादि.इन समस्याओं के समाधान में फिजियोथैरेपी एक अत्यंत प्रभावशाली और वैज्ञानिक पद्धति के रूप में उभरी है डॉक्टर प्रशांत गुप्ता जो बिहार के जाने-माने एक अनुभवी फिजियोथैरेपिस्ट है. के अनुसार फिजियोथैरेपी ना की दर्द को दूर करता है बल्कि बीमारियों को जड़ से खत्म कर शरीर को सक्रिय एवं सक्षम बनाती है यह एक दवा रहित उपचार है जो आधुनिक विज्ञान पर आधारित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है.

**फिजियोथैरेपी की प्रमुख भूमिकाएं :**

1. दर्द नियंत्रणः बिना दवा के तकनीकी जैसेळएठर.क्ऋळ. अल्ट्रासाऊंड थेरेपी से दर्द को नियंत्रित किया जाता है.

2. गति और लचीलापन कायम करना :स्ट्रेचिंग और मूवमेंट तकनीक से जायंट्स और मसल्स को फिर से सक्रिय किया जाता है.

3. सर्जरी के बाद पुनवार्सः हड्डी रीड या जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के बाद रिकवरी के लिए आवश्यक.

4. लकवा (पैरालिसिस) के रोगियों की रिकवरीः न्यूरो फिजियोथैरेपी के माध्यम से रोगी फिर से चलने फिरने में सक्षम हो सकते हैं.5. स्पोर्ट इंजरी मैनेजमेंटः खिलाड़ियों को चोट से उबर में मदद और प्रदर्शन बहाल करने में सहायक.

डॉ प्रशांत गुप्ता का अनुभव 10 साल का है है यह पहले दिल्ली के कुंज विहार में 7 साल अपनी सेवा दे चुके हैं और 3 साल से आरा के महावीर टोला स्थित अपने क्लीनिक शाहबाद फिजियोथैरेपी सेंटर जीवन ज्योति नर्सिंग होम में जो की तनीमा सिंह के सामने है अपनी सेवा दे रहे हैं फिजियोथैरेपी में अपनी पहचान बनाने वाले डॉक्टर प्रशांत अब तक हजारों लोगों को अपनी सेवा से ठीक कर चुके हैं वह अपने शहर वासियों को अपनी सेवा से संतुष्ट करना चाहते हैं

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत, धनगाई थाना क्षेत्र के केसरी गांव में शुक्रवार की दोपहर घटी घटना

आरा। जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के केसरी गांव में शुक्रवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक धनगाई थाना क्षेत्र के केसरी गांव निवासी स्व.तवारू मुसहर का 30 वर्षिय पुत्र मलिक मुसहर है एवं वह मजदूर था। इधर मृतक के रिश्ते में लग रहे भतीजे मनोज कुमार ने बताया कि वह राजमिस्त्री में लेबर का काम करता था। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे घर पर काम से वापस लौटा था। खाना खाने के बाद वह छत पर डाले गए कपड़े को उठाने गया था। उसके छत से सटकर बिजली का तार गुजरा हुआ है। कपड़ा उठाने के दौरान उसका हाथ उसी बिजली के तार में स्पर्श कर गया।जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में सबसे छोटा था। उसके परिवार में पत्नी सुशीला देवी एवं एक पुत्री है। घटना के बाद मृतक की पत्नी सुशीला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हत्या के मामले में फरार अभियुक्त के घर चस्पाया गया इश्तेहार

आरा। नवादा थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पाया गया है। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बहिरो मोहल्ला निवासी जयराम यादव के पुत्र रंजीत यादव के घर इश्तेहार चस्माया गया। इसके बावजूद अगर फरार अभियुक्त पुलिस या कोर्ट के समक्ष सरेंडर नहीं करता है तो पुलिस उसके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करेगी। बता दे कि वर्ष 2016 में मुफस्सिल थाना अंतर्गत एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। जिसके परिवार वालों द्वारा रंजीत यादव सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज के उपरांत पुलिस ने रंजीत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।जिसके बाद वह जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद कोर्ट में कैसे का ट्रायल चल रहा था पर रंजीत यादव द्वारा कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा रंजीत यादव के खिलाफ इश्तेहार वारंट जारी किया गया था। जिसके आलोक में नवादा थाना पुलिस द्वारा फरार रंजीत यादव के घर शुक्रवार को इश्तहार चस्पाया गया।

# प्रर्यटक विभाग के मंत्री राजु कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ अजगैबीनाथ धाम से बैधनाथ धाम के लिए कांवड़ यात्रा प्रारंभ की

**प्रातः किरण संवाददाता**



भागलपुर सुल्तानगंज* श्रावणी मेला के बाईसवें दिन शुक्रवार को प्रर्यटक विभाग के मंत्री राजु कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ अजगैबीनाथ धाम से बैधनाथ धाम के लिए वाहन कांवड़ यात्रा प्रारंभ किये/ आपको बताते चलें कि बिहार के प्रर्यटक विभाग के मंत्री राजु कुमार सिंह ने शुक्रवार को अजगैबीनाथ के उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर गंगा जल लेकर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए अजगैबीनाथ धाम से बैधनाथ धाम के लिए वाहन कांवड़ यात्रा प्रारंभ कर बोल बम ,हर हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुए/इस दौरान प्रर्यटक विभाग के मंत्री ने बताया कि बिहार में एनडीए की सरकार बने और देश का कल्याण हो इसके लिए कांवड़ यात्रा कर बाबा भोलेनाथ से कामना करेंगे कि बात कही/इस दौरान दर्जनों सर्मथक कांवरिया मौजूद थे

## सुल्तानगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन लोगों को किया गिरफतार

भागलपुर सुल्तानगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है/आपको बताते चलें कि मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र में मनोज कुमार पिता सुरेन्द्र पाल की एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी / जो मोजाहिदपुर थाना कांड संख्या 53/25 में मोटरसाइकिल चोरी में सम्मिलित सभी लोगों को सुल्तानगंज के ध्वजागली स्थीत से गिरफ्तार किया गया है/ चोरी की मोटरसाइकिल में गिरफ्तार अभियुक्त का नाम थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी में सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ध्वजागली स्थीत से मोटरसाइकिल बरामद कर तीन लोग को गिरफ्तार किया है, जिसमें मोटरसाइकिल चोरी में सामिल पंकज कुमार ,महिला अस्पताल ,दिपक कुमार यादव नई सिढी घाट ,यश राज, गोपाल गेट के रहनेवाला बताया गया है/ मोटरसाइकिल ओनर ने मोजाहिदपुर थाना कांड संख्या 53/25 केस दर्ज किया गया है जो मोटरसाइकिल ओनर मनोज कुमार पिता सुरेद्र पाल साकिन मोहदिनगर के रहनेवाला बताया जा रहा है(

# पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण नहरों में पानी नहीं पहुँच रहा है : भाई दिनेश

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। भाई दिनेश ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर सभी नहरों में निचले स्तर तक पानी नहीं पहुँचा, तो वे अभियंता प्रमुख सृजन पटना के कार्यालय में बैठेंगे। उन्होंने कहा कि जल विभाग के निचले स्तर के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण नहरों में पानी नहीं पहुँच रहा है

**नहरों में पानी नहीं पहुँचने के कारण**

भाई दिनेश ने बताया कि नहरों में पानी नहीं पहुँचने के मुख्य कारण हैं:

- जल विभाग के निचले स्तर के पदाधिकारियों की लापरवाहीः अगर ये पदाधिकारी जून में नहर की सफाई कर देते और ऊपर से पानी मांगते, तो आज नहर सूखा नहीं रहता।

- नहरों की सफाई नहीं होनाः नहरों की सफाई नहीं होने के कारण पानी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

**नहरों में पानी पहुँचाने के लिए प्रयास**

भाई दिनेश ने बताया कि उन्होंने दस दिन से लगातार प्रयास किया है, लेकिन अभी भी बहुत सारे नहरों में निचले छोर तक पानी नहीं पहुँचा है। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर सभी नहरों में निचले छोर तक पानी नहीं पहुँचा, तो वे अभियंता प्रमुख सृजन के चैंबर में बैठने के लिए मजबूर होंगे।

**किसानों के लिए पानी की आवश्यकता**

भाई दिनेश ने कहा कि वे किसानों का दुख और दर्द नहीं देख सकते और सहन नहीं कर सकते। वे हर हालत में पानी निचले छोर तक देखना चाहते हैं, ताकि किसानों को अपनी फसल के लिए पानी मिल सके ।अवर प्रमंडल पदाधिकारी सोन नहर राम नगर बंगला और पिरो ने बताया की नारायण पुर, केशरी, हेतम्पुर नहर मे खउइ लगा है । केशरी वितरणी में कई बार जेसीबी लगाकर कार्य करने का प्रयास किया गया लेकिन मशीन के दलदल में फंस जाने से कार्य संपन्न नहीं हो पा रहा है । शेष सभी वितरणियों में कार्य प्रगति पर है। केशरी वितरणी में फंसे जेसीबी को निकालने के क्रम में रोड भी क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रयास जारी है जल्द ही सभी नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाएगा।

## पूर्व विधायक ने तालाब में डूबने की सूचना पर पीड़ित परिवार से मिलने खैरही गाँव पहुँचे



आरा। राजद नेता पूर्व विधायक जगदीशपुर भाई दिनेश ने खैरही गाँव के सगा भाई-बहन अंटू कुमार और आरती कुमारी उम्र 10 वर्ष,8 वर्ष पिता कमलेश राम माता प्रियंका देवी की तालाब में डूबने से हुई मौत की खबर सुनकर पीड़ित परिवार से मिलने के लिए उनके घर पहुँचे। इस दुखद घटना से गाँव में शोक की लहर है। भाई दिनेश ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।भाई दिनेश ने मुख्य सचिव बिहार से आपदा प्रबंधन के तहत पीड़ित परिवार को निम्नलिखित सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। - आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपयेः पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए।- पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार रुपयेः परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए।- कबीर एंटेष्ठि के तहत 3 हजार रुपयेः पीड़ित परिवार को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए।- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासः पीड़ित परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास प्रदान करने के लिए।- पोषण के लिए अनाजः पीड़ित परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए।भाई दिनेश ने पीड़ित परिवार की समस्याओं को समझने और उनके लिए उचित सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है। यह देखना होगा कि प्रशासन और सरकार पीड़ित परिवार की सहायता के लिए क्या कदम उठाते हैं।साथ मे रामेशर्ंसिह, बीर बहादुर राम, उपेंद्र सिह, काँलेश सिह, विपिन यादव, रनेंद्र शर्मा, धीरेंडर राम, कामिल राम, ॅरिँ सिह सहित दर्जनों लोग थे ।

## जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत बिहिया शाखा नहर का पुर्नस्थापन कार्य पूर्ण, किसानों को मिला सिंचाई लाभ

आरा । आरा,जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुलतानिया के निदेर्शानुसार जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सोन नहर प्रमंडल, आरा अंतर्गत बिहिया शाखा नहर का पुनर्स्थापन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। विगत वर्षों में नहर में अत्यधिक गाद, झाड़ियां एवं अन्य कारण से जल प्रवाह बाधित था, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही थी। इस स्थिति को देखते हुए नहर के पुनर्स्थापन हेतु आवश्यक तकनीकी कार्य जैसे रूपांकित सेक्शन निर्माण, रछफब्रिज, अदद आउटलेट, रेटेनिंग वॉल तथा सीसी ब्लॉक पिचिंग का निर्माण कराया गया। इन कार्यों के परिणामस्वरूप पहली बार बिहिया शाखा नहर और इससे जुड़ी वितरण नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुँचना संभव हुआ है। इससे जगदीशपुर, पीरो और बिहियों प्रखंड के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।अब किसानों की वर्षा पर निर्भरता कम हुई है। सतही जल से सिंचाई होने के कारण ट्यूबवेल पर निर्भरता में कमी आई है, जिससे भूजल स्तर को संतुलित बनाए रखने में भी मदद मिल रही है।

## द होली सेवियर चर्च, आरा में आयोजित हुआ दो दिवसीय यीशु का मेला, छुटकारा में प्रार्थना सभा

आरा । द होली सेवियर चर्च, आरा में दो दिवसीय यीशु का मेला झ्र छुटकारा में प्रार्थना सभा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भोजपुर जिले के विभिन्न स्थानों से आए मसीही समुदाय के लोगों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया।इस आध्यात्मिक सभा की अगुवाई चर्च के पादरी अनिल जीवित ने की। सभा में भजन-आराधना का नेतृत्व भाई राजेश शर्मा और सोनू राम ने किया। श्रद्धालुओं ने यीशु का नाम सुखदाई, भाई यह जीवन दो दिन का, सेनाओं का यहोवा हमारे संग है, हमारा ऊँचा बड़ा है परमेश्वर और आया अभिषेक भैया आया अभिषेक जैसे गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह की आराधना की।सभा के मुख्य प्रवक्ताओं में पास्टर एडमिन (बांगरपेट) और आशा प्रकाश (मुंबई) ने बाइबल संदेश साझा करते हुए बताया कि हमें अपने पापों का अंगीकार कर यीशु मसीह के क्रूस पर विश्वास करना चाहिए क्योंकि वही जीवन देने के लिए संसार में आए। उन्होंने मेल-मिलाप, आत्मिक शुद्धता और प्रभु की कृपा प्राप्त करने का संदेश दिया।सभा के दौरान सुमन, चंचल, अनु, जोशना, कविता, रिंकी, पूजा, राहुल, रामजी, राजेश और सोनू द्वारा प्रस्तुत विशेष गीतों ने सभा में भक्तिपूर्ण माहौल बना दिया।इस मेले का मुख्य उद्देश्य मसीही समुदाय को आत्मिक रूप से सशक्त बनाना, एकजुट होकर स्तुति आराधना करना और प्रभु यीशु मसीह से पवित्रता की कामना करना था। इसके साथ ही, बीमार लोगों के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं।सभा में राजकुमार, राजकिशोर, कन्हैया, हरेंद्र, गीता, किरण, रिंकी, धनमनी, संजीव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पादरी अनिल जीवित ने अपने प्रवचन में जोर देकर कहा कि परमेश्वर हमारी प्रार्थनाएं सुनते हैं और हमें हर संकट से छुटकारा देते हैं।

## कमला नदी में नए बियर की स्वीकृति से किसानों में हर्ष

बेनीपुर(दरभंगा)।चार दशक बाद पुरानी कमला नदी घेरुख में ध्वस्त बियर के बदले नए बैराज बनाने की स्वीकृति जल संसाधन विभाग से मिलने पर किसानों में हर्ष है। कई दशक पूर्व बियर क्षतिग्रस्त होने से बलहा, अंटौर, मोतीपुर, धेरूख, महीनाम, पोहद्दी, जयंतीपुर, नंदापट्टी, बेनीपुर, करहरि के किसानों के खेत पटवन प्रभावित हो गया है। बरसात में नदी की अत्यधिक पानी आने के बाद जल का ठहराव नहीं होता है। नदी का पानी निकल जाता है। रब्बी फसल के समय में किसानों को पटवन करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

किसानों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक प्रो.विनय कुमार चौधरी के अथक प्रयास से धेरूख दलित टोली के पास बैराज निर्माण की स्वीकृति सिंचाई विभाग से मिली है। सैकड़ो एकड़ खेत की सिंचाई की मार्ग खुलने का आश जाग गयी। क्षेत्र के किसानों तथा लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, एवं स्थानीय विधायक प्रो.विनायक कुमार चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए साधुवाद दिया है।

# पोसवां मे पुलिया चालू नहीं होने से अवगमन में परेशानी

**मौत को आमंत्रण दे रहा है पोसवां स्कुल के समीप बना डायवर्सन**

**प्रातः किरण संवाददाता**



पीरो ( आरा ) ।अगिआँव-बागा मुख्य मार्ग का काम शुरू हो गया है। इस सड़क के बन जाने से लोगो को आने-जाने मे काफी सहूलियत होंगी। इसी बिच इस मार्ग पर कई छोटे पुलिया का निर्माण कराया गया है। जिसमे से कई पुलिया बन जाने के बाद चालू कर दिया गया तो कई विभागीय व ठीकेदार के लापरवाही के कारण बंद पड़ा है। जिससे लोगो को काफी समस्याये के साथ-साथ सड़क हादसा होने का भी खतरा है। वर्तमान मे दो पुलिया ऐसा है जिसे जल्द शुरू नहीं कराया गया तो यहाँ कभी भी हादसा हो सकती है। वही पोसवां विद्यालय के समीप बना पुलिया नवनिर्मित पुलिया चालू नहीं कराया गया है। जिससे लोगो के आने-जाने के लिए खेत से होकर एक रास्ता बनाया गया है। जिसमे वर्तमान समय मे करीब ढाई-तीन फुट पानी जमा हो गया है। जिससे होकर लोगो को जाना पड़ रहा है। जो की ये विभाग के बड़ी लापरवाही को दशार्ता है। ऐसे मे अहिले, पोसवां, खेढ़ी, मेघारिया, धोबड़ी समेत क्षेत्र के बड़ी आबादी वाला दर्जनों गंव को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने वहा यह एकलौता सड़क है। प्रतिदिन इस सड़क से होकर सैकड़ो वाहने गुजरती है, जिसे खेत मे ढाई-तीन फुट भरे पानी वाले रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। ऐसे मे खेत मे कहा कितना बड़ा गड्ढा है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जिससे इस रास्ते मे कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा है। पोसवां गांव निवासी रवि रंजन सिंह, अमरजीत सिंह, बड़गांव निवासी दीपक, अहिले निवासी राजेंद्र सिंह समेत दर्जनों लोगो ने बताया की पानी भरा रहने के कारण अब तक कई लोग इसमे गिर चुके है। बड़ी गाड़िया के भी पलटने का डर बना रहता है। बता दे की खराब रास्ता होने के कारण एम्बुलेंस समेत कई बड़ी गाड़ियां इस रास्ता से नहीं जा रही है। ऐसे मे इमरजेंसी स्थिति आने पर जान भी जा सकती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार ,02 अगस्त 2025



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभाओं का प्रारूप सूची की हार्ड कॉपी कराई गई उपलब्ध

➤ 01 अगस्त से 01 सितंबर तक तक दावा,आपत्ति दाखिल किया जा सकता है

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 01.08.2025 को सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 01.08.2025 शुक्रवार से 01.09.2025 सोमवार तक दावा,आपत्ति दाखिल किया जा सकता है। प्रावधानों के अन्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप सूची की एक हार्ड प्रति एवं एक फोटो रहित सॉफ्ट कॉपी दी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने हाथों से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभाओ का प्रारूप सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध करवाया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची अवलोकन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त ऐसे प्रारूप पूर्व निर्वाचकों की सूची, जिनके द्वारा गणना प्रपत्र समर्पित नहीं किया गया है एवं जिनका नाम प्रारूप निर्वाचक सूची, 2025 में शामिल नहीं है, भी उपलब्ध करायी जा रही है।



निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के क्रम में राजनैतिक दलों से अपील है कि अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर दिनांक 01.08.2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची का सूक्ष्मता से अवलोकन किया जाय तथा प्रारूप सूची में दर्ज निर्वाचकों के संबंध में दावा आपत्ति समर्पित करने के लिए सभी राजनैतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है।सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध है कि प्रारूप निर्वाचक नामवली का गहन निरीक्षण करें तथा यदि किसी योग्य पात्र व्यक्ति का नाम प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति को प्ररूप-6 में घोषणा-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन बी०एल०ओ०,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के यहाँ आवेदन देने हेतु राजनैतिक दलों द्वारा प्रेरित किया जाय।

अयोग्य ,अपान्न व्यक्ति का नाम प्रारूप निर्वाचक सूची से हटाने के संबंध में आक्षेप प्ररूप-7 में दाखिल किया जा सकता है। संशोधन,स्थानान्तरण के लिए प्ररूप-8 में आवेदन करने हेतु संबंधित निर्वाचकों को प्रेरित किया जाय। राज्य के बाहर से बिहार राज्य में स्थानान्तरण के मामले में आवेदक को प्ररूप-8 के साथ घोषणा-पत्र भी समर्पित करना आवश्यक होगा।

ऐसे निर्वाचक जिनके द्वारा गणना प्रपत्र के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज दाखिल नहीं किया गया है, के मामले में संबंधित निर्वाचकों को आवश्यक दस्तावेज बी०एल०ओ०,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी , निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के समक्ष समर्पित करने हेतु प्रेरित किया जाय।संविधान के अनुच्छेद-326 यह निर्धारित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और जो अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका है, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का साधारणतया निवासी हो तथा किसी अन्य कानून के तहत अयोग्य नहीं ठहराया गया है, वह निर्वाचक सूची में पंजीकृत होने का हकदार होगा।

उक्त प्रावधान के आलोक में अपात्र निर्वाचकों के संबंध में भी बी०एल०ए० के माध्यम से आवश्यक सूचना बी०एल०ओ० / सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी , निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को ससमय उपलब्ध करा दी जाय।सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालय -नगर पंचायत, नगर परिषद् एवं नगर निगम के अंचल कार्यालय में आयोजित विशेष कैम्प में भी आवेदक द्वारा अपना आवेदन दाखिल किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त दावा,आपत्ति ऑनलाईन माध्यम से भी दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध है।

9 निर्वाचक सूची की शुद्धता हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के मतदान केन्द्र अभिकर्ता बी०एल०ए० का सक्रिय सहयोग भी अपेक्षित है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, गया शशांक शुभंकर द्वारा निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के तहत आगामी गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा सभी 10 विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ की गई एवं उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

आम नागरिकों को विशेष सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन मोड में दावों एवं आपत्तियों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु सभी ईआरओ को विशेष कैम्प का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। 2 अगस्त से 1 सितंबर तक प्रत्येक दिन सोमवार से रविवार तक लगातार 10 बजे पूर्वाह्न से 05 बजे अपराह्न तक सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों ए ई ओ आर एस एवं शहरी निकाय कार्यालयों में विशेष कैम्प लगाया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण को लें बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का किया वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



गया, ।समाज कल्याण विभाग जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय बिहार, पटना द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांगजन छत्र योजना अंतर्गत बैट्री चालित ट्राईसाईकिल वितरण कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को जिला स्तर पर गठित चयन स्क्रीनिंग समिति द्वारा 54 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है, जिसमें सदर अनुमण्डल के 10 दिव्यांगजनों को शशांक शुभंकर, जिला पदाधिकारी, गया द्वारा समाहरणायलय, गया में बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया है। शेष स्वीकृत आवेदन पत्रों को निदेशानुसार अनुमण्डल वार तिथि निर्धारित कर संबंधित अनुमण्डल कार्यालय में दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाईकिल वितरण किया जाएगा। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, गया द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गया जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखण्डों से 50 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है जिस पर स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। इस वितरण कार्यक्रम में सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, गया एवं कर्मी गण उपस्थित रहे हैं।लाभुकों की विवरणी निम्नवत है। डेल्हा निवासी अविनाश कुमार,जनकपुर मानपुर निवासी पीयूष कुमार।मानपुर निवासी छोटू कुमार, गोपालगंज रोड मानपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद।भदेया मानपुर निवासी जूही खातून। मीरगंज वजीरगंज निवासी राजू कुमार।लक्ष्मीपुर बेलागंज निवासी मो० सूफी। डुमरी फतेहपुर निवासी शंकर कुमार, कठिऔंध फतेहपुर निवासी पप्पू कुमार पिपरा फतेहपुर निवासी अनिल कुमार।

## जन वितरण प्रणाली फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन बैनर तले 12 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर एक धरना प्रदर्शन का आयोजन करने का निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता

गया जिला अंतर्गत सभी अनुमंडल के अनुमंडल अध्यक्ष सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष/सचिव एवं सक्रिय जन वितरण विक्रेता साथियों को गया जिला अध्यक्ष की ओर से सूचित किया जाता है कि दिनांक 4 अगस्त 2025 को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसका स्थान गया स्थित गांधी मंडप में 12:00 बजे दिन में रखा गया है आप सभी साथियों को इस बैठक में उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि सरकार के समक्ष लंबित 8 सूत्री मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया है हम लोग चरण वद्व तरीका से आंदोलन करते आ रहे हैं फिर भी सरकार हम सभी विक्रेताओं के लंबित मांगों पर अड़ियल रुख अख्तियार किए हुए हैं साथ ही साथ आठ माह का मार्जिन मनी (कमीशन )का भी भुगतान आज तक लंबित रखा गया है इसी परिपेक्ष्य में अपनी मांगों को पूर्ति हेतु 12 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर एक धरना प्रदर्शन का आयोजन करने पर भी विचार विमर्श किया जाएगा और आगामी विधानसभा का चुनाव होने वाला है उसी संदर्भ में भी सरकार के पक्ष एवं विपक्ष में विचार विमर्श करते हुए आगामी प्रस्ताव पारित किया जा सकता है ।

इस बैठक का विचारणीय विषय जन वितरण विक्रेताओं को माह अगस्त में वितरण हेतु अतिरिक्त आवंटन दिया जाए या सितंबर 2025 के मूल आवंटन को अगस्त माह में उठाव कराते हुए अगस्त माह के वितरण हेतु 31 अगस्त तक समय विस्तार का विचार विर्म्श ।8 माह से लंबित कमीशन या मार्जिन मनी पर विचार विमर्श।

22 जुलाई 2025 के पटना के गर्दनीबाग में किए गए धरना प्रदर्शन के सफलता पर विचार विमर्श ।सरकार के समक्ष लंबित अन्य मांगों पर विचार विमर्श करने हेतु बैठक का मुख्य उद्देश्य होगा ऐसी स्थिति में आप सभी साथियों से अनुरोध होगा कि आप अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे ।जिसमे आपका उपस्थिति ही आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों तथा चरण बद्ध तरीका से आंदोलन करने एवं सरकार के विरोध में कठोर निर्णय लेते हुए गया जिला के दसों विधानसभा के क्षेत्रवार चुनाव लड़ने पर उम्मीदवार का चयन करने हेतु भी निर्णय लिया जाएगा जो जन विक्रेताओं के हित में होगा।

## आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला परिषद कार्यालय के बाहर में आकांक्षा हाट का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डॉ. संतोष कुमार सुमन, मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री, औरंगाबाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इस पहल को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। उद्घाटन के उपरांत मंत्री द्वारा हाट में स्थापित सभी स्टॉलों का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता, उनकी पैकेजिंग एवं विपणन व्यवस्था की सराहना की तथा उत्पादकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्थानीय कारीगरों, किसानों एवं महिला समूहों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि इनके माध्यम से पारंपरिक एवं स्वदेशी उत्पादों को पहचान भी मिलती है।

आकांक्षा हाट में जीविका, उद्यान, कृषि एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों तथा स्थानीय स्व-सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जीविका समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों जैसे शहर अचार, आंवला मिक्चर, सत्तू, हस्तनिर्मित चूड़ी, अगरबत्ती आदि को बिक्री हेतु प्रदर्शित किया गया।

उद्यान विभाग की ओर से अमरूद के पौधे एवं अन्य फलदार एवं सजावटी पौधों की किस्में प्रदर्शित की गईं। कृषि विभाग द्वारा अरहर, ज्वार, मड़ुआ, जीरा जैसे पारंपरिक अनाज एवं फसलों से संबंधित जानकारी, बीज एवं कीटनाशक दवाओं के स्टॉल लगाए गए।

उद्योग विभाग के अंतर्गत निरंजनपुर डुमरा प्राथमिक कंबल बुनकर सहयोग समिति द्वारा पारंपरिक कंबलों एवं खादी वस्त्रों की प्रदर्शनी सह बिक्री की गई, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रकार हाट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय प्रतिभा एवं पारंपरिक उत्पादों को एक साथ जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की भावना को बल दिया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, जीविका से जुड़ी महिलाएं, किसान, स्थानीय उद्यमी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## 4 अगस्त को लगाई जाएगी दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के समावेशी शिक्षा संभाग बीआरपी लाल बहादुर ने बताया कि 04 अगस्त दिन सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,औरंगाबाद एवं बिहार शिक्षा परियोजना परिषद,समग्र शिक्षा अभियान औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों हेतु जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।बारुण प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालय/मध्य विद्यालय/ उच्च विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/वरीय शिक्षक को सूचित किया जाता है कि प्रखंड के 03 से 18 आयु वर्ग के दिब्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतू आयोजित होने वाले शिविर में निम्नलिखित तरह के दिव्यांग बच्चों श्रवण बाधित इसके अंतर्गत ऐसे बच्चे जिनको कम सुनाई देता है या बिल्कुल सुनाई नहीं देता तथा बोल नहीं पाते हैं ।दृष्टि बाधित इसके अंतर्गत जिसको कम दिखाई देता है या बिल्कुल दिखाई नहीं देता है ।अस्थि निःशक्त इसके अंतर्गत वैसे बच्चे जिनका हाँथ - पैर कट गया हो, टेढ़ा हो या मुड़ा हुआ हो, हाँथ पैर टाईट हो,चल फिर न पाता हो या बिल्कुल चलने में असमर्थ हो। बहु दिव्यांगता के अंतर्गत वैसे बच्चे जिसमें एक से अधिक दिव्यांगता हो ।उपर्युक्त सभी प्रकार के दिब्यांगता से ग्रस्त बच्चों का प्रमाण पत्र बनाया जायेगा ।सभी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिये बहुत ही सुनहरा अवसर है ।

## प्रेमचंद ने यथार्थ में नैतिक विवेक पैदा किया : परिचय दास

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी और पत्रकारिता विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में ह्लसाहित्य और प्रेमचंदह्व विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नव नालंदा महाविहार के हिन्दी विभाग से प्रो. रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव ह्यपरिचय दासह्ण का आगमन हुआ है। उनकी धर्मपत्नी और सुप्रसिद्ध भोजपुरी चित्रकार डॉ. वंदना के अतिरिक्त एमयू मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. रहमत जहां, पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. विनय कुमार, संस्कृत विभाग से डॉ. ममता मेहरा, उर्दू विभाग से डॉ. तरन्नुम जहां भी वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहे जिनका स्वागत हिन्दी और पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने किया है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता ने भी भाग लिया जिसके विजेताओं को हिन्दी भवन के उद्घाटन के दिन कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।परिचय दास ने प्रेमचंद की रचनाओं की विशेषता बताते हुए कहा कि प्रेमचंद ने सिर्फ. यथार्थ का अंकन नहीं किया बल्कि उसके भीतर नैतिक विवेक भी पैदा किया जो वास्तव में किसी भी अच्छे साहित्य का काम होना चाहिए, एक मशाल के रूप में समाज को रास्ता दिखाने का। हिन्दी भाषा को कठिन संस्कृत और अरबी फारसी शब्दों से मुक्त कर उन्होंने जनता की राह पकड़ाई और एक प्रकार से उर्दू और हिंदी दोनों भाषाओं में क्रांति पैदा की। साहित्य की अनिवार्य तरलता प्रेमचंद में खूब मिलती है। बाद में रेणु ने इसी सहज भाषा में खूब रस भी पैदा किया है।

तुलनात्मक साहित्य का उदाहरण देते हुए उन्होंने प्रेमचंद के बरक्स उड़िया के सीताकांत महापात्र और गोपीनाथ महंती का उल्लेख भी किया है। उन्होंने बताया कि प्रेमचंद और शरतचंद्र ने एक ऐसे समय में स्त्रियों को अपनी रचनाओं का नायक बनाया जब स्त्रियाँ बिल्कुल हाशिए की वस्तु समझी जाती थीं। आज भी अनेक मजदूरों का पलायन हमारा जीता जागता यथार्थ है और इसीलिए प्रेमचंद प्रासंगिक हैं। साहित्य प्रचार अथवा प्रोपेगेंडा नहीं होना चाहिए बल्कि व्यापक सामाजिक संवेदना से जुड़ने का माध्यम बने रहना चाहिए। प्रेमचंद किसी विचारधारा के नहीं, विचार के प्रति प्रतिबद्ध लेखक हैं जिनमें अनेक विचारधाराओं के प्रभाव मिलते हैं। इसीलिए डॉ. धर्मवीर द्वारा सामंत का मुंशी होने के उनके आरोप निहायत गलत हैं क्योंकि प्रेमचंद की रचनाएं उनके जनता की पीड़ाओं के लिए प्रतिबद्ध होने और संवेदना के साधारणीकृत होने की निशानी हैं।

मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. रहमत जहां ने अंग्रेजी साहित्य में मुल्कराज आनंद की रचनाओं, गांधी के प्रभाव और प्रेमचंद के साहित्य से उनकी तुलना पर अपने विचार प्रकट किए हैं।

## मोटर दुर्घटना वादों का लक्ष्य निर्धारित करें बीमा कम्पनी : प्रधान जिला जज


प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राज कुमार -1 द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सभी इन्शुरेंस कम्पनी के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक किया गया। जिसमें बीमा कम्पनी के पदाधिकारियों के साथ-साथ इन्शुरेंस कं0 से सम्बन्धित अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, राम नरेश यादव, अरबिंद सिंह तथा अन्य ने भाग लिया तथा नेशनल बीमा कम्पनी के प्रबन्धक ज्ञानेन्द्र कुमार एवं न्यू इंडिया के प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारियों ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए निष्पादन से ज्यादा वादों का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रधान जिला द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्वयं से ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे क्रियान्वित करने के लिए कहा गया।

आगामी 13 सितम्बर, को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मोटर दुर्घटना वाद के निष्पादन में पूर्ण सफल हो इसके लिए पूर्ण सहयोग करने का भरोसा बैठक में दिया गया। उनके द्वारा बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जो वाद उक्त से सम्बंधित है उन्हें मध्यस्थता राष्ट्र के लिए मुहिम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मध्यस्थता करवा कर निस्तारण करवायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रीमती तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए समय बहुत कम है। जिसके कारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर संभव प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराया जा सके इस कारण युद्धस्तर पर तैयारिया की जा रही है। आपके सहयोग से मोटर दुर्घटना वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से होता है तो पीड़ित को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ उनके जीवन को पुनः पटरी पर लाने में सहायक होगा इसी विश्वास के साथ आपको लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करना है।

प्रधान जिला जज द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 13 सितम्बर को आयोजित आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक आमजन लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं ।

## संगठन महामंत्री के नेतृत्व बिहार संगठन को मजबूती प्रदान करेगा, विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐंगे:डॉ मनीष पंकज



प्रात : किरण संवाददाता

गया जी ।भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश संगठन महामंत्री भीखु भाई दिलसानिया को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा स्वागत किया गया है। इस अवसर पर डॉ मिश्रा ने उन्हें विष्णु चरण चिन्ह, पुष्पगुच्छ फूलों का बुके एवं पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया है।डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने इस दौरान कहा कि भीखु भाई दिलसानिया जैसे समर्पित एवं सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले संगठन कार्यकर्ता का मार्गदर्शन बिहार भाजपा के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, वर्षों का अनुभव और उनकी कार्यशैली भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि दिलसानिया का नेतृत्व बिहार संगठन को मजबूती प्रदान करेगा और आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।डॉ मिश्रा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित दल है, जहां संगठन सर्वोपरि होता है, और भीखु भाई जैसे कार्यकर्ता उस विचारधारा के सच्चे प्रतिनिधि हैं

## कांग्रेस में हो गया खेला शुरू, भाजपा के मंत्री के दामाद को कांग्रेस से टिकट के प्रस्ताव पर भड़के कार्यकर्ता, अति पिछड़ा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष पर भड़के कार्यकर्ता और नेता

प्रातः किरण संवाददाता



गया जीः बिहार के गया जी शहर के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में अत्यंत पिछड़ा आयोग कांग्रेस की ओर से बैठक बुलाई गई थी, जिसमें बिहार प्रदेश कांग्रेस अत्यंत पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण पंडित का आगमन होना था लेकिन किसी कारण बस रद्द कर दिया गया, नहीं आने पर बैठक में आए कार्यकताओं और नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण पंडित के खिलाफ जमकर विरोध किया और नारेबाजी किया. कांग्रेस कार्यकताओं का कहना था कि जानबूझकर कांग्रेस अत्यंत पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण पंडित नहीं आए हैं क्योंकि उन्होंने कांग्रेस के जमीनी नेता को प्रस्ताव नहीं भेजा है बल्कि भाजपा के एक मंत्री के दामाद को कांग्रेस से टिकट का प्रस्ताव भेजने का काम किया है जो बिल्कुल ही उचित नहीं है. जिनका कांग्रेस से टिकट का प्रस्ताव भेजा गया है वह कांग्रेस का कार्यकर्ता और ना ही नेता है. इसलिए हम लोग आज विरोध कर रहे हैं और उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं. इस बातों को हम लोगों ऊपर तक रखने का काम करेंगे अगर उससे भी नहीं होती है तो हम लोग कोर्ट जाने का काम करेंगे.

## पति के अधूरे विकास कार्यो को पूरा करूंगी:- रिंकू कुशवाहा

कुर्था (अरवल)। विधानसभा के पूर्व विधायक स्वङ्ग सत्यदेव सिंह कुशवाहा के अधूरे विकास कार्यों को मैं करूंगी पूरा। उक्त बातें कुर्था विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी रिंकू कुशवाहा ने प्रखंड मुख्यालय के डाक बंगला परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मेरे पति ने कुर्था विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। मैं उस कड़ी को कभी टूटने नहीं दूंगा उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास से लेकर ईमानदारी तक की मिसाल कायम की है अपने पति के पदचिन्हों पर चलकर कुर्था विधानसभा के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने का जिम्मा लेती हूं कहां जाता है कि कुछ लोग इतिहास पढ़ते हैं लेकिन मेरे पति ने 60 वर्षों के विकास को सिर्फ 10 वर्षों में कर कर दिखला दिया और इन्होंने इतिहास गढ़ने का काम किया अगर आप लोगों ने हमें सहयोग दिया तो मैं आपको पूर्ण विश्वास दिलाती हूं कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करूंगी 2025 के बिहार विधानसभा के चुनाव में कुर्था विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अगर हमें सेवा करने का अवसर प्रदान किया तो मैं उनके अधूरे सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडूंगी और मेरे लिए और आप सबों के लिए भी यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## बिहार में सबसे बड़ा घोटला हुआ कैग रिपोर्ट : जिला प्रवक्ता कोंग्रेस

गया जी ।गया कोंग्रेस कार्यलय मे कोंग्रेस पार्टी के निर्देश अनुसार गया जिला प्रवक्ता शोकत निसाद ने कैग सकेन के बारे में प्रेस कोनफ्रेस में बताया कि बिहार मे अब तक बहुत बढा घोटाला हुआ है। केग के रुप घोटाला हुआ है।।जो कयी विभाग में बहुत गड़बड़ी है ।जो बिहार वासियों के लिए बहुत चिंताजनक विषय है ।सतर हजार करोड़ रुपए घोटाला सामने आया है ।कयी विभागों द्वारा युटिलाइजेसन सार्टीफिकेट जमा नही किया गया है। विकास कि योजना का काम नही होता है ।सहाकिरता विभाग 804.69 करोड़, स्वास्थ्य विभाग में 860.33 करोड़,पिछडा एवं अति पिछड़ा वर्ग में 911.08 करोड़,अनुसूचित जनजाति,जनजाती में 1397.43 करोड़,कृषि विभाग 2107.63 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग 7800.48 करोड़, शहरी विकास 11,065.50 करोड़ का घोटाला हुआ है। जिससे बिहार का और विकास होता जिससे बिहार यह दुरगती हुई है। इतने बढ़े दिनो बड़ा सबसे बडा सकेन हुआ है। बिहार में सबसे बढा घोटला है ।इस घोटाले पर मोजूद सरकार खामोश है। बिहार कि जनता जाना चाहति है कि क्यों यह गबन बचाने की कोशिश कि जा रही है ।यह प्रेस कांफ्रेंस बिहार के 38 जिलो मे आयोजित किया गया है ।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अशोक भारती,वुदेसवक निशाद उपस्थित थे।

## जन सुराज के कार्यकर्ता पीड़ित परिजन से मिलकर दी सांत्वना

अरवल (सदर )जिला के ग्राम अमरा चौकी निवासी सूरजमल पासवान के पुत्र अभय पासवान की मौत अहमदाबाद से घर लौटने के दौरान ट्रेन से गिरकर हो गई। यह हादसा परिवार और गांव के लिए बेहद दुखदायी रहा। अभय पासवान अपने परिवार के आर्थिक सहारे थे, ऐसे में उनकी मौत ने घर की स्थिति को और भी कठिन बना दिया ।इस दुख की घड़ी में जन सुराज पार्टी के अरवल जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक के बच्चे को आठवीं कक्षा तक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने की जिम्मेदारी ली।

## सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ

गया जी ।विधानसभा क्षेत्र के लिए आज का दिन विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2024-25 एवं मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत गया नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया गया है ।मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों का शुभारंभ किया गयाःवार्ड संख्या 30, साकेतपुरी कटारी रोड में पार्क जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ 14,08,937 की लागत से ।वार्ड संख्या 30, अशोकनगर में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ 35,04,940 की लागत से ।वार्ड संख्या 04 एवं 05, गांधी मोड़ से रविदास टोला होते हुए पटना मुख्य पथ तक नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ 46,91,228 की लागत से ।वार्ड संख्या 15, मीर सफायत रोड में पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ 80,80,165 की लागत से ।इसी क्रम में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों का शिलान्यास किया गयाःवार्ड संख्या 33, गेवाल बिगहा में शौचालय एवं सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास 4,50,000 की लागत से ।वार्ड संख्या 16, स्टेशन रोड में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 2,25,000 की लागत से ।वार्ड संख्या 08, लाला बाबू रोड में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास 2,25,000 की लागत से ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय जनता ने गयाजी के चहुंमुखी विकास हेतु मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के प्रयासों की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

## एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम में दानिका के कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के दानी विगहा स्थित दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में भारत के महान सदाबहार गायक मोहम्मद रफी साहब की 45वीं पुण्यतिथि पर उनके सम्मान में एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार एवं केंद्राधीक्षक शशि देवी के संयुक्त नेतृत्व में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि औरंगाबाद के विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध गायक रामचंद्र सिंह, प्रसिद्ध रंगकर्मी मथुरा रंजन, हुड़दंग के संस्थापक संजय श्रीवास्तव,राजू श्रीवास्तव डॉ अरविंद कुमार सिंह,प्रमोद कुमार सिंह,अजय कुमार पांडेय, प्रमोद रंजन,संगीत शिक्षक सनोज सागर,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मोहम्मद रफी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि रफी साहब के गायकी के कारण भारतीय सिनेमा को पूरे विश्व में पहचान मिली ।भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में लोकप्रिय गायक के रूप में रफी साहब जाने जाते थे। अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।तत्पश्चात एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम में मथुरा रंजन ने कल रात जिंदगी से मुलाकात हो गई,पल्लवी द्वारा तेरी बिंदिया रे,हैप्पी द्वारा जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा,स्मृति द्वारा बहारों फूल बरसाओ,कोमल मिश्रा द्वारा तुझको पुकारे मेरा प्यार,निहारिका द्वारा चुरा लिया है दिल ने, अंकित खुशबू ने जन्म जन्म का साथ,श्रेयस जी ने सुख के साथी, शिवांगी ने इतना तो याद है मुझे,जया किशोरी एवं कृष्णा जी ने मंगल भवन अमंगल हारी गाई,तो रेनू रॉकी,अमीषा, दीपाली, सोनी,मिताली,जूही,चांदनी सिमरन,मुस्कान के गीते पर लोग झुमने लगे ।अंश सिंह ने मुझे तेरी मोहब्बात का सहारा मिल गया गाया, कंचन मिश्रा गुनगुन एवं अंजली सिंह के गीतों पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। आयुष नीतीश के गायकी पर भी लोग मंत्र मुग्ध हो गए ।सविता,निधि,साक्षी, अंजलि ने भी सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था गाकर मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी।

# प्रतिभा-सृजन में समर्पित व्यक्तित्व : आचार्य विश्वनाथ सिंह पर केन्द्रित साहित्यिक समारोह का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के स्वामी विवेकानन्द सभागार में साहित्यिक सर्जन और श्रद्धा का अद्वितीय संगम दृष्टिगोचर हुआ, जब हिन्दी विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्त्वावधान में हिन्दी के मूर्धन्य समालोचक, निबंधकार, प्रशासक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व आचार्य विश्वनाथ सिंह के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित विशिष्ट व्याख्यान-सह-पत्रिका लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम का आरंभ ठीक अपराह्न 12:01 बजे दीप प्रज्वलन और आचार्य विश्वनाथ सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुआ है। इस मंगल क्षण पर मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों की उपस्थिति ने माहौल को गरिमा से भर दिया है। बी ए की छात्रा प्रतिमा की वन्दना तथा देमंती के स्वागत गान के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है। इस आयोजन की आत्मा स्वरूप जो सशक्त सूत्रधार रहे, वे थे झ डॉ. उमा शंकर सिंह, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग। उन्होंने मंच संचालन को केवल एक औपचारिक कर्तव्य न मानकर, उसे एक साहित्यिक विधान, एक रचनात्मक प्रवाह और एक भाषिक शुचिता का सजीव उदाहरण बना दिया है। आचार्य का रचनात्मक परिचय देते हुए डॉ सिंह ने कहा कि आचार्य विश्वनाथ सिंह हिन्दी आलोचना, ललित निबंध लेखन और अकादमिक प्रशासकीय कौशल के त्रिवेणी संगम थे। यह विशेषांक आचार्य विश्वनाथ सिंह के साहित्यिक अवदान को केवल संजोता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ रूप में प्रस्तुत करता है। वस्तुतः यह अंक श्रम, समर्पण और शोध का जीवंत प्रमाण है। यह आयोजन केवल स्मृति या श्रद्धांजलि नहीं था, अपितु साहित्य और शिक्षण के आदर्शों की पुनःस्थापना का एक आत्मिक उपक्रम था। आचार्य विश्वनाथ सिंह का व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को शब्द, शुचिता और साधना का संदेश देता रहेगा।

प्रतिभा सृजन के संपादक प्रो. पार्थ सारथी इतिहास विभाग, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रबुद्ध प्रतिभा का साक्षात्कार केवल शब्दों से नहीं, संवेदना से होता है; आचार्य सिंह उस पीढ़ी के प्रतीक थे जो शिक्षण को तप मानती थी। उनकी इस स्मृति विशेषांक का लोकार्पण एक पत्रिका का विमोचन नहीं, बल्कि एक पीढ़ीगत विरासत का पुनराविष्कार है। मैं इस पुण्य कार्य में संलग्न सभी साथियों को, विशेषतः डॉ. उमा शंकर सिंह को हार्दिक बधाई देता हूँ, जिन्होंने स्मृति को शोध और श्रद्धा से जीवित कर दिया।

डॉ. प्रो. उषा सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने उद्घाटन वक्तव्य में अत्यंत भावगर्भित एवं विदुषी शैली में कहा– आचार्य विश्वनाथ सिंह केवल हिन्दी के अध्येता नहीं थे, वे भाषा के नैतिक अनुशासन के संरक्षक थे।

उन्होंने हिन्दी आलोचना को संवेदना का संस्कार प्रदान किया। उनके लेखन में जहां एक ओर आचार्य रामचंद्र शुक्ल की तर्कपरकता थी, वहीं दूसरी ओर हजारीप्रसाद द्विवेदी की भाषिक माधुर्य की छाया भी थी। वे परंपरा के पुनर्पाठ और आधुनिकता के पुनसंयोजन के मध्य संतुलन स्थापित करते हुए हिन्दी आलोचना को एक नई ऊँचाई पर ले गए।

# एक माह तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

## डीएम ने सभी मान्याता प्राप्त राजनीतिक दलों के मौजूदगी में मतदाता सूची का प्रारूप किया जारी

- 48 हजार से भी अधिक वोटरों के नाम हटे
- दावा आप्ति के लिए खोला गया काउंटर,मतदाता सूची से छुटे लोग कर सकते है दावा आप्ति
- नगर परिषद में खुला दावा आप्ति काउंटर,प्रखंड स्तर पर भी खोला गया काउंटर

प्रातः किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पिछले 26 जुलाई को संपन्न करा लिया गया! मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद 48 हजार 824 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है,जिसमें सूर्यगढ़ा एवं लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के मृत,दोहरी प्रविष्टि,स्थांतरित एवं अनुपस्थित मतदाता को शामिल किया! एक अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया,मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अनुमंडल कार्यालय,प्रखंड मुख्यालय कार्यालय एवं सभी नगर परिषद कार्यालय में दावा आप्ति काउंटर खोला गया है !दावा आप्ति कार्यालय में जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वे संबंधित कागजात के साथ दावा आप्ति कर सकेंगे! जिसकी जांच पड़ताल की जायेगी एवं सही पाये जाने पर उनका नाम मतदाता सूची में फिर से जोड़ा जायेगा!इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी मिथलेश मिश्र ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है जिन मतदाताओं का नाम भूलवश छुटा है वे अपने प्रखंड के दावा आप्ति काउंटर पर जाकर दावा आप्ति कर सकते जांच उपरांत अगली कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही एक जुलाई एवं एक अक्टूबर को जिनका 18 वर्ष पूरा कर लिया गया है दावा आप्ति आगामी एक सितंबर तक चलेगा! मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के क्रम में प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप उपलब्ध कराने तथा दावा आपत्ति अवधि से संबंधित बैठक समाहरणालय लखीसराय स्थित मंत्रणा कक्षा में आयोजित की गई।बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप उपलब्ध कराया गया। डीएम ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) कार्य में जिले के सभी बूथ लेवल ऑफिसर ने कर्मठता और समर्पण के साथ कार्य किया है। उनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप 93 प्रतिशत तक मतदाताओं से फॉर्म संग्रह करने में सफलता प्राप्त हुई है।डीएम ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अब्सेंट, शिफ्टेड एवं मृत लोगों की सूची तैयार की गई है, जिसके लिए आज 01 अगस्त 2025 से मतदाता सूची के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक व्यक्ति अपने दावा-आपत्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर के पास जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे व्यक्ति जिनकी उम्र 1 अक्टूबर 2025 को 18 साल हो चुकी है, उनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ने हेतु फॉर्म 6 के साथ घोषणा पत्र एवं आवश्यक कागजात जमा कर सकते हैं।बैठक में बताया गया की दावा आपत्ति हेतु एक महीना तक फार्म लिया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि मृत व्यक्ति के दावा आपत्ती पर सभी बीएलओ मृत व्यक्ति के बारे में विवरणी सहित इसका साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है कि उनका नाम मृत मतदाता सूची में क्यों है।उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर मतदाता सूची में किसी भी त्रुटि को सुधार लें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।डीएम ने बताया कि दावा आपत्ति को बीएलओ एप पर अपलोड किया जाएगा। उसकी जांच की सुनवाई के बाद डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट या मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पास अपील किया जा सकेगा इसके उपरांत अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 30 सितम्बर को किया जाना है।जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अनुरोध किया है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए तैयार रहें। प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में लखीसराय जिले के कुल 7,82,424 मतदाताओं में से 7,33,600 मतदाताओं के नाम प्रकाशित हुआ है। इस प्रकार कुल 48,824 मतदाताओं ने अपना गणना प्रपत्र नहीं जमा कराया है।

# एसडीएम ने इवीएम केंद्र का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता




पीरो। चुनाव आयोग के निर्देश पर आम मतदाताओं को इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन की कार्य प्रणाली व इसके माध्यम से मतदान की प्रक्रिया संबंधी जानकारी देने के लिए पीरो अनुमंडल मुख्यालय में स्थापित इवीएम प्रदर्शन केंद्र का एसडीएम सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम ने इवीएम प्रदर्शन केंद्र में आम मतदाताओं को जानकारी देने के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी को आवश्यक निर्देश देते हुए केंद्र का समयानुसार विधिवत संचालन का निर्देश दिया। एसडीएम ने प्रतिनियुक्त कर्मी व आम मतदाताओं से बातचीत कर इवीएम प्रदर्शन केंद्र के संबंध में उनसे फीडबैक लिया। इवीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी लेने पहुंचे मतदाताओं ने कहा कि इससे उन्हें इवीएम व वीवीपैट की सही जानकारी मिल रही है। इससे मतदान करना आसान हो जाएगा ।पीरो में खुले इवीएम प्रदर्शन सेंटर के लिए पीरो की अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी श्रेया बोस को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है । नोडल पदाधिकारी के अनुसार यह सेंटर विधानसभा चुनाव की घोषणा होने तक संचालित रहेगा।यह केंद्र मतदाताओं को ईवीएम वीवीपैट के मध्यम से मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराएगा। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक यह केंद्र संचालित होगा। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। चुनाव आयोग के निर्देश पर यह केंद्र बनाया गया है। यहां कोई भी मतदाता आकर अपने मत का प्रयोग कर सकता है और मतदान की प्रक्रिया को समझ सकता है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम,पंचायत राज पदाधिकारी मनीष कुमार पटेल मौजूद थे।

# उतरी मंडल के योजनाओं का सहाकिरता मंत्री द्वारा शुभारंभ, लोगों मे हर्ष व्याप्त : शभु यादव

प्रातः किरण संवाददाता



गया शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कुष्ठ अस्पताल के निकट नाला का निर्माण करने, वार्ड नंबर 5 में नाला का निर्माण कार्य कराने, नई गोदाम पहसी रविदास टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण करने एवं रेलवे स्टेशन अजातशत्रु के निकट नाला का निर्माण कार्य करने हेतु गया शहर के विधायक एवं बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने नारियल फोड़कर कार्य प्रारंभ करने हेतु शिलान्यास किया गया है।

इन सभी विकास की योजनाओं का प्रारंभ होने से स्थानीय लोगों में काफी हर्ष एवं उल्लास का माहौल बना है ऐसे गया शहर में आने को विकास का योजनाएं पर कार्य हो रहा है और शेष बचे हुए कार्यों के लिए मंत्री अथक प्रयास कर रहे हैं इस शहर में कोई क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रह सके। माननीय मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गया शहर के चौमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और आगे भी रहेंगे। इन सभी कार्य होने से समाज के सभी वर्गों को सुविधा मिलेगा जिसके लिए भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार जी को कोटि-कोटि बधाई एवं धन्यवाद दिया है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा गया जिला पूर्वी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी , युवा नेता प्रेम सागर ,सहित मंडल अध्यक्ष राजेश मस्तान कौशलेंद्र सिंह अनिल गुप्ता शिवनारायण चंद्रवंशी जयप्रकाश सिंह यादव समीर चटर्जी हबलू बाबा मोहन कुशवाहा आईटी सेल राकेश कुमार सुशील पासवान मंडल महामंत्री पप्पू कुमार नाटककार रामनरेश चंद्रवंशी मंडल महामंत्री लक्ष्मण दास जितेंद्र यादव श्याम बिहारी राम भोले शंकर लक्ष्मण पांडे,,,,,, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# प्रधान शिक्षक पद के लिए चयनित शिक्षिका को दी गई विदाई



पीरो। मध्य विद्यालय सारोपुर में पूर्व से पदस्थापित शिक्षिका संगीता कुमारी कुशवाहा के प्रधान शिक्षक के पद पर चयन के पश्चात नये विद्यालय में योगदान हेतु ससम्मान विदाई दी गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सारोपुर में शुक्रवार को आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षकों ने संगीता कुमारी कुशवाहा को उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सम्मान पूर्वक विदा किया। संगीता कुमारी कुशवाहा का पदस्थापन प्रधान शिक्षक के रूप में पीरो प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय नोनार में हुआ है। वे पिछले 11 वर्षों से मध्य विद्यालय सारोपुर में प्रखंड शिक्षक के रूप में सेवा दे रही थी।इस दौरान संगीता कुमारी कुशवाहा ने इस विद्यालय में बिताए पलों की चर्चा करते हुए भावुक स्वर में कहा कि यहां के शिक्षकों, अभिभावकों व छात्र-छात्राओं से जो स्नेह, प्रेम व सहयोग मिला उसे कभी विस्मृत नहीं कर सकती हैं। कार्यक्रम में संजय कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, छात्र व ग्रामीण शामिल हुए।

# अचंल कार्यालय के मुख्य गेट पर जल जमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी

तरारी ( आरा )। अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर वर्षा के पानी का जमाव के कारण वहां झील सा नाजारा देखने को मिल रहा है ,जिसके कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। हालांकि इसी रास्ते से होकर प्रतिदिन अंचल कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारी, कर्मी तथा जनप्रतिनिधियों का आना-जाना होता है। लेकिन इस समस्या से आम लोगों को निजात दिलाने की दिशा में अब तक किसी भी स्तर से पहल नहीं की गई है। नतीजा है कि पिछले वर्षो से वर्षा होते ही लोगों को गड्ढा में जमा पानी से होकर अपने काम के निष्पादन के लिए अंचल कार्यालय जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब अंचल के मुख्य गेट की ऐसी स्थिति है तो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की क्या स्थिति होगी इसे सहज ही समझा जा सकता है। ।बताते चले कि प्रखंड परिसर में ही अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर वर्षा ऋतु में अंचल कार्यालय के पास संडक उंचा व कार्यालय परिसर गढे मे होने के कारण वर्षा का पानी भरने से लोगों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिसमे सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को हो रही है। इस बाबत अंचलाधिकारी आमीर आजीम से पूछे जाने पर बताया। उन्होंने कहा कि देखते है कुछ वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गड्ढा को भरवाया जाएगा।

# मीटर रीडर ने समायोजन के लिए राष्ट्रपति को लिखा त्राहिमाम संदेश

कुर्था (अरवल)बिहार राज्य ग्रामीण विद्युत फ्रेन्चाईजी कामगार संघ ने बिहार के 19500 मीटर रीडर ने समायोजन को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को भेजा गया त्राहिमाम संदेश साथ ही बिहार सरकार को 5 अगस्त तक का दिया समय नहीं तो होगा उग्र आदोलन 2013 से कार्य कर रहे हैं बहुत कम कमीशन पर कार्य, स्मार्ट मीटर लगाकर सरकार कर रही लोगो को बेरोजगार सरकार करें समायोजन नहीं तो परिजन सहित चुनेंगे नोटा हम सभी कर्मी विद्युत विभाग में कल रेवेन्यू फ्रेंचाइजी योजना 2013 के तहत वर्ष 2013 से अब तक घर घर जाकर मीटर रीडिंग (बिलिंग) व राजस्व उसूली का कार्य करते आ रहे है। अचानक सरकार के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर की योजना लाने से हमारे समक्ष बेरोजगारी व भुखमरी की स्थिति उत्पन हो गई है और जहां नहीं लगा है या लग रहा है वहां हो जाएगी। इस संदर्भ में हमारे संघ के राज्य कमिटी के द्वारा कई बार मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री, नेता विपक्ष, विद्युत विभाग के सभी उच्च पदाधिकारी को पत्राार किया गया लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई संघ के जिला कमिटी के दवारा मुख्यमंत्री, जिलाधिकगी सांसद से गुहार लगाई। जिले के सभी विधायकों को आवेदन है कर अपनी जर्जर स्थिति के बारे में जानकारी दी गई लेकिन इन पर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसी बीच ऊर्जा मंत्री ने विधानसभा से वक्तव्य दिया मैं आर आर एफ और एम आर सी को नहीं जानता हूँ। इसके विरोध में हमारे राज्य कमिटी के आह्वान पर मार्च 2024 में पूरे बिहार में कार्य बदी भी की गई परतु विभाग अपनी कुभकणी निदा से नहीं जागी और ना ही बिहार सरकार के द्वारा कोई सार्थक पहल की गई। विभाग के उच्च अधिकारियों के आश्वासन और विभाग के अधिक समृद्वि के कर्मयोगी होने के नाते 6 दिनों बाद संघ के राज्य कमिटी द्वारा हड़ताल को वापस ले लिया गया। हमारे सघ के राज्य कमिटी के आह्वान पर सभी सदस्य द्वारा राष्ट्रपति को आवेदन दिनाक 23 जुलाई 2025 को दिया गया है संघ बिहार सरकार के 125 यूनिट मुफ्त बिजली के योजना की सराहना करता है। साथ ही कहना है कि अगर 05 अगस्त 2025 तक हमारे समस्याओं का समाधान (समायोजन) करने हेतु सकारात्मक पहल करते हुए संघ के राज्य कमिटी से बार्ता नहीं की जाती है तो संघ चरणबद्ध आंदोलन हेतु बाध्य होगा जिसकी सभी जवाबदेही बिहार सरकार व ऊर्जा मंत्रालय बिहार सरकार की होगी, साथ ही हम सभी 19500 कर्मी सपरिवार परिजन महित आगामी विधानसभा चुनाव में वर्तमान सरकार का विरोध करते हुए नोटा का चयन करेंगे इस मौके पर बिहार राज्य ग्रामीण विद्युत फ्रैंकोइस कामगार संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सचिव इरफान के अलावे सुहेल अश्विनी कुमार अमित कुमार विकास कुमार राकेश रंजन चंदन कुमार पंचम कुमार कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार विवेकानंद कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक का किया गया आयोजन

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में नवगठित रोगी कल्याण समिति की बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार के अध्यक्षता में आयोजित किया गया बैठक के दौरान अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था वह चिकित्सकों की घोर कमी को लेकर नए रोगी कल्याण समिति के सदस्यों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथी अस्पताल परिसर में तमाम प्रकार की व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा हुआ इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पद्धति अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार स्वास्थ्य प्रबंधक शशांक शेखर के अलावे योगी कल्याण समिति के कई अधिकारी ब कर्मी मौजूद थे।

# प्रो संजीव कुमार मिश्रा ने संभाला सीएम साइंस कॉलेज प्रधानाचार्य का कार्यभार



दरभंगा। बिहार राज्य के लब्ध प्रतिष्ठित लंगट सिंह कॉलेज, मुजफ्फरपुर के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर संजीव कुमार मिश्रा ने आज ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय में योगदान कर दरभंगा स्थित सीएम साइंस कॉलेज के प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला।

इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षकों और कर्मियों ने उन्हें बधाई दी। ध्यातव्य हो, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना की अनुशंसा पर प्रो मिश्रा चयनित हुए हैं। इन्होंने जीवच्छ कॉलेज, मोतीपुर में पांच वर्षों तक प्रोफेसर इंचार्ज के रूप में कार्य करते हुए संस्थान को प्रशासनिक स्थिरता और शैक्षणिक ऊर्जा प्रदान की। उत्कृष्ट अकादमिक दृष्टि ,अनुशासनप्रियता और कार्यशैली की दृढ़ता इनके व्यक्तिव के आधार हैं।

# हत्या के मामले में फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार



तरारी। तरारी प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सिकरहटा थाना की पुलिस ने हत्या के मामले मे फरार अभियुक्त के घर शुक्रवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। इसकी जानकारी देते हुए सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार ने बताया कि कांड संख्या 69/25 के हत्या के मामले में फरार आरोपी सिकरहटा गांव निवासी आलमगिर अंसारी के पुत्र मोनु अंसारी, सोनू अंसारी और नीजामुदिन अंसारी पुत्र आलमगीर अंसारी के घर मे इश्तेहार चिपकाया गया है।

# डीएम मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय प्रोन्नति व अनुकंपा समिति की बैठक की गई आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



लखीसराय ! जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय प्रोन्नति/अनुकंपा समिति की बैठक समाहरणालय, लखीसराय के मंत्रणा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच करना था।

जिला प्रशासन द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।

बैठक में उपस्थित उम्मीदवारों के सभी आवश्यक कागजातों की गहन जांच की गई। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी दस्तावेज नियमानुसार पूर्ण और सही हों।

लखीसराय जिले में विद्यालय लिपिक के कुल 60 पद एवं विद्यालय परिचारी के कुल 22 पद हैं। नियुक्ति पत्र वितरण दिनांक 06 अगस्त को किया जाना है।

बैठक में अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर, बंदोबस्त पदाधिकारी मो. मुस्तकीम, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम, नजारत उपसमाहर्ता सुश्री प्राची कुमारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुश्री नैंसी मुर्मू, कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग श्री दुर्गा यादव सहित अन्य पदाधिकारी तथा नियुक्ति हेतु आए उम्मीदवार उपस्थित रहे।

# पीरो में अवैध रूप से चल रहे पांच निजी हॉस्पिटल सील स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को चलाया छापेमारी अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

पीरो। शुक्रवार को पीरो नगर क्षेत्र और अगिआंव बाजार में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान को लेकर पीरो क्षेत्र में पूरे दिन अवैध रूप से चल रहे निजी हॉस्पिटलों के संचालकों में हड़कंप मची रही और कई संचालक अपने अपने संस्थानों को बंद का गायब हो गए। जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डा डी के राय, डीआईओ संजय कुमार सिन्हा, ड्रग इंस्पेक्टर उमा कुमारी के अलावा पीरो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा रवि कुमार शामिल थे।

इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई निजी हॉस्पिटलों की जांच पड़ताल किया और आवश्यक दस्तावेज नहीं होने के कारण पीरो में स्थित फोर्ड इमरजेंसी हॉस्पिटल, नंदिनी इमरजेंसी हॉस्पिटल, पॉपुलर इमरजेंसी हॉस्पिटल, मां विंध्यवासिनी हॉस्पिटल और अगिआंव बाजार स्थित विंध्यवासिनी फ्रैक्चर एंड एक्सरे हॉस्पिटल समेत पांच निजी हॉस्पिटल को सील कर दिया है। जांच अधिकारियों के अनुसार पीरो के मां विंध्यवासिनी हॉस्पिटल में एक ऑपरेशन थिएटर भी पाया गया जिसे सील कर दिया गया है।

शुक्रवार को की गई करवाई और सील किए गए निजी हॉस्पिटलों पर करवाई हेतु प्रतिवेदन वरीय अधिकारी को भेजा जाएगा। टीम में शामिल पीरो के चिकित्सा पदाधिकारी डा रवि कुमार ने बताया कि छापामारी की सूचना फैलते ही फर्जी तरीके से हॉस्पिटल चला रहे संचालकों में हड़कंप मच गया और काफी संख्या में निजी हॉस्पिटल के संचालक अपने अपने संस्थानों को बंद कर दिया था। इस कारण छापामारी अभियान को आगे के दिनों में भी लगातार जारी रखा जाएगा।

बता दें कि पीरो अनुमंडल मुख्यालय के अलावे आसपास के कस्बाई बाजारों में भी बड़ी संख्या में निजी हॉस्पिटल खुल गए हैं। इन हॉस्पिटलों में स्वास्थ्य विभाग के किसी मानक का पालन नहीं किया जाता है। ऐसे अधिकतर संस्थानों में बगैर अधिकृत चिकित्सकों के ही ऑपरेशन तक किया जाता है।

# पितृपक्ष मेला व विकास कार्यों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, तय समय सीमा में पूर्ण करने का दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी। पितृपक्ष मेला की तैयारियों व शहर में संचालित विकास कार्यों को लेकर शुक्रवार को नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने निरीक्षण किया गया है। उस दौरान उन्होंने शहर में संचालित कई विकास कार्य से जुड़े योजनाओं का जायजा लिया गया है। सबसे पहले नगर आयुक्त के द्वारा जय प्रकाश झरना में बन रहे गोलंबर का निरीक्षण किया गया है।निरीक्षण क्रम में नगर आयुक्त ने पाया कि गोलंबर कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। गोलंबरो में झरना संचालित है एवं दो बड़े आकर में कच्छडश्ए ऋ्अ अ खकका अधिष्ठान कार्य पूर्ण है।साथ हीं, लाइटिंग को और बेहतर करने का निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने जेपी परिसर में गोलंबरो के इर्द गिर्द पार्क एरिया का जीर्णोद्धार कराने का संबंधित अभियंता को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला से पहले शहर में क्लोक टॉवर की तरह इस उद्यान का भी जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो जाए एवं शहर की खूबसूरती और बढ़े।

नगर आयुक्त ने स्थल पर हीं, संबंधित अभियंता के साथ पार्क एरिया में पेवर ब्लॉक का कार्य एवं लाइटिंग के कार्य से संबंधित समीक्षा की और त्वरित प्राकलन तैयार कर कार्य प्रारंभ कराने को निर्देश दिया है। अभियंता द्वारा बताया गया कि कार्य अगले सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी।

इसके अलावे नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने शहर में अधिष्ठापित हो रहे महिलाओं के



लिए पिंक टॉयलेट का निरीक्षण किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि विकास आयुक्त द्वारा गया जी को तीन पिंक टॉयलेट अलॉट किया गया था जिसका अधिष्ठान एवं संचालन नगर निगम द्वारा होना है। कुल तीन जगह चिन्हित किया गया था जिसमें दो पिंक टॉयलेट का अधिष्ठान फिलहाल गांधी मैदान में किया गया है। एक विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में अधिष्ठान होना बाकी है। वही महिलाओं ने कहा कि गया मार्केट में जेंटस टायलट कैसे,जब हमलोग जाते हैं इसपर कब ध्यान दिया जाएगा।इस निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने संबंधित अभियंता को निर्देश दिया कि गांधी मैदान के लाइब्रेरी के समीप पिंक टॉयलेट के अधिष्ठान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उसे शीघ्र चालू कराया जाए। इसके साथ ही, एक और जो पिंक टॉयलेट है, उसे फिलहाल विष्णुपद मंदिर स्थित गया शिर वेदी के समीप पार्किंग एरिया में पिंक टॉयलेट का अधिष्ठान करने का निर्देश दिया गया है। नगर आयुक्त ने पितृपक्ष मेला से पहले इसे शुरू कराने का निर्देश संबंधित को दिया है। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा कि नगर निगम की ओर से महिलाओं को उच्च कोटि की निजी स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पिंक टॉयलेट एक नवीन पहल है। सभी कार्य प्रगति पर है। शेष कार्य शीघ्र करते हुए संचालन करने का निर्देश संबंधित अभियंता को दिया गया है।

नगर आयुक्त कुमार अनुराग मेला क्षेत्र के सभी सरोवरों व पिंड वेदियों का निरीक्षण कर तय समय के अंदर पूरा करने का संबंधित अभियंता को सख्त निर्देश दिया है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अक्षयवट और रुक्मिणी तालाब का निरीक्षण किया गया है।इस निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने देखा अक्षयवट व तालाबों का रंगरोगन कार्य चल रहा है। वहां स्थित शौचालय और प्याऊ को दुरुस्त कराने का निर्देश संबंधित अभियंता को दिया है। इसके अतिरिक्त सभी टूटे टाइल्स को बदलने का निर्देश दिया है। संबंधित अभियंता ने कहा कि 20 अगस्त तक सभी कामों किसी भी हाल में पूर्ण कर लेना है। इसके अलावा नगर आयुक्त के द्वारा वैतरणी व ब्रह्म सरोवर तालाब का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण क्रम में देखा गया कि रंगरोगन का कार्य वहां प्रक्रियाधीन है।

# ओवल टेस्ट- टी-20 जैसी बैटिंग कर रहे थे इंग्लिश ओपनर्स

- **भारत पहली पारी में 224 रन पर ऑलआउट**
- **इंग्लैंड के 13 ओवर में ही 97 रन बना दिए थे**



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ओवल टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 224 रन पर ऑलआउट हो गया। जवाब में इंग्लैंड ने 13 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 97 रन बना दिए थे। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद हैं। दोनों 7 से ज्यादा के रन रेट से रन बना रहे हैं। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 204/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 4 विकेट 20 रन बनाने में गंवा दिए। पहले दिन नाबाद लौटे करुण नायर ने 57 रनों की पारी खेली। जबकि वॉशिंगटन सुंदर 26 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 38 और कप्तान शुभमन गिल ने 21 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से गस एटकिंसन ने 5 विकेट झटके। जोश टंग को 3 विकेट मिले। एक विकेट क्रिस वोक्स के खाते में आया। गुरुवार को मैच के पहले दिन इंग्लैंड के स्टैंड-इन कैप्टन ओली पोप ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

### प्लेइंग-11 में 4-4 बदलाव हुए

भारत और इंग्लैंड दोनों ही टीमों ने अपनी-अपनी प्लेइंग-11 में 4-4 बदलाव किए। इंग्लैंड से कप्तान बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और लियम डॉसन को बाहर बैठाया गया। इनकी जगह जैमी ओवर्टन, जोश टंग, गस एटकिंसन और जैकब बेथेल को मौका मिला।

भारत ने भी प्लेइंग-11 में 4 चेंज किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दूल ठाकुर, ऋषभ पंत और अंशुल कम्बोज को बाहर बैठाया गया। इनकी जगह आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को मौका मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** - ओली पोप (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जैमी ओवर्टन, जोश टंग।

# शुभमन ने गावस्कर और सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

### इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने; रन आउट भी हुए

**ओवल(एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन शुभमन 21 रन बनाकर रन आउट हुए। छोटी पारी के बावजूद उन्होंने सुनील गावस्कर और गैरी सोबर्स के 2 रिकॉर्ड तोड़ दिए। राहुल ने सीरीज में एक हजार गेंदें भी खेल लीं।

1. **सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान-** शुभमन गिल 21 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के साथ उनके मौजूदा सीरीज में 743 रन हो गए हैं। इसी के साथ शुभमन एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट की सीरीज में 732 रन बनाए थे।
2. **सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान** - शुभमन 743 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। सोबर्स ने 1966 में 722 रन बनाए थे।
3. **राहुल ने सीरीज में 1000 गेंदें खेलीं** - टीम इंडिया के ओपनर केएल राहुल 40 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में एक हजार से ज्यादा गेंदें खेलने वाले तीसरे भारतीय ओपनर बन गए। किसी भारतीय ओपनर ने 11 साल बाद यह कारनामा किया। 2014 में मुरली विजय ने इंग्लैंड में ही 1054 गेंदें खेली थीं। इन 2 के अलावा सुनील गावस्कर ओपनिंग करते हुए 5 बार एक टेस्ट सीरीज में 1000 से ज्यादा गेंदें खेल चुके हैं।
4. **भारत ने लगातार 15वां टॉस गंवाया** - गुरुवार को द ओवल स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप ने टॉस जीता और बॉलिंग चुनी। टीम इंडिया ने इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 15वीं बार टॉस गंवा दिया। भारत सीरीज में एक भी टॉस नहीं जीत सका। टीम ने इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी में भी सभी टॉस गंवाए थे। भारत ने इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टी-20 मैच के दौरान आखिरी टॉस जीता था।
5. **भारत ने अबतक इस सीरीज में 3393 रन बनाए** - भारत ने अब तक इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 3393 रन बनाए हैं, जो कि किसी भी टेस्ट सीरीज में टीम का बेस्ट बैटिंग परफॉर्मेंस है। यह 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों की घरेलू सीरीज में बनाए गए 3270 रनों से ज्यादा है। 1995 के बाद यह किसी भी टीम द्वारा एक टेस्ट सीरीज में बने सबसे ज्यादा रन हैं।
6. **करुण ने 3149 दिन बाद 50+ का स्कोर बनाया** - करुण नायर ने 2016 में अपने तिहरे शतक के 3149 दिन बाद किसी टेस्ट पारी में 50+ का स्कोर बनाया। यह भारत के लिए किसी बल्लेबाज द्वारा दो 50+ स्कोर के बीच का दूसरा सबसे लंबा गैप है। इससे पहले सबसे लंबा गैप पार्थिव पटेल का है, जिन्होंने अक्टूबर 2004 में 54 रन और नवंबर 2016 में 67* रन के बीच 4426 दिन लिए थे।
7. **अपने ही कॉल पर रन आउट हुए शुभमन** - 28वें ओवर में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल रन आउट हो गए। ओवर की दूसरी बॉल गस एटकिंसन ने गुड लेंथ पर फेंकी। शुभमन ने डिफेंस किया और रन लेने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन नॉन स्ट्राइकर एंड पर साई सुदर्शन ने उन्हें मना कर दिया। शुभमन वापस लौटने लगे, इतने में एटकिंसन ने गेंद उठाई और स्टंप्स को मार दी। गिल 21 रन बनाकर आउट हुए।



| प्लेयर | रन | टेस्ट | कब |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल, IND | 743 | 5 | 2025 |
| गैरी सोबर्स, WI | 722 | 5 | 1966 |
| गैरी स्मिथ, SA | 714 | 5 | 2003 |
| एलन बॉर्डर, AUS | 597 | 6 | 1985 |
| विराट कोहली, IND | 593 | 5 | 2018 |

# इंग्लिश पेसर क्रिस वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर हुए

### भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन चोटिल हुए थे, बाउंड्री बचाने में कंधे में चोट लगी

**ओवल (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन इंग्लैंड टीम को बड़ा झटका लगा। टीम के पेसर क्रिस वोक्स इंजर्ड हो गए और वे अब कंधे की चोट के कारण बचे हुए मैच से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



**57वें ओवर में चोटिल हुए वोक्स** - वोक्स को यह चोट पहले दिन भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में लगी। मिड-ऑफ पर फिल्डिंग कर रहे वोक्स ने बाउंड्री पर ड्राइव लगाया और चौका बचाने में कामयाब रहे। लेकिन चौका बचाने के दौरान वे अजीब तरह से गिरे और कंधा चोटिल कर बैठे। तभी इंग्लैंड के फिजियो बेन डेविस दौड़कर मैदान पर आए और चोट की जांच की। इसके बाद वे बाएं हाथ को एक अपने जंपर की स्लिंग में बांधकर मेडिकल जांच के लिए मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वोक्स को स्कैन के लिए ले जाया गया था।वोक्स को यह चोट पहले दिन भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में लगी। वे मिड-ऑफ पर चौका बचाने में कंधा चोटिल करा बैठे।

**देखने से तो यह ठीक नहीं लग रहा- एटकिंसन** - पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद इंग्लिश पेसर गस एटकिंसन ने कहा था, मुझे चोट के बारे में अभी ज्यादा कुछ नहीं पता है, लेकिन देखने से तो यह ठीक नहीं लग रहा है। यह सीरीज का आखिरी मैच है और जब कोई भी खिलाड़ी चोटिल होता है, तो यह दुखद होता है। मैं उम्मीद करता हूं कि यह गंभीर न हो। उन्हें टीम का पूरा सपोर्ट मिलेगा। भारत के खिलाफ इस सीरीज में वोक्स का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने अब तक 5 मैचों की 9 पारियों में 11 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर 3/84 रहा है।

# चहल बोले-धनश्री से तलाक के समय सुसाइड का ख्याल आया

### सिर्फ 2 घंटे सोता था, मैदान पर मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने हाल ही में राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी पूर्व पत्नी, कोरियोग्राफर और इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा से तलाक के बाद के मानसिक तनाव का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि तलाक की प्रक्रिया के दौरान वह एक महीने तक केवल दो घंटे ही सो पाए और उनके मन में आत्महत्या के विचार आए। चहल ने कहा, मैंने अपने दोस्तों से यह बात साझा की। मुझे क्रिकेट से ब्रेक चाहिए था। मैदान पर भी मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था। चहल और धनश्री के तलाक को 20 मार्च 2025 को मुंबई की फैमिली कोर्ट ने मंजूरी दी थी। दोनों ने 11 दिसंबर 2020 को शादी की थी।युजवेंद्र चहल ने 11 दिसंबर 2020 में कोरियोग्राफर और इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा से शादी की थी।

**सोशल मीडिया पर साथ रहने का करते थे दिखावा** - चहल ने बताया कि उनका तलाक अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह एक लंबी और निजी प्रक्रिया थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों को छिपाकर सामान्य जोड़े की तरह दिखने की कोशिश की। चहल ने कहा, हमने फैसला किया था कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, हम कुछ नहीं कहेंगे। सोशल मीडिया पर हम सामान्य जोड़े की तरह दिखते थे, लेकिन मैं दिखावा कर रहा था।

**महत्वाकांक्षी जिंदगियों में तालमेल की कमी** -चहल ने बताया कि उनकी और धनश्री की महत्वाकांक्षी जिंदगियों के कारण उनके बीच तालमेल नहीं बैठ पाया। उन्होंने कहा, रिश्ते में समझौता जरूरी है। अगर एक गुस्से में हो, तो दूसरे को सुनना पड़ता है। दो महत्वाकांक्षी लोग साथ रह सकते हैं, लेकिन सबके अपने लक्ष्य और जिंदगी होती है।



**अफवाहों पर चहल का जवाब** - तलाक के दौरान चहल के खिलाफ धोखेबाजी की अफवाहें फैलीं। उन्होंने दुख जताते हुए कहा, लोगों ने मुझे धोखेबाज कहा, लेकिन मैंने कभी धोखा नहीं दिया। मैं बहुत वफादार इंसान हूं। सिर्फ किसी के साथ दिखने से लोग अफवाह फैलाते हैं। मेरी दो बहनें हैं, मुझे महिलाओं का सम्मान करना आता है।

**कपिल शर्मा शो में नए रिलेशनशिप पर बात की** -चहल ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आरजे महवश के साथ अपने रिलेशनशिप को स्वीकार किया। शो में कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा ने उनकी खिंचाई की। कीकू ने चहल की शर्ट पर लिपस्टिक मार्क दिखाकर पूछा, ये क्या चल रहा है? चहल ने हंसते हुए जवाब दिया, इंडिया जान चुका है। इस दौरान ऋषभ पंत ने मजाक में कहा, फ्री है न अब, थोड़ा ये चहल और धनश्री की लव स्टोरीधनश्री ने झलक दिखला जा-11 में बताया था कि मई-जून 2020 के लॉकडाउन में चहल ने उनसे डांस सीखने के लिए संपर्क किया था। यहीं से दोनों की प्रेम कहानी शुरू हुई और 11 दिसंबर 2020 को शादी हुई। हालांकि, जून 2022 से उनके रिश्ते में दरार आ गई। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया और चहल ने धनश्री के साथ तस्वीरें हटा दीं।


**तलाक की कानूनी प्रक्रिया-** फरवरी 2025 में दोनों ने मुंबई की फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दी। कोर्ट ने छह महीने का कूलिंग-ऑफ पीरियड दिया, जिसके खिलाफ चहल ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील की। 19 मार्च 2025 को हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट को अगले दिन फैसला सुनाने का आदेश दिया। 20 मार्च 2025 को तलाक को मंजूरी मिल गई।

**धनश्री कोरियोग्राफर और फेमस डेंटिस्ट हैं** - धनश्री वर्मा कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इसके अलावा फेमस डेंटिस्ट भी हैं। धनश्री टीवी के पॉपुलर डांस रिएलिटी शो झलक दिखला जा 11 में भी नजर आई थीं। धनश्री वर्मा इस डांस रिएलिटी शो के फाइनल तक पहुंची थीं। यूट्यूब चैनल पर उनके 27.90 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम पर 63 लाख फॉलोअर्स हैं।

# मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे

### 14 दिसंबर को मुंबई में एक इवेंट में शामिल होंगे, तीन शहरों का दौरा करेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। मेसी 14 साल के लंबे समय के बाद भारत आ रहे हैं। वो 13 से 15 दिसंबर तक भारत में रहेंगे और कुल तीन शहरों का दौरा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी 13 से 15 दिसंबर तक कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम 14 दिसंबर को एक इवेंट में शामिल होंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि कुछ क्रिकेटर्स भी इस इवेंट में शामिल होंगे।



**ईडन गार्डन्स स्टेडियम भी जाएंगे** -इसके अलावा मेसी कोलकाता भी जाएंगे और वहां उनको ईडन गार्डन में सम्मानित किया जाएगा। इस इवेंट में वेस्ट बंगाल की चीफ मिनिस्टर ममता बनर्जी भी शामिल हो सकती हैं। मेसी कोलकाता में बच्चों के लिए एक फुटबॉल वर्कशॉप भी आयोजित करवाएंगे और साथ ही वो फुटबॉल क्लिनिक भी लॉन्च करेंगे।

**फ्रेंडली मैच भी खेलेंगे** - इससे पहले, 6 जून को केरल के स्पोर्ट्स मिनिस्टर वी. अब्दुरहीमन नहीं इस बात की पुष्टि की थी कि अर्जेंटीना फुटबॉल टीम जिनकी कप्तानी लियोनेल मेसी करेंगे वो अक्टूबर या नवंबर में केरल एक फ्रेंडली मैच खेलने आएंगे। ये मुकाबला तिरुवंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। केरल सरकार से इसकी बात हो चुकी है।

**साल 2011 में भारत आए थे मेसी** -मेसी सहित अर्जेंटीना फुटबॉल टीम पिछली बार 2011 में वेनेजुएला के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए भारत आई थी। अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच यह मैच 2 सितंबर को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में मेसी के असिस्ट से निकोलस ओटामेंडी ने दूसरे हाफ में हेडर से गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 से जीत दिलाई थी।

**अर्जेंटीना मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन** - अर्जेंटीना मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन है। टीम ने 2022 में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर खिताब जीता था।

# पाक ने वेस्टइंडीज को पहले टी-20 में हराया

### अयूब ने 57 रन, 2 विकेट लिए; नवाज ने 3 विकेट झटके

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज दौरे की शुरुआत जीत के साथ की है। पाकिस्तान ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।ॉ पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 178 रन बनाए, जबकि 179 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 7 विकेट पर 164 रन ही बना सकी। सईम अयूब की अर्धशतकीय पारी और मोहम्मद नवाज की शानदार गेंदबाजी ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**सईम अयूब और फखर जमान की अहम साझेदारी** -टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान 12 गेंदों पर 14 रन बनाकर 26 के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सईम अयूब और फखर जमान ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 81 रन की शानदार साझेदारी की।

# बैडमिंटन-थारुन मन्नेपल्ली पहली बार बीडब्ल्यूएफ सुपर-300 के सेमीफाइनल में

### 75 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में चीनी खिलाड़ी को हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी थारुन मन्नेपल्ली ने शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने चीन के हु झे के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से जीत हासिल की। यह मैच 75 मिनट तक चला।



**पहली बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे** - यह थारुन का पहला मौका है जब वे किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले, फरवरी में वे जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे।

**पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी की** - मैच की शुरुआत में थारुन पहले गेम में 4-7 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की और स्कोर को 12-9 तक पहुंचाया। इसके बाद, उन्होंने लगातार छह अंक हासिल कर 15-11 से बढ़त बनाई और पहला गेम 21-12 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में हु झे ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने 6-2 की बढ़त बनाई और फिर 15-6 तक स्कोर को बढ़ाया। थारुन इस गेम में वापसी नहीं कर सके और हु ने इसे 21-13 से जीत लिया। निर्णायक तीसरे गेम में थारुन ने शुरू से ही दबदबा बनाया और 5-0 की बढ़त ले ली। उन्होंने 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, आखिरी पलों में मुकाबला रोमांचक हो गया जब हु ने लगातार तीन अंक हासिल किए।

# साई किशोर और यजुवेंद्र चहल का काउंटी चैंपियनशिप में जलवा, दोनों ने झटके 5-5 विकेट

**लंदन (एजेंसी)।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। साई किशोर के पंजे की बदौलत सरी ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिबात जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है।

इस मैच के दौरान सरी के लिए खेल रहे साई किशोर ने दूसरी पारी में 72 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि सैम करन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे।

इस जीत से सरी को 21 अंक मिले, जिससे डिविजन-वन की अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी पकड़ भी मजबूत हो गई है और वे लगातार चौथा खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं डरहम को सिर्फ तीन अंक मिले, जिससे उनके रेलिगेशन की चिंता का विषय बनी हुई है। डरहम की दूसरी पारी में ग्राहम क्लाक (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद साई किशोर और सैम करन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट 33 रन देकर उनकी को समेट दिया।

इसके बाद सरी को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स (24) और रियान पटेल (28) ने भी उपयोगी सहयोग के बाद लक्ष्य की ओर तजी करन और डैन लॉरेंस (नाबाद 32) ने दिखाई। जब लक्ष्य मात्र नौ



रन दूर था, तब करन लॉन्ग ऑन पर कैच हुए और अगले ही ओवर में बेन फोक्स भी बोल्ड हो गए, लेकिन जॉर्डन क्लाक ने पहली ही गेंद को कवर के पार दो रन के लिए खेलकर सरी की जीत पक्की कर दी। यह साई किशोर का सरी के लिए इस सीजन का आखिरी मैच था और उन्होंने इसे अपने पंजे के साथ यादगार बना दिया। चहल की भी बेहतरीन गेंदबाजी की।

वहीं नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब कीओघ की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युज़वेंद्र की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्पटनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई।

इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### पटना जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता 11 अगस्त से

पटना। पटना जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 11 से 14 अगस्त तक पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में की जायेगी। यह निर्णय श्री समीर सौरभ भा.प्र.से उपविकास आयुक्त, पटना की अध्यक्षता में समपन्न आयोजन समिति की बैठक में लिया गया। इस बैठक में हुए निर्णय के आलोक में जानकारी देते हुए श्री ओम प्रकाश जिला खेल पदाधिकारी, पटना ने बताया कि 11 से 12 अगस्त तक अंडर-16 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका जबकि 13 से 14 अगस्त तक अंडर-14 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका के विभिन्न खेलों /स्पर्धाएं आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता के संचालन हेतु 54 तकनीकी पदाधिकारियों की सेवाएं ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी खेलो एवं स्पर्धाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र के साथ- साथ नगद पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रखंड से चयनित कुल 77 खिलाड़ी (बालक व बालिका) तथा 8 दल प्रभारी हिस्सा लेंगे। जो बालक एवं बालिका के अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग में एथलेटिक्स (60 मी0,100 मी0, 600 मी0, 800 मी0 दौड़, लंबी कूद एवं क्रिकेट बॉल थ्रो), साईकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रखण्ड स्तरीय टीम/खिलाड़ियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी की होगी तथा निदेश दिया गया कि बालक टीम के साथ पुरुष शिक्षक एवं महिला टीम के साथ महिला शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की जाए। सभी प्रतिभागियों को अपने साथ विद्यालय का पहचान पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं बैंक खाता विवरण (बैंक का नाम, खाता संख्या, आईएफएस कोड) लाना अनिवार्य होगा। सभी प्रतिभागी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराया गए टीशर्ट पहन कर ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। सभी टीमें के आवासन और भोजन की व्यवस्था पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग स्थित खेल छात्रावास में किया जाएगा।

### बिक्रम में रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने देशी कट्टा किया बरामद

बिक्रम। थाना क्षेत्र के दनाड़ा गांव के पास सड़क के किनारे झाड़ी से बिक्रम पुलिस ने गुरुवार के रात गश्ती के दौरान एक देशी कट्टा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात्रि पहर सशस्त्र बल के साथ गश्ती के दौरान दनारा गांव से पहले पीपल पेड़ के पास एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को आते देखकर भागने लगा और झाड़ी में छिप गया। इस दौरान सअनि यासीन अंसारी सशस्त्र बलों के साथ गश्ती पर थे, पुलिस के मुताबिक पुलिस को अपनी ओर आते देख अज्ञात व्यक्ति धान के खेत में घुसते हुए भागने में सफल रहा।

### चेतन आनंद, उनकी पत्नी व सहयोगियों के मामले में एम्स पटना ने रखा अपना पक्ष

पटना। ट्रॉमा सर्जरी में चेतन आनंद और उनकी पत्नी तथा उनके सहयोगियों के बीच 30 जुलाई को रात 11 बजे के बाद भर्ती एक मरीज के संबंध में रेजिडेंट डॉक्टर और सुरक्षा गार्डों के साथ एक घटना घटी। उपलब्ध जानकारी और गवाहों के बयान के अनुसार, यह घटना अनुचित प्रतीत होती है। इस संबंध में, प्रशासन द्वारा एक तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया गया है ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा, इस संबंध में कार्रवाई तथ्यान्वेषी समिति द्वारा सक्षम प्राधिकारी को अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के बाद की जाएगी। घटना के विभिन्न संस्करण प्रसारित हो रहे हैं, जिन्हें आगे कोई भी टिप्पणी करने से पहले सत्यापित किया जाना आवश्यक है। संस्थान संकायों, रेजिडेंट डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रेल पहिया कारखाना का मनाया गया 11 वां स्थापना दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

दरियापुर। रेल पहिया कारखाना बेला का ग्यारहवां स्थापना दिवस भव्य समारोह पूर्वक मनाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल्य सिन्हा के द्वारा कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का उद्घाटन करने के साथ ही सभी कार्यक्रमों का नेतृत्व भी किया गया।समारोह की शुरूआत तकनीकी संगोष्ठी के उद्घाटन से हुई जिसमें अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने भाग लिया और पहिया के उत्पादन तथा गुणवत्ता आश्वासन में नवाचारों पर विचार विमर्श किया गया।गत ग्यारह वर्षों में कारखाने की प्रगति में महत्वपूर्ण



योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह एवं स्थापना दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं राजभाषा हिंदी पत्रिका बेला के दूसरे संस्करण का विमोचन भी किया गया।इसके साथ ही लैंडल परी हिट स्टेशन को पाइप्ड नेचुरल गैस से प्रज्वलित किया गया।जो संयंत्र में स्वच्छ एवं अधिक कुशल ऊर्जा उपयोग की दिशा में एक बड़ी पहल साबित होगी।भारवहन के क्षेत्र में एनआरसी पहियों की खेप को भी मुख्य अतिथि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह रेल पहिया कारखाना बेला की भारतीय रेलवे की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है।इस अवसर पर कर्मचारियों की सुविधाओं के विस्तार के तहत नवनिर्मित चालक विश्राम गृह,बीटीआई में क्वालिटी गैलरी,स्टाफ गेस्ट हाउस,पॉलिक्लिनिक में मल्टी पैरामीटर मॉनिटर समेत कई योजनाओं का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम के संबोधन में मुख्य अतिथि ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।

# कई स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में किया गया विस्तार

प्रात: किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन हेतु गया, दानापुर, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा से दिल्ली/आनंद विहार के लिए, धनबाद से जम्मूतवी एवं चंडीगढ़ के लिए तथा राजगीर से हरिद्वार एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 03697 गया-दिल्ली स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब गया से 01.08.2025 से 15.08.2025 तक रविवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी ।
2. गाड़ी सं. 03698 दिल्ली-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 02.08.2025 से 16.08.2025 तक सोमवार छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी ।
3. गाड़ी सं. 02397 गया-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब गया से 03.08.2025 एवं 10.08.2025 को (रविवार) को चलायी जाएगी ।
4. गाड़ी सं. 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 04.08.2025 एवं 11.08.2025 को (सोमवार) को चलायी जाएगी ।
5. गाड़ी सं. 03257 दानापुर-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब दानापुर से 03.08.2025 एवं 10.08.2025 को (रविवार) को चलायी जाएगी ।
6. गाड़ी सं. 03258 आनंद विहार-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 04.08.2025 एवं 11.08.2025 को (सोमवार) को चलायी जाएगी ।
7. गाड़ी सं. 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब मुजफ्फरपुर से 02.08.2025 एवं 09.08.2025 को (शनिवार) को चलायी जाएगी ।
8. गाड़ी सं. 05220 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 03.08.2025 एवं 10.08.2025 को (रविवार) को चलायी जाएगी ।
9. गाड़ी सं. 03223 राजगीर-हरिद्वार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब राजगीर से 01.08.2025 से 15.08.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जाएगी ।
10. गाड़ी सं. 03224 हरिद्वार-राजगीर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब हरिद्वार से 02.08.2025 से 16.08.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जाएगी ।
11. गाड़ी सं. 03221 राजगीर-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब राजगीर से 04.08.2025 एवं 11.08.2025 को (सोमवार) को चलायी जाएगी ।
12. गाड़ी सं. 03222 शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-राजगीर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन से 06.08.2025 एवं 13.08.2025 को (बुधवार) को चलायी जाएगी ।
13. गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब धनबाद से 02.08.2025 से 12.08.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को चलायी जाएगी ।
14. गाड़ी सं. 03310 जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब जम्मूतवी से 03.08.2025 से 13.08.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को चलायी जाएगी ।
15. गाड़ी सं. 03311 धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब धनबाद से 01.08.2025 से 15.08.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को चलायी जाएगी ।
16. गाड़ी सं. 03312 जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब चंडीगढ़ से 03.08.2025 से 17.08.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को चलायी जाएगी ।

सहरसा और आनंद विहार के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 05579/80 सहरसा-आनंद विहार-सहरसा स्पेशल का परिचालन विस्तार पूर्णिया कोर्ट तक करते हुए सप्ताह में चार दिन चलायी जाएगी तथा सहरसा और आनंद विहार के मध्य 05575/05576 स्पेशल सप्ताह में एक दिन चलायी जाएगी जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 05579 पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार स्पेशल - यह स्पेशल 01.08.2025 से 15.08.2025 तक सप्ताह में चार दिन शुक्र, रवि सोम, मंगलवार को पूर्णिया कोर्ट से 16.30 बजे खुलकर 19.40 बजे सहरसा रूकते हुए तीसरे दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।
2. गाड़ी सं. 05580 आनंद विहार-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल - यह स्पेशल 03.08.2025 से 17.08.2025 तक सप्ताह में चार दिन रवि, शुक्र, बुध एवं गुरूवार को आनंद विहार से 05.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे सहरसा रूकते हुए 13.45 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी ।
3. गाड़ी सं. 05575 सहरसा-आनंद विहार स्पेशल - यह स्पेशल 06.08.2025 एवं 13.08.2025 (बुधवार) को सहरसा से 20.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।
4. गाड़ी सं. 05576 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल - यह स्पेशल 05.08.2025 एवं 12.08.2025 (मंगलवार) को आनंद विहार से 05.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी ।

## दानापुर-भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

पटना/हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर और भागलपुर के मध्य चलायी जा रही 03233/03234 श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है ।

विस्तारित अवधि के दौरान गाड़ी सं. 03234 दानापुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल अब 02 एवं 04 अगस्त को तथा गाड़ी सं. 03233 भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल 03 एवं 05 अगस्त, 2025 को भी परिचालित की जाएगी ।

विदित हो कि गाड़ी सं. 03234 दानापुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल दानापुर से 15.30 बजे खुलकर 22 बजे भागलपुर पहुंचती है तथा गाड़ी सं. 03233 भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल 01 बजे खुलकर 07.50 बजे दानापुर पहुंचती है ।

# लोक गायिका नीतू नवगीत बनी गंगा स्वच्छता मिशन के ब्रांड एंबेसडर

- कहा, सहयोग से चलाया जाएगा नमामि गंगे अभियान

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार शहरी अवसंरचना विकास निगम ने लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत को गंगा स्वच्छता मिशन के तहत ब्रांड एंबेसडर बनाया है ।बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पाराशर ने राज्य की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत को नमामि गंगे अभियान के तहत गंगा नदी की स्वच्छता हेतु प्रचार-प्रसार करने के लिए अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया है जिसका प्रमाण पत्र नीतू कुमारी नवगीत को सौंपा गया है। इस दायित्व को मिलने के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि लोकगीत एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे समाज के सभी वर्गों को किसी उद्देश्य विशेष के लिए आसानी से जागरूक किया जा सकता है। बिहार में लोकगीतों की समृद्ध परंपरा रही है। अनेक लोकगीत मां गंगा को भी समर्पित हैं। भारतीय जीवन दर्शन में प्रकृति की पूजा का विशेष महत्व है। हम प्राचीन काल से नदियों की पूजा भी करते आए हैं जिनमें गंगा नदी सबसे प्रमुख है। नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि गंगा नदी न सिर्फ देश की जीवन रेखा है बल्कि विभिन्न तीर्थ में सर्वोत्तम तीर्थ का स्थान भी इस नदी को प्राप्त है। हरिद्वार काशी और पटना जैसे धार्मिक महत्व के अनेक नगर इस नदी के तट पर बसे हुए हैं। पूरी आर्य सनातन वैदिक संस्कृति का विकास गंगा नदी के तट पर ही हुआ और इसीलिए यह नदी भारतीय संस्कृति का मूलाधार बनी। गंगा नदी को स्वच्छ बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है क्योंकि यह मोक्षदायिनी भी है और सुरसरिता भी। गंगा जी की महिमा अपरंपार है। बुडको और इसके प्रबंध निदेशक को धन्यवाद देते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि जो यह बड़ी जिम्मेदारी मुझे मिली है, उसे पूरा करने के लिए सबकी भागीदारी और सबका सहयोग लेते हुए वह काम करेंगी।

# बिक्रम नपं के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को व्यवसायियों ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रम। बिक्रम व्यवसायिक एकता संघ के सदस्यों ने गुरुवार के शाम संगठन के सदस्य रवि प्रकाश की अध्यक्षता में एक समारोह आयोजित कर नपं के सभी नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया` मौके पर आयोजित समारोह का संचालन पूर्व मुखिया तनवीर अहमद नियाजी एवं धन्यवाद ज्ञापन संगठन सचिव दशरथ वर्मा ने की. वहीं नवनिर्वाचित मुख्य पार्षद मनिता देवी ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है` उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जनता से जुड़ी समस्या को लेकर आमसभा व जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निदान पर चर्चा कर विकासात्मक कार्य की जाएगी. मौके पर स्थानीय व्यवसायियों ने मुख्य पार्षद मनिता देवी, उप मुख्य पार्षद गुड़िया देवी, निवर्तमान उप मुख्य पार्षद उदय शंकर, बीस सूत्री अध्यक्ष अभिषेक रंजन मोंटी, पार्षद संतोष कुमार,



अभिजीत कुमार उर्फ रिशु, गायत्री देवी, स्मिता गुप्ता, रेणु देवी, आशा देवी , मोहम्मद दानिश, दुकानदार सौरभ चंद्रा, दिनेश कुमार, देवराज ऋषि, सोनू, शगुफ्ता यास्मीन, गोपाल, सुनील, दिलीप पेंटर, डॉ प्रभात कुमार, गुलाटी , विश्वनाथ गुप्ता, पप्पू फेरी सहित अन्यों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ आदि देकर सम्मानित किया ।

# किलकारी बिहार बाल भवन में ध्यानचंद स्मृति बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 24 से

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। जिले के किलकारी बिहार बाल भवन में बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तकनीकी सहयोग से 16वीं ध्यानचंद स्मृति बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 28 अगस्त तक किया जायेगा। उक्त बाबत जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि प्रतियोगिता में 10 बालक व 10 बालिका टीमों को खेलने की अनुमति दी जायेगी। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति दी जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के पास आधार कार्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिये। प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु किलकारी के प्रशिक्षक राहुल कुमार के देखरेख में आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गयी है। प्रतियोगिता के बालक व बालिका दोनों वर्गों में विजेता,उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी व आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ-साथ प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉक आउट आधार पर खेली जायेगी।

# नगर विकास प्रधान सचिव अभय कुमार सिंह से मिलकर वन देवी धाम का प्रसाद व चुनरी भेंट की

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहटा निवासी पत्रकार अमित्रजीत ने शुक्रवार को नगर विकास सचिव अभय कुमार सिंह से सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें वन देवी धाम का चुनरी और प्रसाद समर्पित किया । वहीं अभय कुमार ने कहा कि आज भी उन्हें वन देवी के प्रति गहरी आस्था और लगाव है। वे 2013 से ही माता के परम भक्तों में एक हैं वे सदैव वन देवी धाम जाते रहे हैं, वन देवी के प्रति उनकी अटूट आस्था है वहीं पत्रकार अमित्रजीत ने कहा कि अभय कुमार सिंह वन देवी धाम के परम भक्तों में से एक है 2013 से ही धाम



आते रहते हैं । उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रतिन्यूक्ति पर रहने के बावजूद भी वे वन देवी से जुड़े रहे । उन्होंने कहा कि धाम से जुड़े वैसे भक्त जो सावन माह में धाम आने में असमर्थ हैं दूर है वे प्रसाद मंगा कर ग्रहण करते है । इसी कड़ी में उन्हें आज धाम का प्रसाद समर्पित किया गया ।

# नीतीश सरकार की पहल से विपक्ष की थोथी घोषणाएं हुईं धराशाही: संतोष सुमन

- घोषणाओं के त्वरित कार्यान्वयन से विपक्ष की बोलती बंद, जनता में बढ़ा भरोसा

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि बिहार में नीतीश सरकार की पहल से विपक्ष की थोथी और खोखली घोषणायें धराशाही हो गई हैं। नीतीश सरकार केवल न्याय के साथ विकास ही नहीं,प्रदेश के हर वर्ग और नागरिक के सम्मान की भी गारंटी है। डॉ. सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्यरत रसोइयों का मानदेय 1650 रुपये से बढ़ा कर 3300 रुपए, नाइट गार्ड का मानदेय 5000 रुपए से बढ़ा कर 10000 रुपये और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8 हजार से बढ़ा कर 16 हजार रुपये करने का एलान कर विपक्ष को मुद्दाविहीन बना दिया



है।उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार केवल घोषणाएं ही नहीं कर रही है, बल्कि उस पर अमल भी कर रही है। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्ध, विधवा व दिव्यांगों की पेंशन राशि 400 से बढ़ा कर 1100 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की और पिछले माह की 11 तारीख को 1.11 करोड़ लाभार्थियों के खाते में बढ़ी हुई राशि पहुंच गई। श्री सुमन ने कहा कि आशा और ममता कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाने, दीदी की रसोई में 40 की जगह 20 रुपए में भोजन की थाली देने, दिव्यांगों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, 8 हजार से अधिक पंचायतों में कन्या विवाह भवन बनाने, पत्रकारों की पेंशन बढ़कर 15 हजार करने की घोषणाएं सरकार की सर्वस्पर्शी लोकहितकारी प्रयास को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा युवाओं को इंटर्नशिप के लिए 6 हजार देने, 5 साल में 1 करोड़ नौकरियां देने, प्रदेश के 1.67 करोड़ परिवारों को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली फ्री देने, गुरु-शिष्य परंपरा योजना की मंजूरी,आंगनबाड़ी सेविका को फोन खरीदने के लिए मिलेंगे 11,000 रुपए देने, सरकारी नौकरी में बिहार की बेटियों के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू करने, महिलाओं को 35% आरक्षण,नई बस खरीदने पर 20 लाख तक अनुदान देने जैसी पहल से सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण और हित का मार्ग प्रशस्त किया है।इसीलिए आज पूरे बिहार में एक ही नारा गूंज रहा है, एनडीए सरकार को फिर लाना है, बिहार को प्रगति पथ पर आगे बढ़ना है।

# सावन में जलाभिषेक से प्रसन्न होते हैं पोखरेश्वर महादेव, पूरी होती है हर मन्नतें

प्रात: किरण संवाददाताҌ

बिक्रम। भगवान शंकर यूं तो आराधना से प्रसन्न होते हैं, लेकिन सावन मास में जलाभिषेक व रुद्राभिषेक का बड़ा महत्व है। वेद मंत्रों के साथ भगवान शंकर को जलधारा अर्पित करना साधक के आध्यात्मिक जीवन के लिए महा औषधि के समान है। पांच तत्वों में जल तत्व बहुत महत्वपूर्ण है। पुराणों में शिव के अभिषेक का विशेष महत्व है। जल में भगवान विष्णु का वास है। जल का एक नाम नार भी है। इसलिए भगवान विष्णु को नारायण भी कहते हैं। जल से ही धरती का ताप दूर होता है। पटना जिले के बिक्रम प्रखंड के पैनापुर गाँव स्थित पोखरेश्वर नाथ महादेव मन्दिर कि ऐसी मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धालु सावन महिने में एक बार भी अगर भगवान शिव को जल



चढ़ाते हैं उनके रोग-शोक दुःख दरिद्र सभी नष्ट हो जाते हैं। मन्दिर न्यास समिति के लोगों व मन्दिर की आस्था से जुड़े श्रद्धालुओं की माने तो भगवान पोखरेश्वर को महादेव इसलिए कहा जाता है क्योंकि वह देव, दानव, यक्ष, किन्नर, नाग, मनुष्य, सभी द्वारा पूजे जाते हैं। श्रावण मास में इस मन्दिर में भोलेनाथ को जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती हैं। मुख्य पुजारी ने कहा कि शिव पुराण में भी उल्लेख है कि भगवान शिव स्वयं ही जल है। इसलिए जल से उनके अभिषेक रूप में आराधना उत्तमोत्तम फल है।इसमें कोई संशय नहीं है। जो जल समस्त जग के प्राणियों में जीवन का संचार करता है वह जल स्वयं उस परमात्मा शिव का रूप है।इसलिए जल का अपव्यय नहीं वरन उसका महत्व समझकर उसकी पूजा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सोमवार के व्रत व जलाभिषेक से से भगवान पोखरेश्वर महादेव प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और परेशानियों को दूर करते हैं। प्रदोष व्रत की तरह सोमवार व्रत में एक समय रात्रि में भोजन करना चाहिए।

दिन में फलाहार किया जा सकता है। व्रत संक साथ जल, गाय का दूध, दही, घी, मधु, शक्कर भोलेनाथ को अर्पित करें। इसके बाद वस्त्र, पुष्प, कुमकुम, अक्षत, बेल पत्र, भांग, धतूरा चढ़ाएं। धूप दीप दिखाकर हाथ धोकर मिठाई-फल भोग लगाकर पान, सुपारी व दक्षिणा के बाद भगवान शिव से प्रार्थना से सारी मन्नतें पूरी होती है ।

# विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में आवासित एक बालक को पश्चिम बंगाल के दंपत्ति ने लिया गोद

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी पटना के समक्ष महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दत्तक ग्रहण के संबंध में अरुणोदय, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में आवासित एक बालक को पश्चिम बंगाल के दंपत्ति द्वारा गोद लिया गया है। वर्तमान में पटना जिला में छः वर्ष से अधिक उम्र के कुल 18 बच्चों को दत्तकग्रहण प्रक्रिया से जोड़ा गया है। विगत तीन वर्षों में कुल 79 बच्चों को दत्तकग्रहण से जोड़ा गया है, जिसमें 65 वच्चे देश के भीतर एवं 14 बच्चों को अंतदेर्शीय दत्तकग्रहण से जोड़ा गया है, जिसमें विगत तीन वर्षों में 39 बालिकाओं को दत्तकग्रहण से जोड़ते हुए माता-पिता का सान्निध्य मिला। पूर्व में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया फैमिली कोर्ट से पूर्ण होती थी, प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 में संशोधन करते हुए जिलाधिकारी को दत्तक ग्रहण आदेश जारी करने हेतु प्राधिकृत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि वैसे बच्चे जिनके सर से माता-पिता का छाया



हट गया है, उनके जीवन में खुशी और माता-पिता का प्यार लौटाने के लिए पटना जिला प्रशासन आगे आया है। जिलाधिकारी ने अपील किया है, वैसे दंपति जो अनाथ बच्चों को गोद लेना चाहते है, उनके लिए जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

वैधानिक चेतावनीः-बच्चा हमेशा कानूनी प्रक्रिया द्वारा ही गोद लें।

सार्वजनिक जगहों यथा अस्पताल/बस स्टेंड/ रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर से सीधे गोद न लें। यह विधि-विरुद्ध एवं दण्डनीय अपराध है।

1. किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 एवं दत्तकग्रहण विनियम 2022 में निहित प्रावधानों एवं प्रक्रिया को अपनाए बिना किसी भी अनाथ अथवा परित्यक्त बच्चे को किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से गोद लेना/देना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए तीन साल तक का कारावास या 1 लाख रुपए का जुमार्ना अथवा दोनों हो सकता है। साथ ही किसी भी बच्चे को खरीदना बेचना एक दंडनीय अपराध है जिसके लिए 5 साल तक का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपय के दंड का प्रावधान है।

2. किसी भी अनाथ, परित्यक्त अथवा खोए हुए बच्चों के प्राप्त होने या सूचना मिलने पर संबंधित जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन सेवा (इमरजेंसी हेल्प लाइन नं०-1098), 112 (आपातकालीन सहायता नं०), नजदीकी पुलिस स्टेशन को दे। संबंधित जानकारी बाल कल्याण समिति, अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई को आवश्यक रूप से दें। ऐसा नहीं करना दंडनीय अपराध है जिसके लिए दस हजार रुपए का अर्थदंड या छः महीने तक की सजा अथवा दोनों हो सकता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129